CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31° C
न्यूनतम : 23° C

हल्द्वानी, मंगलवार 19 अगस्त 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 358 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 24 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




नकली खाद व बीज की बिक्री पर कड़ी कार्रवाई होगी पेज 2



डायमंड लीग फाइनल में हिस्सा लेंगे नीरज खेल टाइम्स



बिहारी जी कॉरिडोर का विवाद सम्पादकीय



यूक्रेन नाटों में शामिल नहीं होगा: ट्रम्प पेज 12

# ट्रैफिक जाम 12 घंटे तक रहे तो टोल क्यों दें: सुप्रीम कोर्ट

## टोल वसूली पर NHAI की याचिका को लेकर शीर्ष कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की उस याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें केरल हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी।

हाईकोर्ट ने त्रिशूर जिले के पालएक्कारा टोल प्लाजा पर टोल वसूली को रोक दिया था। यह फैसला इसलिए लिया गया था, क्योंकि एनएच 544 (एडप्पल्ली- मान्नुथी हाईवे) की हालत खराब थी और यहां लंबे समय से भारी ट्रैफिक जाम की समस्या बनी हुई है। चीफ जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने सुनवाई के दौरान पूछा कि जब लोगों को 12-12 घंटे तक जाम में फंसना पड़ रहा है, तो उनसे टोल वसूलने का क्या -**शेष पृष्ठ दो पर**

### डेलकर की कथित आत्महत्या से संबंधित याचिका की खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सात बार के सांसद मोहन डेलकर की 2021 में कथित आत्महत्या के मामले में बॉम्बे उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली एक याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन तथा न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने मृतक के बेटे अभिनव मोहन डेलकर द्वारा उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ दायर याचिका खारिज की।



### प्रशिक्षु सैन्य कैडेटों के सेवामुक्त होने पर बीमा लाभ देने पर विचार करे केंद्र

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने विभिन्न सैन्य प्रतिष्ठानों में कमीशन अधिकारी बनने के लिए कठोर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कैडेटों को दिव्यांगता या गंभीर चोट लगने से संबंधित किसी भी आपातस्थिति से निपटने के लिए उन्हें बीमा दायरे में लाने की संभावना तलाशने के मामले में स्वत: संज्ञान सुनवाई करते हुए सोमवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने एक अंग्रेजी दैनिक अखबार के एक लेख पर स्वत: संज्ञान कार्यवाही करते हुए केंद्र सरकार को अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया।

### पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को सुप्रीम राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शिक्षा विभाग की नौकरी में कथित भ्रष्टाचार से संबंधित मामले में तीन साल से जेल में बंद पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और अन्य दो लोगों को सोमवार को राहत दी। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एनके सिंह की पीठ ने कहा कि सीबीआई की ओर से दर्ज इस मामले में निचली अदालत द्वारा दो माह के भीतर महत्वपूर्ण गवाहों के बयान दर्ज करने के बाद उन्हें जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए। पीठ ने इस मामले में पश्चिम बंगाल के शिक्षा विभाग के अधिकारी सुबीरेश भट्टाचार्य और शांति प्रसाद सिन्हा की भी जमानत मंजूर कर उन्हें राहत दी। शीर्ष अदालत ने राहत देते हुए इस तथ्य पर गौर किया कि चटर्जी लगभग तीन साल से जेल में बंद हैं।

### उप्र में स्कूलों को बंद करने पर विवाद: सुप्रीम कोर्ट ने याचिका ठुकराई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उप्र सरकार के 105 सरकारी प्राथमिक स्कूलों को अन्य स्कूलों के साथ जोड़ने के फैसले के खिलाफ 'आप' सांसद संजय सिंह की रिट याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। पीठ ने यह कहते हुए याचिका पर विचार करने से मना कर दिया कि यह मामला पहले से ही इलाहाबाद हाईकोर्ट के समक्ष लंबित हैं। पीठ ने उच्च न्यायालय को इस मामले का निपटारा शीघ्र करने को कहा।

# पुतिन ने मोदी से की फोन पर बात

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत यूक्रेन विवाद के शांतिपूर्ण समाधान का लगातार आह्वान करता रहा है और वह इस दिशा में किए जा रहे सभी प्रयासों का समर्थन करता है।

श्री मोदी ने सोमवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ टेलीफोन पर बातचीत के बाद यह बात कही। उन्होंने

### रूसी राष्ट्रपति ने की ट्रम्प से मुलाकात की जानकारी साझा

सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मेरे मित्र, राष्ट्रपति पुतिन को उनके फ़ोन कॉल और अलास्का में राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ उनकी हालिया मुलाक़ात के बारे में जानकारी साझा करने के लिए धन्यवाद। भारत ने यूक्रेन विवाद के शांतिपूर्ण समाधान का लगातार आह्वान किया है और इस संबंध में सभी प्रयासों का समर्थन करता है। मैं आने वाले दिनों में हमारे निरंतर आदान-प्रदान की आशा करता हूं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने भी बताया कि राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ फोन पर बात की है और उन्हें अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ अपनी मुलाकात के बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री मोदी ने संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत के दृढ़ रुख को रेखांकित किया।

# सीईसी के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी में विपक्ष

**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने पर विचार करने के लिए बैठक की।

सूत्रों के मुताबिक, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के कक्ष में कई विपक्षी नेताओं ने बैठक की और इस बात पर चर्चा की कि कैसे मुख्य चुनाव आयुक्त ने रविवार को उनकी ओर से उठाए गए किसी भी सवाल का जवाब दिए बिना एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। कुछ विपक्षी सांसदों का मानना है कि इस लड़ाई को आगे



बढ़ाया जाना चाहिए और उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने का सुझाव दिया। हालांकि, यह कदम चर्चा के चरण में है। विपक्षी दल फिर से मिलेंगे और इस पर आगे चर्चा करेंगे। दरअसल, एक दिन पहले यानी रविवार को ही चुनाव आयोग ने एक बड़ी प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इसमें सीईसी ज्ञानेश कुमार ने कहा था कि कुछ लोगों की तरफ से पीपीटी प्रेजेंटेशन में दिखाए आंकड़े चुनाव आयोग के नहीं हैं। उन्होंने साफ और स्पष्ट शब्दों में कहा था कि वोट चोरी के आरोपों पर हलफनामा दें या देश से माफी मांगें। तीसरा कोई विकल्प नहीं है। अगर सात दिन में हलफनामा नहीं मिला, तो आरोपों को निराधार समझा जाएगा। वोट चोरी के आरोपों के बीच विपक्षी दल संसद के मानसून सत्र में सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ -**शेष पृष्ठ दो पर**

### महाराष्ट्र- हरियाणा का चुनाव भाजपा ने चोरी से जीता: राहुल गांधी

**औरंगाबाद।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने औरंगाबाद में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अभी केवल मैंने इनकी चोरी पकड़ी है आने वाले समय में पूरी देश की जनता इनसे इनकी चोरी पर सवाल करेगी। बिहार में यह एसआईआर करके वोटों की चोरी करना चाहते हैं। एसआईआर का मतलब है नए तरीके से चोरी करना। नरेंद्र मोदी चोरी करके चुनाव जीते हैं, लेकिन बिहार की जनता यहां इनकी चोरी नहीं चलने देगी।




xmart
To book online visit auto.mahindra.com.

BAJRANG MOTORS
HALDWANI 7617595006 9997191416
PITHORAGARH 7060201577
ALMORA 9997051025
BAGESHWAR 8126177772
CHAMPAWAT 8126177778

KUMAR AUTOWHEELS PVT.LTD.
RUDRAPUR 8192835111 8449101234
KASHIPUR 8449904477
KHATIMA 8191899023
SITARGANJ 8193899109

## संक्षिप्त समाचार

### पिता ने दो बेटियों को नदी में फेंका, खुद भी लगाई छलांग


**जालौन।** उत्तर प्रदेश में जालौन जिले के रामपुरा क्षेत्र में घरेलू विवाद के चलते एक युवक ने सोमवार को अपनी दो मासूम बच्चियों को यमुना नदी में फेंक दिया और खुद भी छलांग लगा दी। क्षेत्राधिकारी माधवगढ़ अंबुज सिंह ने बताया कि मधेपुरा गांव निवासी रज्जन निषाद (28) शराब का आदी था और अक्सर पत्नी से झगड़ा करता रहता था। सोमवार को विवाद के बाद वह अपनी बेटियों सुनैना (6), अला (4) और छोटी (2) को लेकर जुहीका पुल पहुंचा। वहां पहुंचकर उसने पहले अला और छोटी को तेज धार में फेंक दिया। यह देखकर बड़ी बेटी सुनैना घबरा गई और पुल से भागकर जोर-जोर से रोने लगी। उसकी चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बच्ची से पूरी घटना की जानकारी ली। इसी बीच लोगों को आता देख रज्जन ने भी नदी में छलांग लगा दी।

### कांग्रेस ने किया मुख्य चुनाव आयुक्त के आवास का घेराव

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के आवास का घेराव किया और नारेबाजी की। आगरा की विजय नगर कॉलोनी में मुख्य चुनाव आयुक्त का आवास है, जहां आज सुबह कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में तख्ती लेकर पहुंच गए। तख्तियों पर आपत्तिजनक नारे लिखे हुए थे। मुख्य चुनाव आयुक्त के आवास की तरफ बढ़ रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोकने की कोशिश की। पुलिस और कांग्रेसियों के बीच तीखी झड़प भी हुई। इस बीच कांग्रेस समर्थक मुख्य चुनाव आयुक्त के आवास के बाहर पहुंच कर नारेबाजी करने लगे।

# फिलहाल भाजपा में शामिल नहीं होंगी पूजा पाल

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सपा से निष्कासित विधायक ने कहा: समर्थकों की राय पर ही उठाएंगी अगला कदम

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी से निष्कासित चायल विधानसभा क्षेत्र से विधायक पूजा पाल ने कहा है कि वह फिलहाल भाजपा में शामिल नहीं होंगी और अपने समुदाय के लोगों से चर्चा के बाद अगला राजनीतिक कदम उठाएंगी। उन्होंने हाल ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी।

पाल ने कहा कि वह अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी से जुड़ी हैं, मुलायम सिंह यादव की नहीं। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने समाजवादी पार्टी के लिए दरवाज़ा बंद कर दिया है, तो पाल ने कहा कि उन्होंने खुद ही दरवाज़ा बंद कर लिया है और यह अच्छी बात है। अगर मैं किसी पार्टी में शामिल होती हूं, तो वह 'विचारधारा' के आधार पर होगी और आपका विचार स्पष्ट होना चाहिए। विधायक ने कहा कि जब 2012 से 2017 तक अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली सरकार सत्ता में थी, तब पार्टी ने माफियाओं को दूर रखा था। पाल ने कहा कि मैं मुलायम सिंह यादव की समाजवादी पार्टी से नहीं जुड़ी थी। मैं अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी से जुड़ी थी, क्योंकि उन्होंने माफियाओं को दूर रखा था। उन्होंने कहा कि पार्टी ने गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद के बेटे असद अहमद के एनकाउंटर पर सवाल उठाए हैं, जिनकी 2023 में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अपने अगले राजनीतिक कदम के बारे में, तीन बार विधायक रहीं पाल ने कहा कि वह कोई भी फैसला लेने से पहले पाल समुदाय के सदस्यों से बात करेंगी। यह पूछे जाने पर कि क्या वह भाजपा में शामिल होने की योजना बना रही हैं, तो उन्होंने साफतौर पर कहा कि अभी नहीं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री कार्यालय और पाल, दोनों ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स पर इस मुलाकात की जानकारी दी। योगी आदित्यनाथ कार्यालय ने हिंदी में एक पोस्ट में कहा कि कौशाम्बी जिले के चायल विधानसभा क्षेत्र की माननीय विधायक पूजा पाल ने आज लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की।

# राष्ट्रपति ने शाहनवाज को सराहनीय सेवाओं के लिए पदक से नवाजा




शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ/ मुजफ्फरनगर।** 15 अगस्त 2025 को भारत की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने सहायक रेडियो अधिकारी (उत्तर प्रदेश) शाहनावाज हुसैन को सराहनीय सेवाओं के लिए पदक से नवाजा है यह पदक उन्हें मेरठ के वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक डॉ. विपिन टांडा द्वारा दिया गया है। बताया जाता है शाहनावाज हुसैन पिछले 9 माह पूर्व अलीगढ़ से सेवानिर्वत हुए थे, जबकि उन्हें 2021 में उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक द्वारा सराहनीय सेवाओं के लिए नवाजा गया था, जबकि 2022 में भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा अति उत्तकृष्ठ सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया था और 2025 में रिटायर होने के बाद भारत की राष्ट्रपति द्वारा सराहनीय सेवाओं के लिए नवाजा गया। शाहनावाज हुसैन बुलंदशहर, अमरोहा, सहारनपुर, मुरादाबाद, एटा व अलीगढ़ में अपनी सेवाएं पुलिस विभाग में दे चुके है। उनके शुभचिंतकों ने उन्हें मुबारकबाद दी है।

# भाजपा के इशारे पर काम करता है चुनाव आयोग: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो




**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर काम करता है। उन्होंने कहा कि जब से भाजपा की सरकार आई, तब से चुनाव में शिकायत पर उत्तर प्रदेश में कोई अधिकारी नहीं हटाया गया है।

समाजवादी सरकार की सरकार के समय चुनाव के समय कई अधिकारी हटा दिए गए थे। इसका मतलब है कि चुनाव आयोग भाजपा का कहना ज्यादा मानता है। हम चुनाव आयोग से शिकायत करते है, तो कोई कार्रवाई नहीं होती है। लगता है कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम करता है। यादव ने कहा कि भाजपा की छिबरामऊ से विधायक ने अपने बूथ पर 400 फर्जी वोट बनवाए थे। चुनाव आयोग को देखना चाहिए कि भाजपा के लोग अपने बूथों पर ज्यादा वोट क्यों बनवाते हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने आम चुनाव से लेकर उपचुनाव तक कई अधिकारियों की शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। 2017 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में कितने अधिकारी ट्रांसफर हुए थे, वहीं लोकसभा चुनाव 2019, विधानसभा चुनाव 2022 और लोकसभा चुनाव 2024 में शिकायत पर एक भी अधिकारी का ट्रांसफर नहीं हुए। 2014 लोकसभा चुनाव में तथा 2017 विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा चुनाव में जिस अधिकारी की शिकायत कर देती थी, उसका ट्रांसफर हो जाता था। भाजपा की सरकार के दौरान चुनाव में विपक्ष शिकायत करता रहा लेकिन अधिकारियों को नहीं हटाया गया। इस सबके लिखित दस्तावेज हैं।

# नकली खाद-बीज की बिक्री पर कड़ी कार्रवाई होगी

नई दिल्ली, वार्ता



■ केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज ने दिए वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को नकली खाद-बीज और कीटनाशक बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। चौहान यहां कृषि विभाग और भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर) के वरिष्ठ अधिकारियों की एक उच्चस्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बैठक में मौजूद अधिकारियों से कहा कि अगर खराब दवाई के कारण किसानों की फसलें खराब होती हैं, तो इसे पूरी गंभीरता से लिया जाना चाहिए। एक दो नहीं बल्कि सैकड़ों किसान नकली दवा और कीटनाशक के कारण बहुत परेशान हैं। चौहान ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि वह स्वयं किसानों के खेत पर जाकर देख चुके हैं कि खराब दवाई के चलते फसल चौपट हो गई। वास्तव में नकली खाद, बीज और कीटनाशक किसानों के लिए अभिशाप हैं। इसलिए अधिकारियों को चाहिए कि वे खेतों में खुद जाकर जांच करें। कृषि अधिकारियों को व्यापक पैमाने पर आकस्मिक छापेमारी का अभियान चला कर कार्रवाई करनी चाहिए।

## आरोपों का जवाब देने बजाय राहुल गांधी के सवालों को नकारा

# जिम्मेदारियों से भाग रहा चुनाव आयोग: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



सांसदों की आयोग की गतिविधियों पर नजर, उसके खिलाफ जरूरी कार्रवाई को लेकर कदम भी उठाया सकता है: गौरव गोगोई

कांग्रेस ने कहा है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी जब वोट चोरी के खिलाफ बिहार में वोटर अधिकार यात्रा की शुरुआत कर रहे थे, तो उसी समय चुनाव आयोग ने आरोपों का जवाब देने बजाय उनके सवालों को नकार दिया और जिम्मेदारी से भाग खड़ा हुआ है, लेकिन सांसदों की उसकी गतिविधियों पर नजर है और उसके खिलाफ जरूरी कार्रवाई को लेकर कदम भी उठाया जा सकता है।

कांग्रेस के गौरव गोगोई ने सोमवार को यहां कांस्टीट्यूशन क्लब में इंडिया गठबंधन के नेताओं के संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चुनाव आयोग सवालों का जवाब देने की बजाय जिम्मेदारियों से भाग रहा है, लेकिन सांसद उसकी गतिविधियों पर नजर रखेंगे और समय आने पर जरूरी करवाई को लेकर कदम भी उठाए जाएंगे। आयोग गांधी तथा अन्य राजनीतिक दलो के नेताओं के सवालों के जवाब नहीं दे पा रहा है और उल्टे राजनीतिक दलों पर सवाल उठा रहा है। आयोग जिम्मेदारियां से भाग रहा है और इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को बताना चाहिए कि वह 45 दिन में मतदान के फुटेज डिलीट क्यों कर देता है। चुनाव आयोग ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी को नकारा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयोग को अपनी कमियों को बताना चाहिए था और विपक्षी सवालों का जवाब देना चाहिए, लेकिन उसने इसके विपरीत रानीतिक दलों पर ही सवाल उठाया और एक तरह से सवाल उठाने वाले दलों पर पर आक्रमण किया। सवाल था कि बिहार में हड़बड़ी में मतदाता सूची पुनरीक्षण क्यो हो रहा है, महाराष्ट्र में मतदाता कैसे बढ़े, आधार की प्रमाणिकता के खिलाफ क्यों है आयोग, इन सवालों का जवाब नहीं दिया गया है। चुनाव आयोग की प्रेस वार्ता से स्पष्ट है की आयोग में ऐसे अधिकारी काम कर रहे हैं, जो निष्पक्ष नहीं है। ऐसे अधिकारी किसी भी तरह की शिकायत पर जांच के खिलाफ है।

### वोटर अधिकार यात्रा पर भाजपा का तीखा हमला

**नई दिल्ली।** भाजपा के मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए संबित पात्रा ने कहा कि जब से माननीय मोदी जी की सरकार बनी है, कांग्रेस पार्टी और विपक्ष के प्रेस के मुद्दे वही होते हैं और अब हम भी थक जाते हैं, उन्हीं प्रश्नों के जवाब देते-देते। जनता को लगता होगा कि कांग्रेस पार्टी और विपक्ष के लोगों की हताशा की सीमा इस कदर बढ़ गई है कि हमेशा चोर-चोर करते रहते हैं। संबित पात्रा ने आगे कहा कि राफेल के समय पर चौकीदार-चोर, अब वोट की चोरी, ए स्वाभाविक है, जिसके स्वभाव में जो होता है, उन शब्दों का प्रयोग वो बार-बार करता है। अब देखिए दो लड़के, यूपी में दो लड़के थे यहां भी दो लड़के हैं। दो लड़के ए जेल यात्रा, बेल यात्रा सबकुछ करने के बाद अब कौन सी यात्रा कर रहे हैं पता नहीं चोरी की यात्रा, कुछ नहीं होने वाला है। जनता जनार्दन है, सब कुछ जानती है।



सेंसेक्स 80597.66
निफ्टी 24938.20



सोना रु. 101406
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 114050
प्रति किलो



# जीएसटी सुधारों की घोषणा से उछला शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता



देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में अगले चरण के बड़े सुधारों की घोषणा के बाद सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी देखी गई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 808.13 अंक की तेजी के साथ 80,597.66 अंक पर खुला। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 भी 306.90 अंक की बढ़त में 24,938.20 अंक पर खुला। पहले आधे घंटे के कारोबार में ही सेंसेक्स 1,168 अंक चढ़ता हुआ 81,765.77 अंक पर पहुंच गया। खबर लिखे जाते समय यह 1,083.89 अंक यानी 1.34 प्रतिशत ऊपर 81,681.55 अंक पर था। पिछले कारोबारी दिवस पर यह 80,597.66 अंक पर बंद हुआ था।

निफ्टी-50 भी 25 हजार अंक के स्तर को पार करता हुआ 391 अंक की मजबूती के साथ 25,022 अंक तक पहुंच गया। खबर लिखे जाते समय यह 373.85 अंक यानी 1.52 प्रतिशत ऊपर 25,005.15 अंक पर था। पिछले कारोबारी दिवस पर यह 24,631.30 अंक पर बंद हुआ था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले से जीएसटी में अगली पीढ़ी के सुधारों की घोषणा की थी। इसमें ढांचागत सुधारों के अलावा जीएसटी में स्लैब की संख्या चार से घटाकर दो करने और आम लोगों के इस्तेमाल की चीजों पर कर कम करके उन्हें राहत देने की बात कही गयी है। इससे शेयर बाजारों में निवेश धारणा को मजबूती मिली है। ऑटो सेक्टरों में सबसे ज्यादा तेजी रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रियलिटी और बैंकिंग शेयरों में उछाल रहा। सेंसेक्स में मारुति सुजुकी के शेयर सबसे ज्यादा 7.5 फीसदी की बढ़त में थे।


# सोना-चांदी के दाम में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 18 अगस्त को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोना का दाम 400 रुपए गिरकर 99,623 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 1,00,023 रुपए पर था। वहीं 8 अगस्त को सोने ने 1,01,406 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं चांदी की कीमत आज 883 रुपए कम होकर 1,14,050 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,14,933 रुपए पर थी। वहीं 23 जुलाई को चांदी ने 1,15,850 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। भोपाल सहित 4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत- दिल्ली- 24 कैरेट सोने की कीमत 1,013,30 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900। मुंबई- 24 कैरेट सोने की कीमत घ1,01,180 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,750। कोलकाता- 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,180 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,750। चेन्नई- 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,180 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,750। भोपालरू 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,230 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,800 सोना इस साल अब तक 23,461 महंगा हुआ इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 23,461 रुपए बढ़कर 99,623 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 28,233 रुपए बढ़कर 1,14,050 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

# चावल महंगा, गेहूं सस्ता, खाद्य तेलों में घट-बढ़, दालें, चीनी मजबूत

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल की औसत कीमतों में तेजी रही, जबकि गेहूं में नरमी देखी गयी। चीनी और दालों के दाम भी बढ़ गए, जबकि खाद्य तेलों की कीमतों में उतार.चढ़ाव का रुख देखने को मिला। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अक्टूबर वायदा 49 रिंगिट की मजबूती के साथ 4,560 रिंगिट प्रति टन बोला गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ 52.95 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब 92 रुपए प्रति क्विंटल बढ़कर 3,835.08 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। वहीं, गेहूं नौ रुपए गिरकर 2,839.71 रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर बिका। आटा भी 11 रुपए सस्ता हुआ और 3,290.85 रुपए प्रति क्विंटल बोला गया।



सरसों तेल औसतन 258 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। मूंगफली तेल 32 रुपए और वनस्पति 114 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल करीब 30 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमुखी तेल में 18 रुपए की गिरावट देखी गई। सोया तेल भी 85 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत करीब 108 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 111 रुपए और तुअर दाल 232 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल में 86 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। मूंग दाल भी 117 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के औसत भाव 115 रुपए प्रति क्विंटल चढ़े।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मुख्य चुनाव...** महाभियोग प्रस्ताव ला सकते हैं। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद सैयद नसीर हुसैन ने भी इस मुद्दे पर बात की और कहा कि पार्टी जरूरत पड़ने पर महाभियोग प्रस्ताव सहित सभी लोकतांत्रिक तरीकों का इस्तेमाल करने के लिए तैयार है। हालांकि, अभी तक इस पर कोई औपचारिक चर्चा नहीं हुई है। हुसैन ने बताया कि अगर जरूरत पड़ी, तो हम नियमों के तहत लोकतंत्र की सभी शक्तियों का इस्तेमाल करेंगे। अभी तक हमने महाभियोग के बारे में कोई चर्चा नहीं की है, लेकिन जरूरत पड़ने पर हम कुछ भी कर सकते हैं। विपक्ष संसद के दोनों सदनों में एसआईआर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहा है। उनका आरोप है कि चुनाव आयोग की इस कवायद का उद्देश्य इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनावों से पहले मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करना है। वे दोनों सदनों में इस मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहे हैं। 21 जुलाई को मानसून सत्र शुरू होने के बाद से ही दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को छोड़कर संसद में बहुत कम कामकाज हुआ है। ज्यादातर एसआईआर मुद्दे पर ही सदन की कार्यवाही बार-बार स्थगित हुई है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया था कि चुनाव आयोग उनसे हलफनामा मांग रहा है, लेकिन भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर से नहीं, जब वे वही आरोप लगाते हैं।

**ट्रैफिक जाम...** औचित्य है। जस्टिस चंद्रन ने हाल ही की घटना का जिक्र किया, जहां एक ट्रक गड्ढे में फंसकर पलट गया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने एनएचएआई की ओर से दलील दी कि जिन जगहों पर अंडरपास का काम चल रहा है, वहां वैकल्पिक रास्ते यानी सर्विस रोड बनाए गए हैं। लेकिन बारिश की वजह से काम प्रभावित हुआ। उन्होंने कहा कि टोल को पूरी तरह रोकना अनुचित है, कोर्ट को चाहिए कि टोल में आनुपातिक कटौती का विकल्प अपनाए। हालांकि, बेंच ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि 65 किलोमीटर का सफर, जिसके लिए 150 रुपये टोल लिया जाता है, अगर 12 घंटे में तय हो रहा है तो यह बिल्कुल भी उचित नहीं है। गुरुवायूर इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, जो यहां टोल वसूल रही है, ने भी हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी। कंपनी की ओर से वरिष्ठ वकील श्याम दिवान ने कहा कि उनके जिम्मे जो 60 किलोमीटर का हिस्सा है, उसकी देखभाल ठीक से की जा रही है। असली समस्या उन जगहों पर है जहां एनएचएआई ने काम किसी तीसरी कंपनी (पीएसजी इंजीनियरिंग) को सौंपा है। अप्रैल 2024 से ये कंपनी काम देख रही है। दीवान ने दावा किया कि टोल वसूली बंद होने से उन्हें पहले ही 5-6 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। हाईकोर्ट ने 6 अगस्त को चार हफ्तों के लिए टोल वसूली रोक दी थी। कोर्ट ने कहा था कि जब सड़कें खराब हों और ट्रैफिक सुचारू न हो, तो जनता से टोल वसूला नहीं जा सकता। यह जनता और एनएचएआई के बीच भरोसे का रिश्ता है, जिसे तोड़ा नहीं जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने भी माना कि मानसून की वजह से मुश्किलें बढ़ी हैं। फिलहाल कोर्ट ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है और जल्द ही यह तय करेगा कि पालएक्कारा टोल प्लाजा पर वसूली दोबारा शुरू होगी या नहीं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale










**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# डायमंड लीग फाइनल में हिस्सा लेंगे नीरज

**● एएफआई अधिकारी ने पुष्टि की, 15 अंक के साथ क्वालिफाई, 27-28 अगस्त को ज्यूरिख में मुकाबला**




**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग-2025 फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। नीरज ने सिलेसिया चरण के बाद फाइनल टेबल में 15 पाइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में 27 और 28 अगस्त को होने जा रहे मुकाबले के लिए क्वालिफाई किया। 27 साल के नीरज ने 16 अगस्त को पोलैंड के सिलेसिया राउंड में हिस्सा नहीं लिया था। हालांकि, उन्होंने मई में दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर का करियर बेस्ट थ्रो फेंका और दूसरे स्थान पर रहे। फिर नीरज ने जून में पेरिस डायमंड लीग में 88.16 मीटर का थ्रो कर पहला स्थान हासिल किया।

एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के एक अधिकारी ने बताया कि अभी तक की जानकारी के अनुसार नीरज पूरी तरह फिट हैं और वे डायमंड लीग फाइनल में हिस्सा लेंगे। फिलहाल, नीरज चोपड़ा चेक रिपब्लिक में ट्रेनिंग कर रहे हैं। नीरज चोपड़ा 15 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

इस सूची में केशोर्न वालकाट (17 अंक) पहले और जूलियन वेबर (15) दूसरे स्थान पर हैं। ब्रसेल्स राउंड के बाद फाइनल टेबल में टॉप-6 पर रहने वाले एथलीट ज्यूरिख में होने वाले डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगे। ब्रसेल्स राउंड में खेलने न खेलने से फर्क नहीं पड़ेगा 2022 में डायमंड लीग का खिताब जीत चुके नीरज चोपड़ा के 22 अगस्त को ब्रसेल्स में होने वाले डायमंड लीग के आखिरी राउंड में हिस्सा लेने की भी जानकारी नहीं है। हालांकि, उनके इस राउंड में हिस्सा लेने या न लेने से उनकी फाइनल स्टेंडिंग टेबल में फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि वे पहले ही डायमंड लीग के फाइनल के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं। नीरज चोपड़ा 13 से 21 सितंबर तक टोक्यो में आयोजित होने जा रही वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने खिताब का बचाव करने उतरेंगे। उन्होंने पिछले सीजन में बुडापेस्ट में 88.17 मीटर के स्कोर के साथ गोल्ड मेडल जीता था। डायमंग लीग एथलेटिक्स (ट्रैक और फील्ड) का एक टूर्नामेंट है, जिसमें एथलेटिक्स के 16 इवेंट (मेंस और विमेंस) होते हैं। यह हर साल दुनिया के अलग-अलग शहरों में आयोजित किया जाता है। डायमंड लीग एथलेटिक्स सीरीज हर साल मई से सितंबर तक आयोजित की जाती है और सीजन का समापन डायमंड लीग फाइनल के साथ होता है। आमतौर पर डायमंड लीग के सीजन में प्रतियोगिताओं की संख्या 14 होती है, जिसमें फाइनल भी शामिल होता है, लेकिन कभी-कभी यह संख्या बदल जाती है। हर इवेंट में टॉप-8 खिलाड़ियों को पाइंट्स मिलते हैं, पहले नंबर के खिलाड़ी को 8 और 8वें नंबर के खिलाड़ी को एक पाइंट मिलता है। 13 इवेंट के बाद सभी खिलाड़ियों के पाइंट्स काउंट होते हैं। टॉप-10 पोजिशन पर फिनिश करने वाले खिलाड़ियों को डायमंड लीग फाइनल में जगह मिलती है। इसमें जीतने वाले खिलाड़ी को डायमंड लीग विजेता की ट्राफी और कैश प्राइज मिलता है।

# चोटिल इशान दलीप ट्रॉफी के पहले मैच से बाहर, आकाश दीप को आराम

**● उम्मीद है कि किशन अगले महीने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ होने वाले मैचों से पहले फिट हो जाएंगे**



**नई दिल्ली, वार्ता।** ईस्ट जोन के कप्तान इशान किशन चोट की वजह से दलीप ट्रॉफी के पहले मैच से बाहर हो गए हैं। उनक जगह टीम में ओडिशा के विकेटकीपर आशीर्वाद स्वैन को शामिल किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार किशन ई-बाइक चलाते हुए चोटिल हो गए थे। इस कारण उनके हाथ में टांके लगाने पड़े। हालांकि किशन की चोट अधिक गंभीर नहीं है। उम्मीद है कि किशन अगले महीने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ होने वाले दो चार-दिवसीय मैचों से पहले पूरी तरह ठीक हो जाएंगे। सितंबर में ऑस्ट्रेलिया ए को भारत दौरे पर आना है जहां उनका सामना भारत ए से होगा। फिलहाल किशन बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सेलेंस में मौजूद हैं जहां वह चोट से उबर रहे हैं और उनकी फिटनेस पर ध्यान दिया जा रहा है। किशन के अलावा ईस्ट जोन के लिए पहले मुकाबले में काश दीप भी उपलब्ध नहीं हो पाएंगे, उन्हें भी आराम की सलाह दी गई है। आकाश को कैसी चोट है, इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। इशान की जगह ईस्ट जोन का कप्तान अभिमन्यु ईश्वरण को बनाया गया है। अब आकाश की जगह असम के मुख्तार हुसैन लेंगे। आकाश हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर गए थे, जहां वह मैनचेस्टर में खेले गए चौथे टेस्ट से निगल की वजह से बाहर हो गए थे। हालांकि पांचवें टेस्ट के लिए द ओवल में उन्होंने वापसी की थी जहां उन्होंने बतौर नाइट वॉचमैन दूसरी पारी में करियर का पहला अर्द्धशतक भी लगाया था। ईस्ट जोन अपने अभियान का आगाज शुभमन गिल की कप्तानी वाली नॉर्थ जोन के खिलाफ 28 अगस्त से करेगा।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

## अदानी अहमदाबाद मैराथन के नौवें संस्करण के लिए पंजीकरण शुरू

**अहमदाबाद, वार्ता।** सशस्त्र बलों, फिटनेस, एकता को समर्पित अदानी अहमदाबाद मैराथन के 30 नवंबर को होने वाले नौ संस्करण के लिए पंजीकरण शुरु हो गया है। अदानी स्पोर्ट्सलाइन द्वारा आयोजित 2025 मैराथन एक बार फिर साबरमती रिवरफ्रंट से शुरू होगी और शहर के कुछ सबसे प्रतिष्ठित स्थलों, जैसे अटल ब्रिज, गांधी आश्रम और एलिस ब्रिज, से होकर गुजरेगी। इस आयोजन में चार दौड़ श्रेणियां शामिल हैं। पूर्ण मैराथन, अर्द्ध मैराथन, 10 किमी दौड़ और 5 किमी दौड़। इसमें सभी आयु वर्ग के लोग भाग ले सकेंगे। यह मैराथन न केवल एक स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली का समर्थन करती है, बल्कि सामाजिक प्रभाव और सामुदायिक उत्थान के एक व्यापक दृष्टिकोण का भी प्रतीक है। इस अवसर पर अदानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड के निदेशक प्रणव अदानी ने कहा कि अदानी अहमदाबाद मैराथन के नौवें संस्करण की मेजबानी करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है।

# तीरंदाजी लीग में दीपिका कुमारी, ज्योति सुरेखा, धीरज व अभिषेक वर्मा लेंगे भाग

**एएआई ने तीरंदाजी प्रीमियम लीग के उद्घाटन संस्करण के लिए एथलीटों की सूची जारी की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** तीरंदाजी प्रीमियर लीग के पहले संस्करण में शीर्ष भारतीय तीरंदाज दीपिका कुमारी, ज्योति सुरेखा वेन्नम, धीरज बोम्मदेवरा, अभिषेक वर्मा और अन्य एथलीट भाग लेंगे। भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) ने सोमवार तीरंदाजी प्रीमियर लीग के उद्घाटन संस्करण के लिए भारतीय एथलीटों की सूची की जारी कर दी है। इस वर्ष अक्टूबर में नई दिल्ली के यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता 11 दिनों तक चलेगी। इस फ्रैंचाइजी-शैली के प्रतियोगिता में दुनिया भर के पुरुष और महिला रिकर्व और कंपाउंड तीरंदाज प्रतिस्पर्धा करते नजर आयेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एथलीटों को छह फ्रेंचाइजी टीमों में विभाजित किया जाएगा। पहले संस्करण में दुनिया भर के शीर्ष खिलाड़ियों को शामिल करने के लिए एएआई ने विश्व की शीर्ष 10 रैंकिंग, विश्व की शीर्ष 20 रैंकिंग और उसके बाद एएआई द्वारा हाल ही में आयोजित चयन ट्रायल के अनुसार रैंक किए गए तीरंदाजों के आधार पर विभिन्न श्रेणियों में तीरंदाजों को रखा है। एएआई द्वारा आज जारी सूची के अनुसार ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके रिकर्व तीरंदाज दीपिका कुमारी (विश्व नंबर 3) और धीरज बोम्मादेवरा (विश्व नंबर 14) ने भी इस प्रतियोगिता में अपना नाम दर्ज कराया है। विश्व रिकॉर्डधारी कंपाउंड तीरंदाज ऋषभ यादव (विश्व नंबर 9) और ज्योति सुरेखा वेन्नम (विश्व नंबर 3) की जोड़ी ने भी विश्व नंबर 10 अभिषेक वर्मा, विश्व नंबर 11 प्रथमेश भालचंद्र फुगे, विश्व नंबर 16 प्रियांश और विश्व नंबर 17 परनीत कौर के साथ अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। एएआई द्वारा हाल ही में आयोजित ट्रायल के आधार पर, अनुभवी ओलंपियन तरुणदीप राय (रैंक नंबर 4) और अतनु दास (रैंक नंबर 5) भी रिकर्व प्रतिभागियों में शामिल होंगे, जबकि महिला रिकर्व तीरंदाजों की सूची में अंकिता भक्त (रैंक नंबर 2) और भजन कौर (रैंक नंबर 6) शामिल हैं।

# एशिया कप हॉकी:पाक की जगह खेलेगा बांग्लादेश!

**● हॉकी इंडिया अधिकारी ने कहा- हम 2 दिन और इंतजार करेंगे, पाकिस्तान सुरक्षा कारणों से हटा**




**नई दिल्ली, वार्ता।** बांग्लादेश की टीम 29 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में पाकिस्तान की जगह खेल सकती है। यह टूर्नामेंट बिहार के राजगीर में आयोजित होने जा रहा है। हॉकी इंडिया के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि अगर पाकिस्तान अगले 2 दिनों में अपनी भागीदारी की पुष्टि नहीं करता है, तो उसे बांग्लादेश से बदला जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, आयोजकों ने पाकिस्तान की जगह बांग्लादेश से संपर्क किया है, लेकिन हॉकी इंडिया का कहना है कि स्थिति अगले 48 घंटों में क्लियर होगी। एक महीने पहले पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन (पीएचसी) ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत आने से इनकार कर दिया था।

हालांकि, भारत सरकार ने कहा कि वह पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा देगी। हॉकी इंडिया के अधिकारी ने कहा कि भारत सरकार पहले ही वीजा देने की बात कह चुकी है, लेकिन अगर वे (पाकिस्तानी खिलाड़ी) नहीं आना चाहते तो यह हमारी समस्या नहीं है। पाकिस्तान के नहीं आने की स्थिति में बांग्लादेश को आमंत्रित किया गया है, लेकिन हमें दो दिन और इंतजार करना होगा। अधिकारी ने आगे कहा कि न तो पाकिस्तान और न ही बांग्लादेश ने अभी तक हमें कोई आधिकारिक पुष्टि दी है, लेकिन पाकिस्तान की जगह बांग्लादेश के उतरने की संभावना ज्यादा है। एशिया कप जीतने वाली टीम वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करेगी। जोकि 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड में खेला जाएगा। पीएचसी ने कहा था- हमारे खिलाड़ियों की सुरक्षा की क्या गारंटी है। पीएचसी प्रमुख ने यह भी सवाल उठाया कि भारत में उनकी टीम की सुरक्षा की क्या गारंटी है। हमने उनसे पूछा है कि वे हमें यह बताएं कि हमारे खिलाड़ियों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी और वे टूर्नामेंट पर कैसे ध्यान दे पाएंगे।

हालांकि, पाकिस्तान सरकार ने इस मुद्दे पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। हाल ही में एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा था कि टीम भारत की यात्रा नहीं करेगी। एशिया कप हॉकी की शुरुआत 1982 में पाकिस्तान के कराची में हुई थी। तब से लेकर अब तक यह टूर्नामेंट एशियाई हॉकी का सबसे प्रतिष्ठित आयोजन बना हुआ है।

# सरफराज का धमाका, चयनकर्ताओं को दिया खास संदेश

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशिया कप 2025 की शुरुआत में अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है। मंगलवार को बीसीसीआई भारतीय टीम की घोषणा कर सकता है। इससे पहले युवा बल्लेबाज सरफराज खान ने शानदार शतकीय पारी खेलकर चयनकर्ताओं के लिए खास संदेश भेजा है। दाएं हाथ के बल्लेबाज सरफराज इन दिनों मुंबई के लिए बूची बाबू टूर्नामेंट में खेलते नजर आ रहे हैं। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे 27 वर्षीय बल्लेबाज ने महज 92 गेंदों में शानदार शतक पूरा किया। तमिलनाडु की टीम के खिलाफ खेलते हुए सरफराज ने 114 गेंदों में 10 चौके और छह छक्के की मदद से 138 रन बनाए। वह रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटे। अपनी इस पारी के साथ सरफराज ने एशिया कप के लिए टीम इंडिया का दरवाजा खटखटाया है। सरफराज पिछले कई वर्षों से रणजी ट्राफी में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ भारत के लिए टेस्ट डेब्यू भी किया था, लेकिन उन्हें हालिया इंग्लैंड दौरे के लिए टीम में जगह नहीं मिली। सरफराज खान ने भारत के लिए अब तक कुल छह टेस्ट खेले हैं, जिसकी 11 पारियों में उन्होंने तीन अर्द्धशतक और एक शतक की मदद से 371 रन बनाए हैं। सफराज के अगर प्रथम श्रेणी करियर की बात करें तो उन्होंने 55 मैचों में 65.98 की औसत से 4685 रन बनाए हैं।

















































# प्रधानाचार्यो की सीधी भर्ती के खिलाफ शिक्षकों का कार्यबहिष्कार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** प्रधानाचार्यो की सीधी भर्ती के खिलाफ राजकीय शिक्षक संघ ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को नाराज शिक्षक संघ के आह्वान पर माध्यमिक शिक्षक कार्यबहिष्कार पर चले गए है। शिक्षकों के कार्य बहिष्कार पर जाने से शिक्षण व्यवस्था प्रभावित रही। दरअसल, लंबे समय से शिक्षक संगठन प्राधानाचार्यो की सीधी भर्ती का विरोध कर रहे हैं। मामले को लेकर कई बार धरना प्रदर्शन के माध्यम से शिक्षक संगठनों ने अपना विरोध जताया। शिक्षकों ने कहा कि लंबे समय से उनकी मांगों का निराकरण नहीं किया जा रहा है। जिससे शिक्षकों में भारी रोष व्याप्त है। कहा कि शिक्षकों को पदोन्नति नहीं दी जा रही है, जबकि प्रधानाचार्यो के पदों के लिए सीधी भर्ती निकाली जा रही है। राजकीय शिक्षक संघ ने सरकार से जल्द समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई। राजकीय



शिक्षक संघ के आह्वान पर शिक्षकों ने चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर दिया है। सोमवार को शिक्षकों के कार्यबहिष्कार पर चले जाने से शिक्षण व्यवस्था बदहाल रही। वहीं, अतिथि शिक्षिकों के भरोसे कक्षाएं संचालित हुई। यहां राजकीय शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष भूपाल सिंह चिलवाल, जिला मंत्री राजू मेहरा, जिला उपाध्यक्ष मदन भंडारी, महिला उपाध्यक्ष मीनाक्षी जोशी, संयुक्त मंत्री प्रकाश भट्ट, संयुक्त मंत्री महिला राधा लसपाल नबियाल, संगठन मंत्री जीवन नेगी, संगठन मंत्री महिला लता वर्मा, आय व्यय निरीक्षक चंदन रावत, ब्लॉक अध्यक्ष हवाल. बाग डा. गोविंद रावत, ब्लॉक मंत्री खुशहाल महर, ब्लॉक अध्यक्ष धौलादेवी त्रिभुवन बिष्ट, ब्लॉक मंत्री नितेश कांडपाल, ब्लॉक अध्यक्ष लमगड़ा गिरीश पांडे, दीपक बिष्ट, ललित तिवारी, वीरेंद्र सिजवाली, भारत जोशी, पंकज भट्ट, डा. शिव. राज बिष्ट, रमेश राम, मान सिंह रावत हरीश, ममता वर्मा कनवाल, सोबन सिंह कनवाल, मालती गस्याल, दीपा सिंह पाल, प्रेमा बिष्ट, ईला पांडे समेत कई शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# फिट इंडिया साईकिल रैली को मेयर ने दिखाई हरी झंडी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** उदयराज हिंदू इंटर कालेज में 78 यूके, एनसीसी बटालियन हल्द्वानी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल कुंदन शर्मा, एडम आफिसर ले.अभिलाष जोशी के निर्देशानुसार तथा स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित फिट इंडिया साईकिल रैली का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर दीपक बाली ने झंडी दिखाकर किया। इससे पूर्व महापौर श्रीबाली को विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजेश कुमार गुप्ता, सांई प्रभारी नीरज कुमार समेत अतिथियों ने बुके भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर स्टेडियम काशीपुर की साई शाखा द्वारा शर्ट लांच की गई साथ ही मुख्य अतिथि महापौर श्री बाली, अग्रवाल सभा अध्यक्ष मनोज अग्रवाल समेत अतिथियों को स्मृतिचिन्ह भेंट किए गए। इस दौरान मुख्य अतिथि महापौर दीपक बाली ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया अभियान के तहत सम्बोधित करते हुए कहा कि कोई भी देश तब तक पूरी तरह से स्वस्थ नहीं है, जब तक उसके नागरिक स्वस्थ नही हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में प्रधानमंत्री के फिट इंडिया सपने को साकार करने के लिए साईकिल रैली की मुहिम चलाई जा रही है। साथ ही उन्होंने रैली में प्रतिभाग कर रहे एनसीसी कैंडिडेट्स और साई खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। रैली किला मौहल्ला से शुरू होकर मुख्य बाजार, महाराणा प्रताप चौराहा, रतन रोड कटोराताल होते हुए विद्यालय पहुंची। संचालन जीव विज्ञान प्रवक्ता कौशलेश गुप्ता ने किया। इस अवसर पर मनोज अग्रवाल, मेजर मुनीशकांत शर्मा, 78 यूके बटालियन हल्द्वानी प्रशास. निक अधिकारी जावेद अहमद, राजू गौतम, अमित गुप्ता, अजय कुमार यादव, अमित सक्सेना, पंकज कुमार तिवारी, दीपक शर्मा समेत साई के कोच एवं एनसीसी कैंडिडेट्स मौजूद रहे।

## एक नजर

### विद्यार्थियों को दिलाई एंटी रैगिंग की शपथ

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना विवि परिसर अल्मोड़ा में सोमवार को एंटी रैगिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को रैगिंग से होने वाले शारीरिक तथा मानसिक नकारात्मक प्रभावों से अवगत कराया गया। एंटी रैगिंग से संबंधित वीडियो दिखाई गई ताकि वे रैगिंग से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत हो सके। शाम करीब 04 बजे तक चले कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को रैगिंग से दूर रहने के लिए एंटी रैगिंग शपथ दिलवाई गई। छात्र-छात्राओं ने एंटी रैगिंग से संबंधित चर्चा में प्रतिभाग किया तथा रैगिंग से होने वाले प्रभावों के विषय में बताया उन्होंने यह भी बताया कि वह रैगिंग जैसी बुराई को बढ़ावा नहीं देंगे, यदि कहीं रैगिंग होती देखेंगे तो उसके खिलाफ आवाज उठाएंगे तथा अपने विवि को रैगिंग फी कैंपस बनाने में योगदान देंगे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डा. रुचि कक्कड़ ने बताया कि रैगिंग गैर कानूनी है तथा सीनियर छात्रों का असली कार्य जूनियर छात्रों का मार्गदर्शन करना है उन्हें डरना या अपमानित करना नहीं है यदि हम अपने नए साथियों का स्वागत सम्मान तथा प्रेम से करेंगे तो वह भी हमारे संस्थान का गौरव बढ़ाएंग।

### परियोजना: अंतिम रूप देने में बरतें सावधानियां

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना परिसर अल्मोड़ा के गणित विभाग सभागार में सोमवार को आगामी दस वर्षीय आइडीपी परियोजना के प्रस्ताव को लेकर बैठक हुई। जिसमें कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने चैप्टर कंपा. इलेशन कमेटी और आइडीपी की समितियों के अध्यक्षों से चर्चा की। बैठक में आगामी दस वर्षीय योजना के लिए प्रस्ताव को अंतिम रूप देने के लिए सावधानी बरतने के लिए निर्देशित किया। यहां आइक्यूएससी के निदेशक प्रो. सुशील कुमार जोशी, प्रो. जगत सिंह बिष्ट, प्रो. प्रवीण सिंह बिष्ट, प्रो. शेखर चंद्र जोशी, प्रो. अखिलेश कुमार नवीन, डा. धनी आर्या, डा. ललित चंद्र जोशी आदि मौजूद रहे।

### सरकार ने की लोकतंत्र की हत्या: आर्य

**अल्मोड़ा।** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने सोमवार को द्वाराहाट में प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा पर हमला बोलते



हुए लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाया। प्रेस वार्ता के दौरान नेता ने कहा कि नैनीताल, बेतालघाट और द्वाराहाट की घटनाओं ने लो. कतंत्र का गला घोंटने का काम किया है। आरोप लगाया कि सरकार ने हर तरीके के हथकंडे अपनाए जिससे वह पंचायत की सत्ता तक पहुंच सके। कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को मुहतोड़ जवाब देगी। उन्होंने कहा कि कहा की उच्च न्यायालय पर उन्हें पूरा भरोसा हैं सच्चाई की जीत होगी। इस दौरान उन्होंने नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख आरती किरौला को बधाई दी। यहां प्रेस वार्ता में नगर पंचायत अध्यक्ष संगीता आर्या, ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश अधिक. री समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### क्वारब डेंजर जोन में पांच घंटे थमी रही रफ्तार

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग के क्वारब के पास दरकती पहाड़ी से मुसीबत कम होने का नाम नहीं ले रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग में भारी मात्रा में मलबा और बोल्डर आ गए। जिससे एनएच पर पांच घंटा वाहनों की रफ्तार थम गई। जिसके चलते मार्ग के दोनों ओर वाहनों का लंबा जाम लगा रहा। प्रशासन की टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद किसी तरह वाहनों के लिए यातायात सुचारू कराया। क्वारब डेंजर जोन लंबे समय से परेशानी का सबब बना हुआ है। अब सोमवार को बारिश के बीच पहाड़ी से मलबा और बोल्डर गिरने से मार्ग पूरी तरह बंद हो गया और देखते ही देखते दोनों और वाहनों की लंबी कतारें लग गई। पहाड़ से मैदान और मैदानी क्षेत्रों से पहाड़ आने वाले यात्री जाम में फंस गए। रोडवेज, केएमओयू समेत कई टैक्सी वाहनों के फंसने से यात्रियों को फजीहत झेलनी पड़ी। जिसके बाद एनएच पर आए मलबे को जेसीबी मशीन से हटाया गया। करीब पांच घंटे तक हाइवे जाम रहा। इससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि प्रशासन ने दोनों ओर से जेसीबी लगाकर मार्ग में पड़े मलबे को हटाकर किसी तरह यातायात सुचारू कराया।

### अल्मोड़ा में मुर्गियों और अंडों के आयात पर पूर्ण प्रतिबंध

**अल्मोड़ा।** जिले में बर्ड फ्लू के खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। सोमवार को सीडीओ रामजी शरण शर्मा ने समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने स्थानीय काश्तकारों को विशेष एहतियात बरतने के निर्देश दिए। कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में सीडीओ ने बताया कि वर्तमान में जिले में बर्ड फ्लू का कोई भी पॉजिटिव केस सामने नहीं आया है। इसके बाद भी एहतियात बरतनी जरूरी है। उन्होंने जिले की सीमाओं को मुर्गियों और अंडों के व्यापार के लिए सील करने के निर्देश दिए हैं। कहा कि 21 अगस्त तक बाहरी क्षेत्र से जिले में मुर्गियों और अंडों के आयात पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। बताया गया कि डीएम की अध्यक्षता में टास्क फोर्स का गठन किया गया है। सभी ब्लॉकों में रैपिड रिस्पांस टीम बनाई गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति का त्वरित समाधान किया जा सके। बैठक में सीवीओ डा. योगेश अग्रवाल, सीओ जीडी जोशी, डीडीएमओ विनीत पाल, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## विपक्ष की आवाज दबाने के लिए पुलिस का सहारा ले रही सरकार: अलका पाल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री एवं प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति, पीसीसी सदस्य अलका पाल ने कहा कि नैनीताल जिला पंचायत अध्यक्ष पद



के चुनाव के दौरान जिला पंचायत के पांच सदस्यों के अपहरण की और उनकी बरामदगी को लेकर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के नेतृत्व में किए गए विरोध प्रदर्शन से बौखला कर भाजपा सरकार के इशारे तल्लीताल थाने में कांग्रेसी नेताओं पर दर्ज की गई रिपोर्ट अफसोस का विषय है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, विधायक सुमित हिरदेश, विधायक भुवन कापड़ी ओर पूर्व विधायक संजीव आर्य एवं अन्य के खिलाफ बीएनएस मुकदमा दर्ज कर सरकार अपनी तानाशाही का परिचय दे रही है। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि अब विपक्ष की आवाज दबाने के लिए खुलेआम पुलिस का सहारा लिया जा रहा है। अलका पाल ने कहा कि पंचायत चुनावों में हुई धांधली, गुंडागर्दी, अपहरण व गोल. ीबारी की घटनाओं से ऐसा लगता है कि अब विपक्ष को चुनाव लड़ने से भी रोका जाएगा। भाजपा सरकार ने पंचायत चुनावों में पहले ही 7 महीने की देरी की, फिर नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए आरक्षण में भी मनमानी की। उन्होंने नैनीताल, बेतालघाट और रुद्रप्रयाग की घटनाओं का ज़िक्र करते हुआ बताया कि किस तरह अपराधी खुलेआम अपहरण व फायरिंग करते रहे जबकि प्रशासन और पुलिस मूकदर्शक बनी रही।

# 20 सड़कों पर यातायात बंद

**बागेश्वर।** जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण एक बार फिर जिले के 20 सड़कों में यातायात बाधित रहा। बंद सड़कों को खोलने के लिए सम्बंधित विभाग लगातार प्रयास कर रहे हैं। लेकिन सड़क बंद होने से दूर दूर जिला मुख्यालय व अन्यत्र जाने वाले ग्रामीणों को कफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिले में रविवार की रात से सोमवार सुबह 8 बजे तक हुई झमाझम बारिश के चलते जिले के समस्त विद्यालय बंद रहे। जिले में विद्यालय पिछले एक सप्ताह से भीषण बारिश के कारण बंद है। लगातार हो रही बारिश के चलते जिले में जन जीवन अस्त व्यस्त हो चुका है। लोग अपने घरों से बाहर जाने में परहेज कर रहे है। बारिश से एक ओर नदी नाले उफान पर है, तो वही दूसरी ओर जगह जगह जल भराव से लोग रात भर नहीं सो पा रहे हैं। जिले में हो रही भीषण बारिश के कारण गरुड़ तहसील व कांडा तहसील क्षेत्र में कई लोगों के घर खतरे की जद में आए है। जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार गरुड़ तहसील के ग्वाड़पंजेड़ा निवासी बाली राम का आवासीय मकान भीषण रूप से से टूटा हुआ है। भजगड़ निवासी रमा देवी का आंगन टूट गया। मेगड़ीस्टेट निवासी किशन सिंह का आंगन टूटा, भतडिया निवासी गंगा देवी का गौशाला टूटा, स्याल्दे निवासी चंपा कोरंगा का आंगन टूटा, सिल्ली निवासी शंकर दत्त का आंगन टूटा, मवई निवासी मदन सिंह का आंगन टूटा, कांडा तहसील के महरूडी निवासी पुष्पा देवी का आंगन टूटा, पांचौड़ा सुंदर सिंह का आंगन टूटा है।

# श्री राधा रानी-श्रीकृष्ण प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** श्याम मॉर्डन जूनियर हाई स्कूल के तत्वावधान में श्री राधा रानी-श्रीकृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन मानपुर रोड स्थित एक रिसार्ट में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में अन्तर्राष्ट्रीय एथलीट चौधरी विजेन्द्र सिंह उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता मान्यता





प्राप्त विद्यालय प्रबंधक संघ काशीपुर के अध्यक्ष सुशील शर्मा ने की। प्रतियोगिता में शिशु, कनिष्ठ, वरिष्ठ और समूह वर्ग में बच्चों ने राधा कृष्ण के विविध रूपों में सजीव प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। शिशु वर्ग में देविका गुप्ता ने प्रथम, रूद्रांश कपूर ने द्वितीय तथा काशवी सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कनिष्ठ वर्ग में प्रियंका पंत प्रथम, कृतिका द्वितीय और हनिका अरोरा व शिवन्या ठाकुर तृतीय स्थान पर रहे। वरिष्ठ वर्ग में वैष्णवी प्रथम, आरूषी रावत द्वितीय तथा आकृति नेगी और साक्षी रावत तृतीय स्थान पर रहीं। समूह वर्ग में आराध्या पंचोली व मानसी पोखरियाल की जोड़ी प्रथम रही, जबकि धारा यादव और विधि यादव को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। तृतीय स्थान पर दो समूह रहे पहले में अंश, आमान, हर्ष, शिवा शर्मा, सैफू, आयुष चंद्रा और नीलेश रहे, जबकि दूसरे समूह में अराध्या वर्मा, अक्षिता भटनागर, आयजा, वारण्या, अर्णव, रचित और अवनि शामिल रहे। विशेष पुरस्कार आरबी रावत, गौरी रावत और अंशिका शर्मा को प्रदान किए गए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर शमशुद्दीन सैफी, डॉ. यशपाल रावत, अलका पाल, अजय टण्डन, पंकज टण्डन, डॉ. गौरव गर्ग, जितेन्द्र देवलाल आदि मौजूद रहे। संचालन प्रीति अरोरा ने किया।

# कांग्रेसियों ने फूंका सीएम का पुतला

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** कांग्रेसियों ने महाराणा प्रताप चौक पर मुख्यमंत्री पुष्कर धामी एवं भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि 14 अगस्त को नैनीताल में जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए मतदान के दौरान बीजेपी द्वारा



संरक्षण प्राप्त गुंडों द्वारा कांग्रेस के वरिष्ठ एवं नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, विधायक सुमित हृदयेश, नैनीताल के पूर्व विधायक संजीव आर्य तथा अन्य नेताओं के साथ दुर्व्यवहार एवं बत्तमीजी की गई है, जो अत्यंत निंदनीय है। कांग्रेस पार्टी इस निंदनीय कृत्य की निंदा करती है और मांग करती है कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। इस घटना से देव भूमि उत्तराखंड की छवि, उत्तराखंड की संस्कृति को तथा भारत के संविधान को चोट पहुंची है, जो हमारे लिए ही नहीं बल्कि उत्तराखंड समेत पूरे भारत वर्ष के लिए अत्यंत चिंताजनक है। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर दोषियों को जल्द से जल्द सख्त से सख्त सजा नहीं दी जाती है, तब तक यह प्रदर्शन आए दिन चलता रहेगा और हमें उग्र आंदोलन को बाध्य होना पड़ेगा। इस मौके पर नगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन, अरुण चौहान, संदीप सहगल एडवोकेट, हरीश कुमार सिंह एडवोकेट, विमल गुड़िया, जितेन्द्र सरस्वती, राजू छीना, सरित चतुर्वेदी, अलका पाल, राकेश भगत, महिला कांग्रेस कमेटी नगर अध्यक्ष पूजा सिंह, रोशनी बेगम, मंसूर अली मंसूरी, राजेश शर्मा एडवोकेट, अब्दुल कादिर, महेंद्र बेदी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुतला फूंककर मांगा मुख्यमंत्री धामी का इस्तीफा

**बागेश्वर।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष भगत डसीला के नेतृत्व में एसबीआई तिराहे पर राज्य सरकार का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने नैनीताल में जिला पंचायत चुनाव के अध्यक्ष पद एवं उपाध्यक्ष पद पर होने वाले मतदान में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ किए गए दुर्व्यवहार को पूरी तरह से सरकार के इशारों पर बताया। घटना की कार्यकर्ताओं द्वारा निंदा की गई। सोमवार को एसबीआई तिराहे पर एकत्र हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि राज्य सरकार जिस तरह पंचायत चुनावों में पूरी तरह से गुंडा गर्दी पर उतर आई उसे राज्य की जनता माफ नहीं करेगी। कार्यकर्ताओं ने नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या पर हाथ उठाने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की। साथ ही मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को अपने पद से इस्तीफा देने की बात कही। पतला दहन के बाद कांग्रेस कार्यकताओं ने देश में केंद्र सरकार पर वोट चोरी का आरोप लगाया। तथा सभी कार्यकताओं ने एसबीआई तिराहे से बस स्टेशन स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के पार्क तक कैंडल मार्च निकाला। वक्ताओं ने कहा कि वोट चोरी कर सरकार बनाने वाली पार्टी के खिलाफ व दबाव में कार्य कर रहा निर्वाचन आयोग की निंदा की गई। जिसके बाद सभी ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति केनाम ज्ञापन भेजा। इस मौके पर गीता रावल, हरीश चंद्र, कुंदन गिरी, बाल ख्रष्ण, दीवान राम, केशर राम, प्रेम राम, नवल किशोर आदि मौजूद थे।

# पालिका बोर्ड बैठक में सभासदों ने उठाई समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** सभासद संगठन नगर पालिका परिषद बागेश्वर की पहली बैठक संगठन के अध्यक्ष नवीन रावल की अध्यक्षता में स्थानीय नगर पालि. का सभागार ने आयोजित की गई। बैठक में नगर के सभी 11 वार्डो के सभासदों ने नगर पालिका क्षेत्र की समस्याओं का समाधान व अधिका. रियों व कर्मचारियों के साथ तालमेल बनाकर जन समस्याओं का निस्तारण करने पर चर्चा हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि नगर में किसी भी सरकारी विभागीय समस्या के संबंध में सम्बन्धित विभाग नगर पालिका के सभी वार्डो के सदस्यों को पत्र के माध्यम से अवगत कराएंगे। ताकि नगर में व्याप्त समस्या का सभी लोग मिलकर एकजुटता के साथ समाधान कर सके। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत कई वार्डो में पेयजल, बरसाती नाली, पैदल मार्ग आदि की समस्या बनी हुई है। इन समस्याओं का जल्द ही बोर्ड बैठक में सामूहिक रूप से प्रस्ताव पास कर समाधान करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। वही विभागों द्वारा सभासदों को समस्याओं के संबंध में अवगत न कराए जाने पर सभी एकजुट होकर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। बैठक में अध्यक्ष नवीन रावल, उपाध्यक्ष कैलाश आर्या, सचिव ललित मोहन तिवाड़ी, हरीश उपाध्यक्षा नीमा जोशी, नवीन आर्या, प्रेम सिंह हरडिया, ज्योति पूना, रूपा देवी आदि मौजूद थे। बैठक का संचालन ललित तिवाड़ी द्वारा किया गया।

# 15वीं पुण्यतिथि पर बच्चों को याद किया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** सुमगढ़ में 15 वर्ष पहले आपदा की भेंट चढ़े सरस्वती शिशु मंदिर में 18 बच्चे कालकल्पित हो गए थे। बच्चों के 15वीं पुण्य तिथि पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर पुष्प चढ़ाते हुए दीप जलाकर बच्चों के शिलापट के सम्मुख उन्हें श्रद्धांजलि दी। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी सहित क्षेत्र के अन्य लोगों ने बच्चे को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सरकार आज तक पूर्व में घटित घटना से सबक नहीं ले पाई है। विद्यालय आज भी नदियों के नजदीक हैं, उन्हें सरकार से विद्यालय को अन्यत्र स्थापित करने के लिए कई बार कह दिया है। उसके बाबजूद आज तक विद्यालय को चिन्हित नहीं किया जो घोर लापरवाही है। इस अवसर पर



ग्राम प्रधान सुमगढ़ भूपेंद्र कोरंगा, ग्राम प्रधान सुरिंग परवीन मटियानी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष कपकोट गोविंद बिष्ट, दीपक ऐठानी, प्रमोद जोशी, दरवान कोरंगा, भारत कोरंगा, दुर्गा गेराकोटी, गोविंद राम, इस हादसे में अपने बच्चों को जिन्होंने खाया उनके अभिभावक प्रेम चंद्र जोशी, कुंदन पांडा, राम सिंह कुमलटा, सरस्वती शिशु मंदिर के शिक्षक उपस्थित रहे। इधर घटना स्थल पर पहुंचे पूर्व मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव, पूर्व प्रमुख गोबिंद दानू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विक्रम सिंह शाही, नवनियुक्त ब्लाक प्रमुख भावना शाही सहित गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने बच्चों को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही आगे इस प्रकार की कही भी घटना न हो भगवान से प्राथना की गई।

# जनता दरबार में उमड़े फरियादी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** तहसील गरुड़ में जनता के शिकायतों का निस्तारण करने हेतु जनता दरबार आयोजित किया गया। इस दौरान दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट, अपर जिलाधिकार एनएस नबियाल, मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी उपस्थित रहे। दरबार में सड़क, बिजली, पानी एवं आवास संबंधी कुल 23 शिकायतें प्राप्त हुई। इनमें से अधिकांश का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष मामलों पर त्वरित कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। शिकायतों में प्रमुख रूप से अचखेत में बिजली की तारों का परिवर्तन, गलई में सड़क की दीवार गिरने से भवन को हुए खतरे की समस्या, गरुड़ में पेयजल आपूर्ति, कन्धारखपरकोटी मोटर मार्ग का मरम्मतीकरण, व्हीलकुलवान में वर्षा से क्षतिग्रस्त भवन, ग्वालदे मच्छिया बगड़ मोटर मार्ग की जांच, प्राथमिक विद्यालय गेरलेख में शिक्षक की नियुक्ति, तेलीहाट में हर घर जल योजना के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति न होना, जखेड़ा में पैदल मार्ग सुधारीकरण, गनीगांव में विद्युत लाइन सुधारीकरण तथा नौगांव में भवन की दीवार क्षति जैसी समस्याएँ शामिल रहीं। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी लंबित समस्याओं का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को त्वरित राहत मिल सके। इस अवसर पर एसडीएम प्रियंका रानी सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ज्ञानार्थी कॉलेज में वर्कशॉप

**काशीपुर।** विद्यार्थियों को आंखों की देखभाल के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ज्ञानार्थी कॉलेज में एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नेत्र विशेषज्ञ डॉ. कनिका अग्रवाल सराफ शामिल हुई। उन्होंने विद्यार्थियों को आंखों की सेहत बनाए रखने के उपायों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। डॉ. कनिका ने कहा कि आज की जीवनशैली में मोबाइल, लैपटॉप और कंप्यूटर का अत्यधिक उपयोग आंखों की रोशनी पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। उन्होंने बताया कि आंखों की रोशनी बनाए रखने के लिए संतुलित आहार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आंखों की सामान्य बीमारियों की पहचान और समय पर उपचार की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। कॉलेज के निदेशक डॉ. मनोज मिश्रा ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में कॉलेज के सभी शिक्षक व विद्यार्थी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# सड़क पर बह रहा कुंती नाला

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** मंडलसेरा में बरसात के सीजन में जल भराव की समस्या गंभीर होते जा रही है। विगत वर्ष से इस वर्ष जल भराव की समस्या और गंभीर हो गई। सड़क के बीचों बीच से एक पन चक्की चलाने के मुताबिक पानी बह रहा है। जिसने सड़क की पूरी दुर्दशा कर दी है। जबकि सड़क के किनारों में बने नालियों में पानी की बूंद नहीं जा रही है। बता दें कि मंडलसेरा बाईपास बनने के बाद से यहां जल भराव की समस्या बढ़ते जा रही है। आर्मी कैंटीन के पास आने वाला कुंती नाला का सारा पानी सड़क में आने के बाद फैल जाता है। कैंटीन से विवेकानंद की ओर बनी सड़क में दोनों ओर से अतिक्रमण हो चुका है। 8 फिट की सड़क 6 फिट में सिमट कर रह गई है। वही यहां रहने वाले लोग लगातार प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगा रहे हैं। लोगों



का कहना है कि विभाग ने सड़क के दोनों ओर पानी निकासी के लिए नाली निर्माण नहीं किया है। वही दूसरी ओर विभाग का कहना है कि सड़क बनाते समय सड़क के दोनों ओर दो दो फिट की नली बनाई गई थी। जिसका पूरा ब्यौरा सरकारी दस्तावेजों में दर्ज है। विभाग ने कहा कि लोगों ने नालियों के ऊपर अपने घर बना दिए हैं। जिन्हें तोड़ने के लिए पूर्व में विभाग द्वारा चिन्हीकरण किया गया था। तब लोगों द्वारा विरोध किया गया था। अधिकारियों का कहना है कि दोनों ओर नालियां लोगों के घर व आंगन के नीचे दब गई है। बरसात का पानी सड़क में जाना लाजमी है। देखने वाली बात यह है कि अब विभाग अतिक्रम पर प्रहार करेगा या फिर बची हुई 6 फिट की सड़क में ही पानी का कोई समाधान निकालेगा।

## फोन न मिलने पर किशोर से ज़हर गटक लिया

**बागेश्वर।** घर वालों ने फोन न देने पर 16 वर्षीय नाबालिग किशोर ने जहर गटका। उसकी तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। यहां चिकित्सकों ने किशोर का उपचार शुरू कर दिया है। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद वार्ड में भर्ती किया है। जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार गरुड़ ब्लाक के बैजनाथ निवासी अजय कुमार पुत्र मदन राम ने रविवार की रात ने घर वालों से फोन को लेकर बहस हो गई। परिजनों ने डांट फटकार लगाते हुए फोन नहीं दिया। इतने में किशोर ने घर में रखा कीटनाशक दवा पी ली। जिसके बाद उसकी तबियत बिगड़ने लगी। परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल लाए। जहां डाक्टरों ने किशोर का उपचार शुरू कर खतरे से बाहर निकाला। वर्तमान में उसे चिकित्सकों की निगरानी में वार्ड में भर्ती किया है।

# हल्द्वानी में टूर मैनेजर प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ भव्य शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** टूर मैनेजर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन बड़े ही उत्साह के साथ किया गया। ये टूर मैनेजमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम उत्तराखंड पर्यटन विभाग द्वारा प्रायोजित एवम टूरिज़्म एंड हॉस्पिटैलिटी स्किल काउंसिल द्वारा संचालित है, जिसमें विद्या सोसायटी प्रशिक्षण सहयोगी की भूमिका निभा रही है।





कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार में दर्ज राज्यमंत्री नवीन वर्मा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ करने के बाद मुख्य अतिथि नवीन वर्मा ने अपने संबोधन में युवाओं को पर्यटन विकास एवं स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा लोहाघाट डिग्री कॉलेज के विभागाध्यक्ष डा. प्रकाश लखेड़ा ने ऑनलाइन सत्र के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया जो सभी प्रतिभागियों के लिए भविष्य में भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। साथ ही उत्तराखंड पर्यटन विभाग की अतिरिक्त निदेशक पूनम चंद भी वर्चुअली कार्यक्रम में सम्मिलित हुई और इस पहल की सराहना करते हुए उन्होंने सभी प्रतिभागियों को पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 40 प्रतिभागी शामिल हुए हैं। जिन्हें अनुभवी ट्रेनर नरेश रावत प्रशिक्षण देंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य कुशल टूर मैनेजर तैयार करना है ताकि प्रदेश में सतत एवं सशक्त पर्यटन को बढ़ावा मिल सके।

**सूचना: नाम परिवर्तन**

मैं मोहम्मद मुआज़ अंसारी, अनुक्रमांक 5324341, कक्षा 10वीं, वर्ष 2017-18 और अनुक्रमांक 25623011, कक्षा 12वीं, वर्ष 2019-20, विद्यालय **St. Theresa Sr. Sec. School, Kathgodam** से। **C.B.S.E.** बोर्ड परीक्षा की मार्कशीट्स में भूलवश मेरे पिता का नाम **Mohammed Shoyeb Ansari** गलत दर्ज है। जबकि वास्तविक नाम **Shuaib Nek Haider Ansari** दर्ज किया जाए।

मेरा पता-किदवई नगर, वार्ड न. 24, हल्द्वानी।

# बनभूलपुरा से नशे की खेप बरामद

## एसओटीएफ ने दो तस्करों को दबोचा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कुमाऊँ आईजी द्वारा गठित एसओटीएफ टीम ने नशे तस्करों पर एक बड़ी कार्यवाही की है। एसओटीएफ टीम ने बनभूलपुरा पुलिस के साथ बहेडी से लाई जा रहे 645 नशे के इंजेक्शन के साथ बनभूलपुरा के दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। टीम में तस्करी में प्रयुक्त ई-रिक्शा को सीज करते हुए दोनों तस्करों के खिलाफ कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल के निर्देश पर रेंज स्पेशल ऑपरेशन टास्कफोर्स प्रभारी दीपा अधिकारी ने बनभूलपुरा पुलिस की संयुक्त टीम के साथ के रविवार की रात्रि गौला पुल बाईपास रोड के पास चेकिंग अभियान चलाया। टीम ने गौलापुल की ओर से आ रहे एक ई-रिक्शा को रोका। तलाशी लेने पर ई-रिक्शा में रखे दो बैग से कुल 645 नशे के इंजेक्शन बरामद हुए। ई-रिक्शा सवार दोनों ने तस्करों ने अपना नाम मजहर खान उर्फ सोनू निवासी छोटी रोड मोहम्मदी चौक, वनभूलपुरा और फैसल कुरैशी निवासी लाइन नंबर-18, चिराग अली शाह बाबा दरगाह के सामने बनभूलपुरा बताया। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह रिच्छा, बहेड़ी से किसी शादाब नाम के व्यक्ति से इंजेक्शन खरीद कार लाए थे। जिन्हें लोकल में युवाओं को महंगे दामों में बेचकर अच्छा मुनाफा कमाते हैं। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त ई-रिक्शा को सीज करते दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जहा से दोनो तस्करों को जेल भेज दिया। इधर आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने बताया कि नशे के खिलाफ यह अभियान इसी तरह आगे भी जारी रहेगा। नशे के सौदागरों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा। गुडवर्क करने वाली टीम में एसओटीएफ टीम में हेड कांस्टेबल गिरीश चंद्र भट्ट व कांस्टेबल रिवेन्द्र सिंह के अलावा पुलिस टीम में एसआई नीरज चौहान, कांस्टेबल मो. यासीन, लक्ष्मण राम शामिल थे।

# 'सरकार गरीबों को उजाड़ने पर आमादा'

## गौलापार के बागजाला की समस्याओं को लेकर किसान महासभा का बेमियादी आंदोलन शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला ने 18 अगस्त से अपने पूर्व घोषित आंदोलन के तहत अपना घर, खेत, खेती, पशुपालन बचाने के लिए सोमवार को बागजाला गांव की जनता की पेयजल, सड़क, विकास कार्यों और निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने, जल जीवन मिशन योजना को शुरू करने, मालिकाना अधिकार देने, पंचायत प्रतिनिधि चुनने के अधिकार को बहाल करने जैसी मूलभूत नागरिक सुविधाओं की मांग को लेकर के समाधान को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया। किसान महासभा बागजाला ने घोषणा की कि जब तक मांगें मानी नहीं जाती तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द सिंह नेगी ने कहा कि कल लालकुआं विधायक



बागजाला आए थे, किसान महासभा ने उन्हें विधानसभा के मानसून सत्र में बागजाला को राजस्व गांव बनाने का प्रस्ताव पारित करने के लिए ज्ञापन दिया। उन्होंने कहा कि, इस राज्य के मुख्यमंत्री गरीबों को उजाड़ने पर आमादा हैं। पहाड़ से लेकर मैदान तक गरीब जनता को अपनी जमीनों से बेदखल करने का काम भाजपा सरकार द्वारा किया जा रहा है। इसके लिए जनता को धार्मिक विभाजन की आग में झौंका जा रहा है। धरना प्रदर्शन के समर्थन में पहुंचे ऑल इंडिया लॉयर्स एसोसिएशन फॉर जस्टिस के राष्ट्रीय अध्यक्ष क्लिफटन डी रोजारियो ने कहा कि पूरे देश गरीबों, दलितों, अल्पसंख्यकों, आदिवासियों को उजाड़ने की नीति चल रही है। लेकिन इस देश का मालिक सरकार या बड़े पूंजीपति नहीं आम जनता है, उनको भूमि का अधिकार देना पड़ेगा। देश में वोट चोरी की तरह बागजाला गांव में भी पंचायत चुनाव में यहां की जनता की वोट चोरी हो रही है, यह बिल्कुल गलत है और संविधान विरोधी है। वोट का अधिकार संविधान ने दिया है। किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बहादुर सिंह जंगी ने कहा कि दशकों से बसे बागजाला के लोगों को स्टेडियम, चिड़ियाघर बनने और बस अड्डा, हाईकोर्ट आने की चर्चा के बाद इन बड़े प्रोजेक्ट के पास स्थित बागजाला की बेशकीमती जमीन को भाजपा की सरकार गरीबों, किसानों से छीनकर पूंजीपति बिल्डरों को देने का इरादा रखती है। जिसको सफल नहीं होने दिया जाएगा। जिला सचिव डा कैलाश पाण्डेय ने कहा कि जिले में बड़ी संख्या में लोग वन भूमि, नजूल भूमि पर बसे हैं जिन पर भाजपा की धामी सरकार के द्वारा उजाड़े जाने का खतरा मंडरा रहा है। जिले में किसी को भी उजाड़ा न जाय बल्कि बागजाला समेत सभी गरीबों को उनकी जमीन का मालिकाना अधिकार दिया जाना चाहिए। विमला देवी ने कहा कि बागजाला के लोगों ने अपनी एकता के बल पर संघर्ष का रास्ता चुना है इसको मुकाम तक पहुंचाने तक लड़ाई जारी रहेगी। इस मौके पर आनन्द सिंह नेगी, क्लिकटन डी रोजारियो, बहादुर सिंह जंगी, भुवन जोशी, डा. कैलाश पाण्डेय, केके बोरा, विमला रौथाण, किशन बघरी, प्रेम सिंह नयाल, दीवान सिंह बर्गली, ललित मटियाली, पंकज चौहान, मीना भट्ट, हरिदित्ता सिंह, धीरज कुमार, रियासत हुसैन, उवैस, गोपाल राम, कमल जोशी, चन्दन सिंह मटियाली, अंबादत्त, हरक सिंह बिष्ट, मोहन सिंह बिष्ट, लच्छी राम, मोहन राम, ऋषि मटियाली, केशव राम, परवेज, युगल किशोर, सलीम, वासुदेव, दीवान सिंह नेगी, अजय यादव, आदित्य गुप्ता मौजूद रहे।

### जहर से महिला की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** संदिग्ध परिस्थितियों के चलते एक महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। आनन फानन में महिला को उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर उपचार के दौरान महिला ने दम तोड दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पूर्वी घोड़ानाला, बिंदुखत्ता निवासी 33 वर्षीय पूजा बिष्ट यहां अपने दो बच्चों व परिवार के साथ रहती थी। बताया जा रहा कि बीते रविवार सुबह पूजा की अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन द्वारा उसे आननफानन में उपचार के लिए सुशीला तिवारी लाया गया। सोमवार की सुबह पूजा ने उपचार के दौरान दम तोड दिया। वहीं जहर के सेवन महिल की मौत की वजह माना जा रहा है। फिलहाल पुलिस जांच में जुट गयी कि किन परिस्थितियों में महिला ने जहर का सेवन किया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# सीबीआई जांच की मांग पर अड़ा परिवार

## गौलापार में हुई थी किशोर की नृशंस हत्या, परिवार ने डीएम को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गौलापार में हुए 10 वर्षीय किशोर की नृशंस हत्या की जांच पर उठे सवालों के जवाब परिजनों को अभी तक नहीं मिले। पिछले 8 दिनों से बुद्ध पार्क में पुलिस-प्रशासन के खिलाफ लगातार धरना-प्रदर्शन जारी है। सोमवार को भी प्रदर्शन हुआ और प्रदर्शनकारी लोग परिवार के साथ एसडीएम कोर्ट पहुंचे, जहां उन्होंने मामले की सीबीआई जांच के लिए डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। बुद्धपार्क में मृतक के परिवार के साथ धरने पर डटे जन एकता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह का कहना है कि 10 वर्षीय किशोर को मार कर उसके



टुकड़े कर दिए गए। टुकड़ों को हत्यारोपी ने अपने ही घर के पीछे गाड़ दिया। धड़ से अलग सिर का मुंडन किया गया, कटे हाथ को जलाया गया और दो अंगुलियों को भी हाथ से काट कर अलग कर दिया। यह दुष्कर्म छिपाने के लिए की गई वारदात नहीं है, बल्कि किशोर की नरबलि चढ़ाई गई और इस अनुष्ठान में हत्यारोपी का पूरा परिवार शामिल है। जबकि पुलिस ने सिर्फ एक व्यक्ति को ही आरोपी बनाया। आरोप है कि पुलिस ने बड़े लोगों के प्रभाव में आकर जांच को गुमराह किया। उन्होंने बताया कि इस मामले में सोमवार को वह परिवार के साथ एसडीएम कोर्ट पहुंचे और एसडीएम राहुल साह को डीएम को संबोधित ज्ञापन सौंप कर सीबीआई जांच की मांग दोहराई। साथ ही चेतावनी दी कि यदि मांग पूरी नहीं हुई तो फिर वह उग्र आंदोलन तक जाएंगे और इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। साथ ही यह भी कहा कि इस विरोध की जिम्मेदार पुलिस है। पुलिस ने अगर ठीक से जांच की होती तो यह नौबत नहीं आती। प्रदर्शन व ज्ञापन देने वालों में जन एकता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, दीक्षा, उर्मिला मौर्या, गंगा देवी, मीना, कमला, सुमित्रा, सरोज, मोरकली, सचिन, दीपक मौर्य, नानक चंद, हर्षित मौर्य, पीतम लाल मौर्य, सुरेश मौर्य थे।

# डिग्री कॉलेज के दो छात्र गुटों पर जूतमपैजार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एमबीपीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव होंगे या नहीं, यह तो स्पष्ट नहीं है, लेकिन संभावित प्रत्याशियों की तैयारियों ने माहौल को गर्मा दिया है। सोमवार को चुनावी गतिविधियों के दौरान दो छात्र गुट आपस में भिड़ गए। बात इतनी बढ़ी कि हाथापाई और मारपीट तक पहुंच गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को किसी तरह संभाला और दोनों पक्षों के बीच सुलह कराई। घटना सोमवार दोपहर करीब एक बजे की है। बताया जा रहा है कि 13 अगस्त को कॉलेज की एक छात्रा से छेड़छाड़ की घटना हुई थी, जो तब शांत कर दी गई थी। लेकिन सोमवार को चुनावी रणनीति को लेकर जुटे दो छात्र गुटों में इसी पुराने मामले को लेकर तनाव बढ़ गया और देखते ही देखते दोनों गुटों के बीच मारपीट शुरू हो गई। कॉलेज प्रशासन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद भोटियापड़ाव पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। छात्रों का आरोप है कि एक गुट में वे छात्र भी शामिल थे, जो पूर्व में छात्रा से छेड़छाड़ के आरोपित रहे हैं। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि अब तक किसी पक्ष की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। यदि शिकायत मिलती है तो मामले में विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### यूसीसी पंजीकरण के लिए निगम ने लगाया शिविर

**हल्द्वानी।** समान नागरिक संहिता कानून (यूसीसी) लागू होने के बाद विवाह पंजीकरण का काम शुरू हो गया है। नगर निगम की ओर से सोमवार से यूसीसी के अंतर्गत विवाह पंजीकरण का विशेष शिविर लगाया गया। पहले दिन सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान ने खुद पहला रजिस्ट्रेशन कराते हुए इसकी शुरुआत की। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि नगर निगम कार्यालय में भी सभी कार्मिकों का विवाह पंजीकरण किया जा रहा है तथा प्रतिदिन आम नागरिकों के लिए भी व्यवस्था नगर निगम में की गई है। उन्होंने बताया कि नगर निगम के कार्मिकों का यूसीसी रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है। नगर निगम में अब तक लगभग 8790 पंजीकरण कराए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त नगर निगम के समस्त 60 वार्डों में भी शिविरों के माध्यम से भी रजिस्ट्रेशन कराए जा रहे है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने यूसीसी विवाह पंजीकरण की फीस निशुल्क कर दी है। उन्होंने आम जनमानस से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में विवाह पंजीकरण कराएं।

### योगेश पंत बने देवभूमि उद्योग व्यापार मण्डल के सदस्य

**हल्द्वानी।** सोमवार को रामपुर रोड स्थित गायत्री एअरकॉन प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिष्ठान में देवभूमि उद्योग व्यापार मण्डल की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें व्यापारियों और उपभोक्ताओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के साथ संगठन विस्तार की रणनीति तैयार की गई। इस अवसर पर गायत्री एअरकॉन के डायरेक्टर योगेश पंत सहित दर्जनभर व्यापारियों ने विधिवत रूप से संगठन की सदस्यता ग्रहण की। मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर ने सभी नवसदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी और संगठन की भावनाओं से अवगत कराया। बैठक में गोपाल भट्ट, रवि गुप्ता, राजकुमार केशरवानी, विनय सिंह चौहान, अवनीश गुप्ता, प्रेम सिंह परिहार, संदीप सिंह, महेश चंद्र पनेरु, भुवन चंद्र, निश्चल जोशी, हर्ष सिंह जलाल, ललित पंत, बालम सिंह, अमित बुधलाकोटी, हर्षित कुमार, श्याम सिंह नेगी, अजय गोयल, ललित मोहन फुलारा आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# शिविर का लाभ उठाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** डीएम के निर्देश पर नगर निगम की और से लगाए जा रहे जन सुविधा शिविरों के अंतर्गत सोमवार को वार्ड 55 और 56 में शिविर लगाया गया। जीतपुर नेगी रामपुर रोड तथा वार्ड 55 में जन मिलन केंद्र पर आयोजित इन शिविरों में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और विभागीय सेवाओं का लाभ उठाया। इस दौरान विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में लोगों की समस्याएं सुनी गयी। शिविरों में विद्युत, जल संस्थान, सिंचाई, पूर्ति विभाग और नगर निगम के अधिकारी के समक्ष लोगों ने अपनी समस्याएं रखी, जिनका पंजीकरण कर उन्हें आवश्यक कार्यवाही के लिए अग्रसारित किया गया। शिविर में आधार सेवा के अंतर्गत कुल 20 आधार कार्ड बनाए एवं संशोधित किए गए। विद्युत विभाग में 3 शिकायतें दर्ज हुई, जिनमें नए मीटर लगवाने, विद्युत कनेक्शन के स्थानांतरण तथा नेक्सा शोरूम रामपुर रोड के समीप विद्युत तारों के लटकने से संबंधित शिकायतें शामिल थी। विभाग की और से इन प्रकरणों पर आवश्यक कार्यवाही की गई। पूर्ति विभाग में 9 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें राशन कार्ड में पता परिवर्तन, नाम जोड़े जाने एवं ऑनलाइन प्रक्रिया से जुड़ी शिकायतें थी। इसके अतिरिक्त दिव्यांग नागरिक द्वारा राशन कार्ड बनाए जाने संबंधी शिकायत भी दर्ज हुई, जिस पर पूर्ति विभाग ने दस्तावेजों की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की। नगर निगम से संबंधित शिकायतें मुख्यतः स्ट्रीट लाइट लगवाने एवं उनकी मरम्मत से जुड़ी थी।

# काठगोदाम रामलीला कमेटी का गठन

## संदीप राणा अध्यक्ष, नीरज उपाध्यक्ष, हिमांशु शाही बने सचिव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम रामलीला मंचन को लेकर नगर निगम इंटर कॉलेज के प्रांगण में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामलीला आयोजन की तैयारियों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही पिछले वर्ष का आय-व्यय विवरण पूर्व अध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत किया गया। बैठक के दौरान रामलीला कमेटी की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें संदीप राणा (राजा) को कमेटी का अध्यक्ष चुना गया। इसके अतिरिक्त नीरज बिष्ट, प्रदीप बिष्ट, सोनू बिष्ट, विजय सिंह को उपाध्यक्ष, हिमांशु शाही, राजू रावत, चंदन गौरा व सागर मनराल सचिव, सचिन राणा, विकास कुमार, अमन राणा, विवेक



बिष्ट को उपसचिव दीप चंद्र तिवारी, धरम चंद्र, मिथिलेश जोशी को कोषाध्यक्ष चुने गए। जबकि रामलीला मंचन निर्देशक मोहन बिष्ट, भुवन तिवारी, कमल कुंवर, भीम बिष्ट होगे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष संदीप राणा ने बताया कि रामलीला मंचन की तैयारियाँ जोरों पर हैं और सभी जिम्मेदारियां संबंधित सदस्यों को सौंप दी गई हैं। रामलीला का शुभारंभ 23 सितंबर से होगा और रिहर्सल की शुरुआत (आज) मंगलवार से कर दी जाएगी। उन्होंने समस्त धर्मप्रेमी जनता से अपील की कि जो भी व्यक्ति रामलीला मंचन में भाग लेना चाहता है, वह समय से रिहर्सल में पहुंचे और अपनी सहभागिता दर्ज कराए। बैठक में बहादुर सिंह बिष्ट, पान सिंह बिष्ट, प्रमोद जोशी, प्रेमा शाही, महेश राणा, मनोज बिष्ट, संतोष राणा, कंचन अनेरिया, मनोज कुमार, लक्ष्मण गौनी, संजय साह, संजय बिष्ट, जगत सिंह (जग्गू), पंकज अधिकारी, गिरिश शर्मा, विनोद मालीवाल, रमेश बिष्ट, सुनील डांगी, रुबन सिंह, अजय जोशी, विजय गोसाई मौजूद रहे।

# जल्द रिलीज़ होगी 'बोल्या काका': पांडे




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में शूट की गई दो बहुप्रतीक्षित फिल्मों बोल्या काका और दून एक्सप्रेस जल्द ही उत्तराखंड सहित भारत के कई राज्यों में रिलीज होंगी। इस संबंध में अभिनेता हेमंत पांडे ने एक होटल में पत्रकार वार्ता के दौरान कहीं।

अभिनेता हेमंत पांडे ने कहा कि बोल्या काका फिल्म उत्तराखंड की सामाजिक समस्याओं पर आधारित है, जिसमें हेमंत सूत्रधार की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म के निर्देशक व लेखक शिव नारायण सिंह रावत हैं, जिनके पास फिल्म इंडस्ट्री का 50 वर्षों का अनुभव है। वहीं दून एक्सप्रेस फिल्म महिला सशक्तिकरण और एक 10 वर्षीय लड़की के संघर्ष की कहानी है, जिसमें हेमंत एक पॉलिटिकल लीडर की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म के निर्माता दीपक पांडे और ममता पांडे जबकि निर्देशक व लेखक अनुग्रह अग्निहोत्री हैं। फिल्म निर्माताओं ने मांग की कि उत्तराखंडी फिल्मों को राज्य के सिनेमा हॉलों में प्राइम टाइम में जगह मिले, जिससे क्षेत्रीय भाषा और संस्कृति को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से उत्तराखंडी फिल्म इंडस्ट्री को सहयोग देने की अपील भी की। पत्रकार वार्ता में अनुग्रह अग्निहोत्री, दीपक पांडे, जय प्रकाश अग्रवाल, ममता पांडे भूषण छावड़ा आदि मौजूद रहे।

# अस्पताल में बांटे फल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रोटरी क्लब हल्द्वानी ने सामाजिक सेवा की मिसाल पेश करते हुए महिला अस्पताल और बाल सुधार गृह का दौरा किया। जहां जरूरतमंदों के बीच फल व मिठाई वितरित कर उनके साथ सहभावना और एकात्मता प्रकट की गई।



क्लब के सदस्यों ने सबसे पहले महिला अस्पताल पहुंचकर मरीजों और उनके तीमारदारों को फल व मिठाई भेंट की और उनके दु:ख-दर्द को साझा किया। साथ ही भविष्य में भी हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद रोटरी क्लब बाल सुधार गृह पहुंचा, जहां उन्होंने बच्चों के साथ समय बिताया और उन्हें रोजमर्रा की दिनचर्या से अलग हटकर मिठाई और फल खिलाए। इस अवसर पर रोटरी क्लब हल्द्वानी के प्रमुख सदस्य मनोज शाह, वीके शर्मा, रमेश शर्मा, अनिल कर्नाटक, ललित मोहन भट्ट, नवीन पांडे, मनीष मित्तल, गिरीश गुप्ता, आरआर आर्या, आशीष दुम्का समेत कई अन्य पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

# गर्वित ने शतरंज में बढ़ाया गौरव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र गर्वित पन्त ने राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर स्कूल और उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। उत्तराखंड स्टेट चेस एसोसिएशन द्वारा 11 से 13 अगस्त तक किच्छा में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गर्वित ने 6 मुकाबलों में से 4 में जीत दर्ज की, जबकि एक मुकाबला ड्रा रहा। इस प्रदर्शन के आधार पर उन्होंने आंध्र प्रदेश में 21 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक होने वाली राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में अपनी जगह पक्की कर ली है। पिछले दो वर्षों से शतरंज में सक्रिय गर्वित ने बताया कि उत्तराखंड टीम में उनके



साथ देहरादून से सिराली, रुद्रपुर से शुशील जैन, और हल्द्वानी से धैर्य बोरा भी शामिल हैं। गर्वित की इस उपलब्धि पर स्कूल में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य डा. प्रवीन्द्र कुमार रौतेला, सुरेश चन्द्र मिश्रा, महेश चन्द्र जोशी, प्रदीप मित्रा, सुन्दर सिंह कपकोटी, लीला रावत सहित सभी शिक्षकों और छात्रों ने गर्वित को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# चेहल्लुम पर खेले गए हैरतअंगेज़ अखाड़े, खिलाड़ियों को इनाम देकर किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आज़ाद नगर के ख्वाजा चौक में चेहल्लुम के मौके पर प्यारे नबी के नवासे हज़रत हुसैन की शहादत को याद किया गया। कर्बला के 72 शहीदों को याद करते हुए अखाड़ा शमशीर ए हैदरी के खिलाड़ियों ने अखाड़े का प्रदर्शन किया।

तलवार, तबल, बल्लम, गतकों व लाठी से हैरत में डाल देने वाले अखाड़े पेश किए गए। इस खास मौके पर हज़रत शमशुद्दीन तुर्क पानीपत के गद्दी नशीन हज़रत सैय्यद मेराज मियां मुख्य अतिथि और पार्षद प्रतिनिधि हाजी राशिद विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों की हौसला अफज़ाई की और हजरत हुसैन के



रास्ते पर चलने की ताकीद भी की। अखाड़े के उस्ताद अब्दुल समद ने बताया कि हर साल चेहल्लुम के मौके पर खिलाड़ी अपने खेल पेश करते हैं और पूरी शिद्दत के साथ अखाड़ा शमशीर ए हैदरी में शिरकत करते हैं। अंत में अखाड़ा शमशीर ए हैदरी द्वारा इसी साल मोहर्रम के मौके पर निकाले गए जुलूस में शानदार प्रदर्शन करने वाले शागिर्दों खलीफाओं और सरपरस्तों को इनाम वितरित किए है और कर्बला को अपनी जिंदगी में उतारने का अहद (इरादा) लिया गया कि चाहे जिस हाल में हों हक और सच्चाई पर रहना है। इस खास मौके पर नवनियुक्त ओहदेदारों का भी एलान किया गया जिसमें आफताब आलम को अध्यक्ष, मो. अतीक को उपाध्यक्ष, राशिद नबी को सचिव, मो.सलीम को उपसचिव, साजिद हुसैन को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर खलीफा हबीबुल, दिलदार हुसैन, मो. राशिद, एजाज अंसारी, तौफीक अहमद, जावेद, जरगाम, मो. हनीफ, कदीर, आकिब, शादाब, सुहैल, शाहरुख, साबिर, फरीद, दानिश, नाज़िम, तस्लीम, फईम, हारून, शकील समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# चॉकडाउन हड़ताल पर रहे शिक्षक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** राजकीय शिक्षक संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर सोमवार से शिक्षकों का चॉकडाउन और कार्य बहिष्कार का आंदोलन शुरू हो गया है। राजकीय शिक्षक संघ के पूर्व मंडलीय मंत्री डा. कन्नू जोशी ने बताया कि विगत कई वर्षो से पदोन्नति प्रक्रिया रुकी हुई है। शिक्षक जिस पद पर सेवा प्रारंभ कर रहे हैं। 25-30 वर्षो तक उसी पद पर सेवा करके रिटायर हो जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त स्थानांतरण, वेतन विसंगति, यात्रावकाश तथा चयन प्रोन्नत में एक वेतनवृद्धि सभी शिक्षकों को मताधिकार आदि कई अन्य समस्याएं भी हैं जिनका कई वर्षो से निराकरण नहीं हो पाया है। दूसरी ओर सोमवार को प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर भीमताल ब्लाक के राजकीय इंटर कालेज रौशिल में भी कार्य बहिष्कार करते हुए प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में डा. कन्नू जोशी, महेंद्र चिलवाल, हेम त्रिपाठी, आभा वर्मा, नरेंद्र नाथ गोस्वामी तथा नवीन भट्ट रहे।

### कार-टेंपा की भिड़ंत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सोमवार को नैनीताल रोड के पास टैंपो व कार की भिड़ंत हो गयी। इस हादसे में कोई कोई घायल नहीं हुआ। घटना ने बाद कार व टैंपो चालक के बीच जमकर बहस हो गयी और देखते ही देखते सड़क में जाम लग गया। बताया जाात है कि घटना के बाद कार और टेंपो चालक में बहस हो गई और राहगीर इस घटना का वीडियो बनाने लगे। यह देख कार और टेंपो चालक उस व्यक्ति से लड़ बैठे, जो वीडियो बना रहा था। दोनों वीडियो बनाने वाले पर वीडियो डिलीट करने का दबाव बनाने लगे। इस वजह से तिकोनिया से लेकर सौरभ होटल तक जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जाम खुलवाया और वाहनों को आगे भेजा। पुलिस कार और टैंपो चालक को भोटियापड़ाव चौकी ले गई। चौकी प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# राजकीय शिक्षक संघ का पीएम श्री राजकीय इंटर कालेज बागवाला में धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** राजकीय शिक्षक संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी के आहवान पर सभी स्तरों पर रूकी हुई पदोन्नति प्रक्रिया की बहाली, वर्तमान सत्र की रूकी हुई स्थानांतरण प्रक्रिया को गतिमान करने चयन प्रोन्नत वेतन निर्धारण पर कोर्ट के हालिया निर्णय के अनुरूप एक वेतनवृद्धि दिये जाने हेतु आदेश जारी करने, वरिष्ठ कनिष्ठ वेतन निर्धारण पर प्राथमिक शिक्षकों हेतु जारी आदेश के समान माध्यमिक शिक्षकों हेतु भी आदेश जारी करने, प्रधानाचार्य सीधी भर्ती को हर हाल में निरस्त करने अटल आदर्श विद्यालयों में पूर्व से कार्यरत तथा नवीन चयनित शिक्षकों के गुणांक समान करने तथा उन्हें स्थानांतरण प्रक्रिया में समान रूप से शामिल करने आदि प्रमुख मांगों के समर्थन तथा इस सम्बन्ध में विभाग तथा सरकार के उदासीन रवैये के विरोध में शिक्षकों ने हड़ताल शुरू करते हुए धरना प्रदर्शन किया।

इस दौरान शिक्षकों ने मांगे पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रखने का ऐलान किया।

प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार चौधरी ने कहा कि यदि शीघ्र ही समस्त मांगें पूरी नहीं की गयी तो आंदोलन उग्र रूप लेगा तथा 25 अगस्त को ब्लाक मुख्यालय 27 अगस्त को जिला मुख्यालय तथा 29 अगस्त को मंडल मुख्यालय तथा 1 सितम्बर से शिक्षा निदेशालय देहरादून में जनपदवार धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

विरोध प्रदर्शन के दौरान हरिदास विश्वास, राजेन्द्र सिंह, गरिमा पाण्डे, डा. उमाशंकर, दीपक अरोरा, विना. द कुमार, यश यादव, नीलिमा को. हली, शमशेर सिंह खोलिया, कवीन्द्र सिंह नेगी, मनोज कुमार आगरी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# अवैध लिंग परीक्षण अथवा अवैध क्लीनिक संचालकों पर रखी जाए कड़ी नजर: सीडीओ

- पीसीपीएनडीटी ) अधिनियम को लेकर हुई कार्यशाला
- जनपद के पंजीकृत अल्ट्रासाउंड, एमआरआई, सीटी स्कैन संचालकों ने किया प्रतिभाग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी की अध्यक्षता में पूर्व गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) अधिनियम की जानकारी हेतु एक दिवसीय कार्यशाला जिला सभागार में आयोजित हुई। जिसमे जनपद के पंजीकृत 145 अल्ट्रासाउंड, एमआरआई, सीटी स्केन संचालक. को द्वारा प्रतिभाग किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि पीसीपीएनडीटी अधिनियम का मुख्य उद्देश्य प्रसव पूर्व निदान तकनीकों का उपयोग करके लिंग चयन को रोकना और कन्या भ्रूण हत्या को रोकना है। उन्होंने कहा अधिनियम के तहत जन्म से पूर्व शिशु के लिंग के जांच पर पाबंदी है, एसे में अल्ट्रासाउंड या अल्ट्रासोनोग्राफी कराने वाले अथवा करने वाले चिकित्सकों/संचालकों को तीन से पांच साल सजा अथवा जुर्माने की सजा का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि सभी अल्ट्रासाउंड, सीटी स्केन, एमआरआई सेंटर अपनी मशीनों को ठीक-ठाक रखे तथा सभी सूचना प्रपत्रों को भरे। उन्होंने सभी संचालकों से सेन्टरों के बाहर पीसीपीएनडीटी अधिनियम, अल्ट्रासाउंड संच. लक की जानकारी व मुखबिर योजना का बोर्ड लगाकर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा सभी अल्ट्रासाउंड, सीटी स्केन, एमआरआई सेन्टर संचालक अथवा उसमे काम करने वाले कार्मिक मुखबिर योजना के तहत अवैध लिंग परीक्षण अथवा अवैध क्लीनिक संचालकों की सूचना प्रशासन अथवा सीएमओ कार्यालय में देने में सहयोग करें।

कार्यशाला में मुख्य चिकित्साधिकारी डा. केके अग्रवाल ने कहा कि सभी अल्ट्रासाउंड, अल्ट्रासोनोग्राफी सेंटर प्रबन्धकों से कहा कि वे सेंटरों में किये जा रहे अल्ट्रासाउंड का शतप्रतिशत पंजीकरण करने व आवश्यक सूचनाएं प्रपत्रों में पूर्ण भरने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अल्ट्रासाउंड की सूचना प्रत्येक माह की 05 तारीख तक सीएमओ कार्यालय को उपलब्ध कराएं। उन्होंने हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की सूचना देने में सहयोग करने के साथ ही क्लिनिक प्रबंधकों को उनके सेंटरों में किये जा रहे चेस्ट एक्सरे की रिपोर्ट की सूचना देने के निर्देश दिये ताकि टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाया जा सकें।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एसपी सिंह, डा. हरेन्द्र मलिक, डा. अजय ठक्कर, डा. स्मीता, डा. अजय कुमार, डा. रीता, डा. गिरीश टाक, डा. रूही रस्तोगी, डा. भरत, डा. नरेश कुमार, डा. आरएफ खान, डा. आरएस बाठला, डा. नितिन चौहान, डा. सीमा सिंह, डा. जितेश आर्या सहित अनेक सेंटर प्रबंधक, टेक्नीशियन मौजूद थे।

## एक नजर

# जामा मस्जिद के प्रशासक कामिल की मां का हुआ इंतकाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** वरिष्ठ भाजपा नेता व जामा मस्जिद रहमानिया मदरसा के प्रशासक कामिल खान की माता फहमीदा बेगम का सोमवार तड़के इंतकाल हो गया। वह काफी लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थी। सोमवार की सुबह अचानक ज्यादे तबीयत खराब होने के कारण घर पर ही उनका निधन हो गया। वहीं उनके निधन से परिजन गमजदा हैं तथा क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके निधन पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, पत्रकार दीपक फुलेरा, इस्तियाक अंसारी, मुस्तकीम मलिक, गोरख नाथ, सुनील कुमार, उत्तम कुमार, एस.के राय, सतीश गोयल, मनोज वाधवा, विश्वनाथ यादव, आशीष श्रीवास्तव, असलम अंसारी, रवीश भटनागर, संतोष अग्रवाल, महेंद्र ठाकुर, तरुण ठाकुर, मनोज गुलाटी, डॉक्टर मनोज बत्रा, अमरजीत सिंह आदि ने शोक प्रकट किया।

# मदर इण्डिया पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय पुस्तक मेले का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** मदर इण्डिया पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन वर्ल्ड विजन पब्लिकेशन्स द्वारा किया गया। यह पुस्तक मेला 11, 13, 18, अगस्त को आयोजित किया गया।



पुस्तक मेले में विभिन्न पुस्तकें उपन्यास, हिन्दी व अंग्रेजी की कहानी की पुस्तकें, आटोबायोग्राफी और विज्ञान गणित सामान्य ज्ञान सहित अन्य पुस्तकें भी प्रदर्शित की गई हैं। पुस्तक मेले का शुभारम्भ विद्यालय की प्रबन्धिका डौली विज एवं प्रधानाचार्य महेश चन्द्र उनियाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उन्होंने बताया कि पुस्तक मेला लगाने का उद्देश्य बच्चों में पढ़ने और सीखने की जिज्ञासा पैदा करना है। वर्तमान समय में जहां इन्टरनेट का उपयोग बढ़ता जा रहा है जिसके कारण विद्यार्थियों में पढ़ने की जिज्ञासा एवं रूचि समाप्त होती जा रही है जिसमे इस तरह के पुस्तक मेले का आयोजन बच्चों में पढ़ने की जिज्ञासा को बढ़ाने में उपयोगी सिद्ध हो सकता है। पुस्तक मेले में बच्चों ने बढ़चढ़कर प्रतिभाग किया।

# कांग्रेसी पार्षद से अभद्रता पर कांग्रेसियों का फूटा गुस्सा

- रम्पुरा चौकी में कांग्रेस पार्षदों और कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रम्पुरा चौकी में पार्षद परवेज कुरैशी के साथ हुई अभद्रता के विरोध में सोमवार को कांग्रेस पार्षदों और कार्यकर्ताओं ने चौकी पहुंचकर विरोध जताया। इस दौरान उन्होंने धरना दिया और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस सत्ता पक्ष के इशारे पर काम कर रही है और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जानबूझकर उत्पीड़ित किया जा रहा है। धरना स्थल पर कांग्रेस नेता मोहन खेड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार में विपक्षी कार्यकर्ताओं की आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दो पक्षों में विवाद सुलझाने के मकसद से पार्षद परवेज कुरैशी चौकी पहुंचे थे, लेकिन पुलिस ने न केवल उनकी बात अनसुनी कर दी बल्कि उनके साथ अभद्रता कर चौकी से बाहर जाने को कह दिया। यह एक जनप्रतिनिधि का अपमान है। खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को टारगेट करना भाजपा का एजेंडा बन चुका है, जिसे किसी भी हालत में सहन नहीं किया जाएगा। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने भी पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि चौकी पुलिस भाजपा नेताओं की कठपुतली बन गई है और निष्पक्ष कार्रवाई करने के बजाय पक्षपातपूर्ण रवैया अपना रही है। उन्होंने चेता. वनी दी कि यदि पुलिस ने अपनी मनमानी बंद नहीं की तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। पार्षद परवेज कुरैशी ने आरोप लगाया कि रम्पुरा चौकी पुलिस उन्हें जानबूझकर टारगेट कर रही है और चौकी में आने से रोक रही है। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस ने अपना रवैया नहीं सुधारा तो मैं चौकी के सामने ही आत्महत्या करने को मजबूर हो जाऊंगा। कुरैशी ने घटना का ब्योरा देते हुए बताया कि एक व्यक्ति द्वारा महिला से छेड़छाड़ किए जाने की शिकायत लेकर वे महिला के पति और परि. जनों के साथ चौकी पहुंचे थे। लेकिन कार्रवाई करने के बजाय पुलिस ने शिकायतकर्ता और उसके तीन रिश्तेदारों को चौकी में बैठा लिया। परवेज ने आरोप लगाया कि जैसे ही भाजपा के एक नेता का फोन चौकी में आया, पुलिस ने पीड़ित पक्ष पर ही कार्रवाई शुरू कर दी और जब उन्होंने निष्पक्ष जांच की मांग की तो उनके साथ धक्का-मुक्की और अभद्रता कर चौकी से बाहर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक होने के कारण पुलिस उनके साथ भेदभाव कर रही है। विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस पार्षद सौरभ बेहड़, गौरव खुराना, इन्द्रजीत सिंह, जितेश शर्मा, सोफिया, शकील पाशा, जबेद, शकील चन्द्रा, राहुल, सोनू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सरकार के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोश

- नेता प्रतिपक्ष आर्य सहित कांग्रेस नेताओं पर दर्ज मुकदमों के विरोध में पुतला फूंका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** नैनीताल जनपद में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य सहित कांग्रेस नेताओं पर दर्ज किए गए मुकदमों के विरोध में सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डीडी चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पुतला फूंककर अपना आक्रोश प्रकट किया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में जुटे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार पर लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पंचायत चुनाव से लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख चुनाव तक सत्ता पक्ष ने खुलेआम नियमों को ताक पर रखा। जिलाध्यक्ष गावा ने कहा कि भाजपा सरकार ने पहले तो पंचायत चुनाव में आरक्षण को लेकर मनमानी की और फिर मतदान प्रक्रिया में भी सत्ता का दुरुपयोग कर लोकतांत्रिक परंपराओं का गला घोंट दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख चुनाव में भाजपा नेताओं ने खुलेआम अपहरण जैसी शर्मनाक घटनाओं को अंजाम दिया।

नैनीताल में जिला पंचायत चुनाव के दौरान पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में गुंडागर्दी की गई और राज्य को शर्मसार करने वाली घटनाएं घटीं।

महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने कहा कि प्रदेश में पूरी तरह से जंगलराज कायम हो चुका है। सरकार ने जानबूझकर पंचायत चुनाव में सात माह की देरी करवाई ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाता ग्रामीण क्षेत्रों में भी मतदान कर सकें और सत्ता पक्ष को फायदा मिले। मीना शर्मा ने कहा भाजपा सरकार ने न केवल आरक्षण की प्रक्रिया में नियमों की धज्जियां उड़ाई बल्कि पूरे चुनाव में प्रशासनिक तंत्र को अपनी कठपुतली बनाकर रखा। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि यशपाल आर्य सहित कांग्रेस नेताओं पर दर्ज मुकदमे शीघ्र वापस नहीं लिए गए तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

पुतला फूंकने वालों में महानगर अध्यक्ष सौंपी शर्मा, अनिल शर्मा, योगेश चौहान, हरेन्द्र पाल, ममता रानी, सतीश कुमार, उमा सरकार, सुनील आर्य, बाबू विश्वकर्मा, महेश कोली, बाबू खान, ज्योति टम्टा, छत्रपाल, लक्की खान, आजम खान, उमर खान, रविन्द्र गुप्ता, संजीव रस्तौगी, जमील, राजेन्द्र शर्मा, अबरार, राहुल प्रजा. पति, हरिविजय, रामप्रसाद, नरेश पाल, सुदर्शन प्रजापति, रामपाल, बेबी सिकदर समेत तमाम कांग्रेसी थे।

# जीर्ण-शीर्ण सड़क के डामरीकरण की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मयूर विहार सेक्टर नंबर 2 व 3 अमांऊ खेतलसंडा खाम के निवासियों ने भाजपा नेता नवीन बोरा के नेतृत्व में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को एक शिकायती पत्र सौंप कर मेलाघाट रोड बग्घा कॉलोनी से होते हुए मयूर विहार सेक्टर 2 व 3, वार्ड नंबर 6 की जीर्ण-शीर्ण मुख्य सड़क पर डामरीकरण कराने की मांग की। शिकायती पत्र में उन्होंने कहा है कि इस मार्ग में जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं जिस कारण छोटे वाहनों और स्कूली बच्चों का आवागमन बंद हो गया है तथा स्कूली बच्चों सहित कई लोग इन गड्ढों में गिरकर चोटिल भी हुए हैं। इस मार्ग की दशा इतनी खराब है कि इस पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है और आए दिन दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं। इसलिए प्रभावितों ने शिकायती पत्र के माध्यम से लोक निर्माण विभाग द्वारा उक्त जीर्ण-शीर्ण सड़क पर डामरीकरण कराने की गुहार लगाई है। शिकायती पत्र में भाजपा नेता नवीन बोरा, बाबूलाल आर्या, ईशु ठाकुर, लाल सिंह, जितेंद्र सिंह, महेंद्र खोलिया लीला बोरा तथा लता वर्मा सहित दर्जनों लोगों के हस्ताक्षर थे।

# भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दिनेशपुर/गदरपुर।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को मुख्य चौक पर भाजपा सरकार का पुतला फूंका। नैनीताल में जिला पंचायत सदस्यों को भाजपा के पदाधिकारियों व प्रशासन की मिलीभगत से हथियारों के बल पर अगवा कर मतदान से रोकने की निंदा की। सोमवार को आयोजित सभा में कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने इस घृणित कार्य करने वालों को दंड देने के बजाय भाजपा सरकार के दबाव में कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य व नेता उप प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी व अन्य नेताओं के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कानून की धज्जियां उड़ाई है। जबकि पूरे प्रदेश व देश ने भाजपा सरकार का यह घृणित कार्य देखा है। कांग्रेस पार्टी इसका विरोध कर निंदा करती है और लोकतंत्र की जिंदा रखने के लिए सड़क से सदन तक लड़ेगी। यहां कांग्रेस प्रदेश महिला मंत्री ममता हाल्दार, पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, नगर अध्यक्ष डा. नारायण हाल्दार, विकास सरकार, विरेन्द्र कुमार मंडल, अजय राय, सपन सरदार, निमाई राय, सुभाष भक्त, गौरव कुमार, राकेश बढला आदि मौजूद रहे।

**गदरपुर।** कांग्रेस नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के विरोध में कांग्रेसियों ने सोमवार को प्रदर्शन किया। नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी के नेतृत्व में सोमवार को कार्यकर्ताओं ने हजारीलाल पंप के पास प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला फूंका। भुसरी ने आरोप लगाया कि पंचायत चुनावों में सत्ता के दुरुपयोग एवं शासन-प्रशासन की मिलीभगत से चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, सुभाष बेहड़, विजय भुड्डी, श्रीनाथ विश्वास, टीकामखेड़ा, मोहम्मद शाकिर, मन्नू चौधरी, सलीम बाबा आदि रहे।

# 15 अगस्त से दीपावली तक के कनेक्शन धरक ले सकेंगे इंडेन गैस की इनामी योजना का लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की तर्ज पर हर घर एलपीजी गैस सिलेंडर पहुंचाने के लिए इंडियन इनामी योजना शुरू की गई है। शिव इंडियन गैस एजेंसी खटीमा 15 अगस्त से दीपावली तक नए कनेक्शन धारक को एक लाइटर मुफ्त देगा। इसके अतिरिक्त इस दौर के नए कनेक्शन धारक व डीबीसी कनेक्शन लेने वाले को इनामी योजना में सम्मिलित कर कर प्रथम द्वितीय तिरछी तथा 45 सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे।

प्रथम पुरस्कार इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी, द्वितीय एलइडी टीवी तृतीय वाशिंग मशीन सहित 45 सांत्वना पुरस्कार सम्मिलित हैं। उधम सिंह नगर के वितरण प्रबंधक हर्षित पंत एवं शिव इंडियन गैस एजेंसी एमडी अंजू सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 15 अगस्त से गैस कनेक्शन लेने वाले कनेक्शन धारकों के कूपन इनामी योजना के लिए सुरक्षित किए गए हैं। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा धन सिंह सामंत, हंसराज प्रबंधक, ललित सिंह उप प्रबंधक, आरती, पुष्पा, कविता, रेखा, रितु, फिरता सिंह, कमल राणा, योगेंद्र सिंह, बबली रानी, बृजेश राणा, नरेश सिंह, अर्जुन सिंह, जितेश सिंह आदि मौजूद थे।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूंका धामी सरकार का पुतला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य पर दर्ज हुए मुकदमों से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर धामी सरकार का पुतला दहन किया। वहीं लोकतंत्र की हत्या करने का लगाया आरोप।

किसान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष हरमिंदर सिंह लाडी की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहां बाजपुर ब्लाक प्रमुख पति जोरावर सिंह भुल्लर, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पवन शर्मा, नगर अध्यक्ष सत्यवान गर्ग, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष नवदीप सोनू कंग, जिला पंचायत सदस्य फुरकान, साबिर हुसैन, निसार अहमद, सादक, शेर सिंह, अजीत सिंह रंधावा आदि मौजूद रहे।

# शिक्षकों ने किया कार्य बहिष्कार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखंड के आह्वान पर आज ब्लॉक जसपुर के समस्त 21 विद्यालयों में लंबित मांगों को लेकर चॉक डाउन एवं कार्य बहिष्कार किया गया। राजकीय शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि इसमें सभी 194 शिक्षक साथियों का सहयोग मिला अभी आंदोलन निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप चलता रहेगा एवं 23 अगस्त तक चॉक डाउन एवं कार्य बहिष्कार किया जाएगा 25 तारीख को समस्त शिक्षक खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय जसपुर में धरना देंगे।

# इनरव्हील क्लब द्वारा चार छात्राओं को प्रदान की गई साइकिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** जसपुर इनरव्हील क्लब द्वारा पंडित पूर्णानंद तिवारी इंटर कॉलेज की चार छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई स आज सोमवार को क्लब अध्यक्ष रेनू गोयल के नेतृत्व क्लब की पदाधिकारी पंडित पूर्णानंद तिवारी इंटर कॉलेज पहुंची जहाँ उन्होंने कॉलेज की कक्षा 06 की गुंजन निवासी नारायणपुर, अंजली निवासी हल्दुआ साहू, भूमिका निवासी धर्मपुर तथा कक्षा 08 की सलोनी निवासी मडुवाखेड़ा को इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष रेनू गोयल और उनकी टीम द्वारा साइकिल प्रदान की गई ताकि छात्राएं पठन पाठन हेतु विद्यालय आने में जो कठिनाइयां महसूस करती हैं, उनसे छुटकारा मिल सके। साइकिल पाकर चारों छात्राएं बहुत प्रसन्न और उत्साहित हुई और छात्राओं एवं उनके अभिभावकों ने इनर व्हील क्लब का शुक्रिया अदा किया।

इनरव्हील क्लब द्वारा छात्राओं को दी गई सौगात पर प्रधानाचार्य डा. सर्वेश कुमार वर्मा ने इनर व्हील क्लब की अध्यक्षा रेनु गोयल, उपाध्यक्ष मीता अग्रवाल, सचिव संगीता शर्मा, कोषाध्यक्ष ममता अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल आईख एसख ओख, स्वाति, मौनल अग्रवाल, चारु, प्रिया गर्ग आदि को पूरे विद्यालय परिवार की ओर से धन्यवाद प्रेषित किया। इस अवसर पर मनीषा, प्राची अग्रवाल, मंजू, सीमा गर्ग, बबीता, शिवांगी, निशी रेशमा सिद्दीकी राजिंदर कौर आदि भी उपस्थित रहीं।

# गांव बाजपुर में मृतक के परिवार को सौंपा चार लाख का चेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** पूर्व राज्य दर्जा मंत्री राजेश कुमार एवं एसडीएम डॉक्टर अमृता शर्मा, तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट ने बाजपुर में बाढ़ आपदा में बहे पिता-पुत्र की मृत्यु के बाद आपदा राहत कोष से दूसरा चेक कामिल की मृत्यु के बाद का चार लाख का सौंप दिया। इस प्रकार इस पीड़ित परिवार को पुष्कर सिंह धामी की सरकार के द्वारा विशेष सहयोग सांसद अजय भट्ट के प्रयास से अब तक आठ लाख की सहायता राशि आपदा मद से दी जा चुकी है। इस मौके पर ग्राम प्रधान सोनू, रफी अंसारी आदि मौजूद रहे।



# नवाचार अध्ययन के लिए मेयर आज भोपाल रवाना होंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शहरी विकास विभाग की ओर से भोपाल और इंदौर में आयोजित होने जा रहे चार दिवसीय एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम में रुद्रपुर के मेयर विकास शर्मा भी प्रतिभाग करेंगे। यह कार्यक्रम 19 से 22 अगस्त तक चलेगा, जिसमें शहरी विकास की चुनौतियों, नवाचारों और बेहतर प्रथाओं पर विस्तार से जानकारी दी जाएगी। इस दौरे के लिए प्रदेश भर से चुने गए 18 जनप्रति. निधियों एवं अधिकारियों में मेयर विकास शर्मा का नाम भी शामिल है। मंगलवार को वह भोपाल के लिए रवाना होंगे। प्रतिभागियों को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल और औद्योगिक नगरी इंदौर में लागू किए गए सफल मॉडल का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया जाएगा। साथ ही स्थानीय निकायों के अधिकारियों और विशेषज्ञों से संवाद का भी अवसर मिलेगा।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, गदरपुर, उधम सिंह नगर

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं.-02 कमांक 217 पर मो. हनीफ पुत्र अब्दुल मजीद का नाम अंकित है, जिसका गृहकर 192 रू0 वार्षिक है। इकरारनामा बिक्री के आधार पर गृहकर अभिलेखों में मो. सफी पुत्र छोटे निवासी ग्राम जगतपुरा, रुद्रपुर जिला ऊधम सिंह नगर ने अपने नाम से पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया गया है, जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार नामान्तरण करने पर यदि किसी को कोई अपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ती पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ती पर विवार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वतः निरस्त समझा जायेगा, तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, गदरपुर, उधम सिंह नगर

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड न.-03 कमांक 169 पर मुकेश कुमार पुत्र स्व. लाल सिंह का नाम अंकित है, जिसका गृहकर 100 रू० वार्षिक है। इकरारनामा बिक्री के आधार पर गृहकर अभिलेखों में श्रीमती माया देवी पत्नी मदन लाल निवासी वार्ड नं.0-03 गांधी नगर गदरपुर जिला ऊधम सिंह नगर ने अपने नाम से पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया गया है, जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार नामान्तरण करने पर यदि किसी को कोई अपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ती पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ती पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वतः निरस्त समझा जायेगा, तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, गदरपुर, उधम सिंह नगर

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं.-03 क्रमांक 103 पर श्री मो. सावेज पुत्र अली अहमद का नाम अंकित है, जिसका गृहकर 165 रू० वार्षिक है। मो. सावेज की पूर्व में दिनांक 16.05.2021 को मृत्यु हो चुकी है। मृत्यु उपरान्त श्रीमती रूमा परवीन पत्नी मो. सावेज निवासी वार्ड नं.-03 गदरपुर ने भवन पर अपने नाम से गृहकर दर्ज कराने हेतु पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया गया है, जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार नामान्तरण करने पर यदि किसी को कोई अपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ती पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वतः निरस्त समझा जायेगा, तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद टनकपुर जिला चम्पावत

पत्रांक-814/ नामान्तरण सूचना/2025-26 दिनांक-11/08/25

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद टनकपुर के गृहकर पंजिका में निम्न विवरण के अनुसार पूर्व में अंकित नाम खारिज कर उनके नाम के सम्मुख अंकित व्यक्तियों के नाम दर्ज किये जाने हेतु निम्नलिखित अभिलेखों के आधार पर नागान्तरण/संशोधन किया जाना प्रस्तावित है।

| क्र. सं० | आवेदक का नाम | भवन संख्या | वर्तमान में जिस व्यक्ति का नाम दर्ज है | जिसके नाम दर्ज किया जाना है | संलग्न दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | श्रीमती सपना पत्नी श्री दिनेश कुमार वार्ड नं0 1 टनकपुर | वार्ड नं० 1 में भवन संख्या 70 | श्रीमती पार्वती देवी पत्नी श्री रामपाल | श्रीमती सपना पत्नी श्री दिनेश कुमार | आवेदन मय इकरारनामा गृहकर रसीद, पार्वती देवी पत्नी श्री रामपाल का अनापत्ति शपथ पत्र, राजकुमार पुत्र श्री रामपाल का अनापत्ति शपथ पत्र |

उपरोक्त नामान्तरण/संसोधन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो यह सूचना प्रकाशन के एक माह के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्य पालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा एवं पालिका के गृहकर पंजिका में पूर्व में अंकित व्यक्तियों के नाम खारिज कर वर्तमान में कालन नं0 5 में अंकित व्यक्तियों के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# दरऊ में दिनदहाड़े तड़तड़ाई गोलियां, दहशत



- ग्राम प्रधान के भतीजे को गोली से उड़ाया
- खूनी खेल में तब्दील पुरानी रंजिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** निकटवर्ती ग्राम दरऊ में सोमवार को दो परिवारों के बीच चली आ रही पुरानी रंजिश अचानक खूनी संघर्ष में बदल गई। आरोप है कि एक पक्ष ने दिनदहाड़े दूसरे पक्ष के घर पर धावा बोलकर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। हमले में एक युवक की गोली लगने से मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हुआ है। मृतक नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान एडवोकेट नाजिया पत्नी गफ्फार खान का भतीजा था। वारदात के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई। सूचना पर पुलिस क्षेत्रधिकारी भूपेंद्र नेगी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक हमलावर फरार हो चुके थे।

तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, दरऊ गांव में अकरम और रेहान परिवारों के बीच वर्षों से रंजिश चली आ रही है। सोमवार दोपहर इसी रंजिश के चलते रेहान पक्ष के करीब दर्जनभर लोगों ने अकरम के घर पर धावा बोल दिया।

हमलावरों ने घर के बाहर बाहर से ही ताबड़तोड फायरिंग शुरू कर दी। गोली बारी में घर के बाहर खड़ा अकरम का 25 वर्षीय पुत्र अलीम गोली लगने से गंभीर रूप से घायल होकर गिर पडा। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान एडवोकेट नाजिया पत्नी गफ्फार खान का भतीजा था।

परिजनों ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने घर की महिलाओं से अभद्रता की और उन्हें हथियारों के बल पर धमकाया। इस दौरान हमलावरों ने घर के बाहर खड़ी कार में भी तोड़फोड़ की, जो विधायक प्रतिनिधि की बताई जा रही है। घटना में एक और व्यक्ति घायल होने की खबर है, हालांकि समाचार लिखे जाने तक उसकी स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई थी।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हमलावरों की तलाश में दबिश दी जा रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए गांव में तनाव बना हुआ है। जिसके चलते मौके पर भारी फोर्स तैनात की गयी है। पूर्व प्रधान के भतीजे की दिनदहाड़े हत्या की जानकारी मिलने के बाद भारी संख्या में लोगों का पोस्टमार्टम हाउस में जमावड़ा लग गया।

इस दौरान पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर घटना की जानकारी ली। उन्होंने हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए पुसि अधिकारियों से भी बात की।

## बाइक और बोलेरो की जोरदार भिड़ंत में बाइक सवार युवक की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के ग्राम चिलकिया के समीप बाइक और बोलेरो वाहन की जोरदार भिड़ंत में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक की पहचान काशीपुर निवासी राहुल ठाकुर के रूप में हुई है। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने वाहन कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सोमवार की सुबह नेशनल हाईवे 309 पर ग्राम चिलकिया के समीप एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, बताया जा रहा है कि काशीपुर के आवास विकास कॉलोनी निवासी 29 वर्षीय राहुल ठाकुर पुत्र नेम सिंह ठाकुर अपनी बाइक से रामनगर की ओर ड्यूटी के लिए जा रहा था, राहुल प्रतिदिन इसी मार्ग से होकर अपने कार्यस्थल के लिए जाता था। इसी दौरान चिलकिया के पास अचानक सामने से आ रही बोलेरो कार और बाइक में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और राहुल गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। हादसे के बाद राहगीरों ने तत्काल पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे आपातकालीन सेवा कर्मियों ने घायल को तुरंत रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने राहुल को मृत घोषित कर दिया। कोतवाली रामनगर के वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोज नयाल ने बताया कि बोलेरो और बाइक को कब्जे में ले लिया गया है। उन्होंने बताया कि पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। कहा कि मृतक युवक के परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर मामला दर्ज किया जाएगा।

## राजकीय शिक्षकों का सोमवार से शिक्षण बहिष्कार आंदोलन शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखंड के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर सोमवार से सभी हाईस्कूल, इंटर कालेजों में शिक्षक शिक्षिकाएं शिक्षण बहिष्कार में रहीं जिसके कारण प्रदेश के सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों में आज से पढ़ाई नहीं हुई।

शिक्षक संघ के प्रांतीय नेता नवेंदु मठपाल ने बताया कि प्रधानाचार्य सीधी भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाए जाने, सभी स्तरों की पदोन्नति सूची जारी किए जाने, स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू किए जाने आदि मांगों को लेकर राजकीय शिक्षकों ने सोमवार से चाक डाउन, शिक्षण बहिष्कार आंदोलन शुरू किया। नवेंदु मठपाल ने बताया हजारों राजकीय शिक्षकों ने आंदोलन में उतर शिक्षण बहिष्कार किया। सरकार और विभागीय अधिकारियों ने विगत दो वर्षों में हमारे साथ लगातार वादा खिलाफी की है। इसलिए हमें मजबूर होकर चरणबद्ध आंदोलन को मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने बताया कि चरणबद्ध आंदोलन के क्रम में शिक्षण बहिष्कार के साथ साथ 25 अगस्त को ब्लाक मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन, 27 अगस्त को जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन और 29 अगस्त को मंडल मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

एक सितंबर से जिले में शिक्षा निदेशालय पर धरना, प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष संजीव कुमार और अनिल कड़ाकोटी ने बताया कि रामनगर ब्लाक के सभी राजकीय शिक्षक शिक्षिकाएं शिक्षण बहिष्कार में शामिल रहीं।

उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद बोर्ड कार्यालय में कार्यरत सभी शोध अधिकारी भी बहिष्कार में शामिल रहे। आज से रामनगर ब्लाक में प्रारंभ होने वाला कौशलम् कार्यक्रम अग्रिम आदेश तक राजकीय शिक्षक संघ की हड़ताल के कारण स्थगित कर दिया गया है।

## सीडीओ डा. दीपक सैनी ने सुनीं आमजन की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**पिथौरागढ़।** कलेक्ट्रेट सभागार में आज आयोजित जनसुनवाई दिवस में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीपक सैनी ने आमजन की समस्याएं सुनीं और विभागीय अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों की कुल 30 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

शिकायतों में आपदा से क्षतिग्रस्त भवनों का पुनर्वास, भूगर्भीय सर्वे, स्कूल भवनों की मरम्मत, पेंशन एवं वित्तीय लाभ, सड़कों की मरम्मत, भूमि विवाद, पेयजल संकट, आवास और सरकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे प्रमुख रहे। मानसून व अतिवृष्टि को देखते हुए डॉ. सैनी ने सभी विभागों को अलर्ट मोड में रहने और क्षतिग्रस्त सड़कों, पुलों व भवनों का निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने गत सप्ताह प्रकाशित नकारात्मक समाचारों की समीक्षा कर संबंधित विभागों से कार्रवाई की जानकारी मांगी तथा लंबित मामलों में शीघ्र एटीआर प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान करना है। जिला प्रशासन को ऐसे ही एक टीम की तरह काम कर जनता की समस्याओं का निस्तारण करना है और समाज के हर वर्ग तक सरकार की योजनाओं को पहुंचना है। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी सदर मनजीत सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.एस. नबियाल, जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम की 'क्विक एक्शन' संस्कृति से लोगों का बढ़ा जिला प्रशासन के प्रति विश्वास

- जन मिलन कार्यक्रम में आई 35 समस्याओं का किया गया त्वरित निस्तारण




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जन मिलन कार्यक्रम लगातार जनसमस्याओं की कसौटी में खरा उतरने के कारण यहां दिनों दिन फरियादियों की लंबी कतार लगने लगी है, साथ ही इस आयोजन से लोग प्रशासन के निकट आते जा रहे हैं।

सोमवार को आयोजित जन मिलन कार्यक्रम में भारी वर्षा के बावजूद भी 35 लोगों द्वारा अपनी समस्याएं दर्ज की गई। इसमें अधिकांश समस्याओं का जिलाधिकारी ने मौके पर ही निस्तारण किया गया। जो वर्षों से सिस्टम में उलझी हुई थी। गैंड़ाखाली टनकपुर से आए भरत लाल की पत्नी हंसा देवी की मौके में ही वृद्धा पेंशन लगाने के साथ ही उनकी 200 मीटर सड़क की मांग भी पूरी हो गई। इसके लिए वे वर्षों से सिस्टम के चक्कर काट रहे थे। डीएम ने जन मिलन समारोह में गैर मौजूद दो अधिकारियों के वेतन रोकने के साथ जिला पंचायत के एएमए एवं चंपावत लो.निवि के ईई को लापरवाही बरतने पर उन्हें काफी लताड़ा। लगभग तीन घंटे तक चले इस कार्यक्रम में बजौन के ईश्वरी दत्त की खुशी का ठिकाना नहीं रहा, जब उनकी पुत्री के विवाह का अनुदान तीन वर्ष से लटकी धनराशि एक हफ्ते के देने का निर्देश दिया गया। इस जन मिलन कार्यक्रम की विशेषता यह थी कि कई आवेदन पत्रों पर कुछ कमियां जो थी जिलाधिकारी द्वारा मौके के ही उनमें सुधार कराकर उनका निस्तारण किया गया। हर समस्या के निस्तारण के लिए लक्ष्मण रेखा भी खींच दी। लोगों के जो मामले राज्य स्तर पर लटके हुए थे। जिलाधिकारी द्वारा फोन से संबंधित अधिकारी से बात कर मौके पर ही उनका निस्तारण किया। कठाड के लक्ष्मण सिंह को पॉलिटी फार्म का अनुदान राशि एक सप्ताह में मिलने का जहां भरोसा दिलाया गया वहीं खेतीगढ़ मानेश्वर सड़क मार्ग के निर्माण में एक व्यक्ति द्वारा पैदा की जा रही बाधा को दूर करते हुए डीएम ने लोनिवि के अधिकारियों से सड़क निर्माण कार्य शुरू करने को कहा। बसौटा गांव के भुवन बिष्ट की पेयजल योजना का एक हफ्ते में निर्माण पूरा करने के साथ बाजरिकोट खूंटी के दीपक तिवारी की 200 मीटर सड़क को आपदा से ठीक करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री की घोषणा में शामिल घिंघारुकोट-बांस बस्वाड़ी सड़क को प्राथमिकता देते डीएम ने भूमि के बदले भूमि उपलब्ध किए जाने के निर्देश दिए।

सामाजिक कार्यकर्ता नंदू पाण्डेय द्वारा इस ओर जिलाधिकारी का ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि इस सड़क के बनने से घाटी क्षेत्र में आर्थिक क्रांति आने के साथ यहां के लोगों का जीवन सरल हो जाएगा। इस आयोजन में एसपी अजय गणपति, सीडीओ डा. गणेश सिंह खाती, एडीएम जयवर्धन शर्मा, सीएमओ डॉ. देवेश चौहान, एसडीएम नितेश डांगर, डीएसओ प्रियंका जोशी, लोनिवि एक्यूटिव इंजीनियर हितेश कांडपाल समेत तमाम जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## 'ऑपरेशन कालनेमि' के तहत कथित तांत्रिक दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ऊधमसिंह नगर में चल रहे 'ऑपरेशन कालनेमि' के तहत पुलिस ने कथित तांत्रिक को बाजपुर में रामपुर रोड से गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी झाड़-फूंक और इलाज के नाम पर लोगों से ठगी, महिलाओं से छेड़छाड़ और शोषण करता था। उत्तराखंड से लेकर उत्तर प्रदेश तक आरोपी की ठगी का नेटवर्क फैला है।

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने रुद्रपुर में सोमवार को मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि बाजपुर के चौकी दोराहा इलाके की रहने वाली एक महिला की दो बेटियां लंबे समय से बीमार थीं, जहां कई डॉक्टरों से इलाज कराने के बाद भी उनकी तबीयत में कोई सुधार नहीं हुआ। उनके एक परिचित ने उन्हें कनौरा गांव में रहने वाले महमूद नाम के एक व्यक्ति के बारे में बताया, जो खुद को सिद्ध तांत्रिक और चमत्कारी बाबा बताता था। जब पीड़िताओं को तांत्रिक महमूद के पास ले जाया गया तो उसने उन्हें अलग-अलग कमरों में बुलाया। उसने यह दावा किया कि वह उनकी बीमारी को छूकर ठीक कर देगा। इसी बहाने उसने दोनों बहनों के साथ अश्लील हरकतें कीं। दोनों लड़कियों ने घबराकर अपनी मां को पूरी घटना बताई, जिसके बाद परिवार ने पुलिस को सूचना दी। परिवार की शिकायत के आधार पर बाजपुर पुलिस ने आरोपी महमूद के खिलाफ धारा 354 और पॉक्सो एक्ट सहित अन्य संबंधित धाराओं के तहत तुरंत मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने आरोपी कथित तांत्रिक को सोमवार को दोराहा चौक से 200 मीटर आगे रामपुर रोड से गिरफ्तार कर लिया।

> आरोपी कथित तांत्रिक महमूद लंबे समय से लोगों की आस्था और मजबूरी का फायदा उठाकर उन्हें ठगने और युवतियों का शोषण करने में लिप्त था। पुलिस उसकी गतिविधियों और नेटवर्क की गहनता से जांच कर रही है। लोगों से अपील है कि वे ऐसे धोखेबाजों से सतर्क रहें और किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।
>
> **मणिकांत मिश्रा, एसएसपी**

## डीएम ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

### बोले सामूहिक प्रयास किए जाने से टाला जा सकता है दुर्घटनाओं को

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**चंपावत।** जिलाधिकारी मनीष कुमार का मानना है कि सामूहिक जिम्मेवारी एवं समन्वय से कार्य कर अतीत में हुई सड़क दुर्घटनाओं की तह में जाकर जिस दिन उन कारणों को दूर कर भविष्य में दुर्घटना न होने देने की अधिकारी ठान लेंगे, उसी दिन हम सड़क दुर्घटनाओं में बेमौत मारे जाने वाले लोगों को नया जीवन देने में सफल हो सकते हैं।

जिला सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी का कहना था कि हमें अतीत में हुई दुर्घटनाओ से सबक लेकर भविष्य में कोई दुर्घटना न हो इसका उत्तरदायित्व महसूस करेंगे तो हमारी लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं को टाला जा सकता है। इसके लिए सभी सड़क मार्ग से जुड़े विभाग ऐसे स्थानों को चिन्हित कर वहां सावधानी बरतने के बोर्ड लगाने के साथ यदि सड़क में कही कोई तकनीकी खराबी है तो उसे दूर किया जाए।

परिवहन, पुलिस, उप जिलाधिकारी आपस में ऐसे संयुक्त अभियान चलाए जिसमें शराब पीकर वाहन चलाने, ओवर लोडिंग, ओवर स्पीड एवं नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही कर ऐसा माहौल पैदा करें जिससे कि इन अपराधों की पुनरावृति न हो सकें। उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में अतिक्रमण से सिकुड़ती जा रही सड़कों से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल प्रभाव से इसे स्थानों से अतिक्रमण हटाने, बगैर फिटनेस वाहनों को सड़क से दूर रखने के साथ ही कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए जो सड़क दुर्घटनाओं के कारण बनते आ रहे हैं। बैठक में एसपी अजय गणपति, सीडीओ डॉ. गणेश सिंह खाती, एडीएम जयवर्धन शर्मा, सीएमओ डॉ. देवेश चौहान, एसडीएम नितेश डांगर, डीएसओ प्रियंका जोशी, लोनिवि एक्यूटिव इंजीनियर हितेश कांडपाल समेत तमाम जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## महिला एकता मंच के अभियान को जनता ने दिया आपार समर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** महिला एकता मंच ने मालधन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से फीजिशियन प्रशांत कौशिक व प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. अर्चना कौशिक का ट्रांसफर रद्द करने अथवा उनकी जगह दूसरे डॉक्टरों की नियुक्ति व रेडियोलॉजिस्ट, पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड, प्रसव, आपरेशन व 24 घंटे इमरजेंसी सुविधाएं उपलब्ध कराने और नशे पर रोक लगाने की मांग को लेकर मालधन बंद का आह्वान किया गया।मालधन क्षेत्र में मेडिकल स्टोर,मिठाई की दुकानों,दूध व्यवसायियों के साथ सभी फड़-खोखा वालों व दुकानदारों ने दुकानें बंद रखकर समर्थन दिया।

बंद को लेकर सोमवार सुबह 7 बजे से ही महिलाएं एवं आम लोग सड़कों पर आ गए और उन्होंने दिन में 1 बजे मालधन चौराहे पर धरना देकर जुलूस भी निकाला।महिला एकता मंच ने जल्द ही मांगें नहीं माने जाने पर भाजपा नेताओं का थाली कनस्तर बजाकर घेराव व अनिश्चितकालीन चक्का जाम करने की भी चेतावनी दी।सभा को संबोधित करते हुए भगवती आर्य ने कहा कि भाजपा सरकार ने अस्पताल से डाक्टरों का ट्रांसफर करके मालधन क्षेत्र की 40 हजार आबादी को इलाज के अभाव में मरने के लिए छोड़ दिया है। किसी भी दुर्घटना व महिला के प्रसव के समय पहला घंटा गोल्डन आवर माना जाता है इस दौरान इलाज नहीं मिलने पर इंसान की मृत्यु सुनिश्चित है। चाहे वह कितना भी अमीर क्यों न हो। ममता ने कहा कि भाजपा सरकार जनता को चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की जगह शराब की दुकान खोलकर मालधन को नशा परोस रही है। सरकार से 14 मई को शराब की सभी नई दुकानें बंद करने का आदेश दिया था। उन्होंने इस आदेश को लागू कर गोपाल नगर में पुनः खोली गई शराब की दुकान बंद करने की मांग करते हुए अवैध व कच्ची शराब पर रोक लगाने के लिए विशेष पुलिस टीम के गठन की मांग की। सभा को सरस्वती जोशी, तुलसी छिम्वाल, चन्द्रनगर जगमोहन, ग्राम प्रधान गोपालनगर संजीव, किसान संघर्ष समिति के ललित उप्रेती, महेश जोशी, समाजवादी लोक मंच मुनीष कुमार, सुरेश चन्द्र खंतवाल, युवा एकता मंच के इन्द्रजीत आदि ने संबोधित किया।मालधन महिला एकता मंच की संयोजक विनीता टम्टा ने बंद में सहयोग एवं समर्थन के लिए मालधन क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** जन कल्याण समिति-पार्वती कुंज फेज-2 द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर एक भव्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्ष शिशुपाल सिंह रावत ने बताया कि विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने पार्वती कुंज के गेट के लिए पांच लाख रुपए विधायक निधि से देने की घोषणा की। शिशुपाल सिंह रावत और ग्रामीणों ने विधायक दीवान सिंह बिष्ट और सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया है।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दिवान सिंह बिष्ट,विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी , जेष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी, बसई क्षेत्र पंचायत सदस्य श्याम सिंह बिष्ट, ग्राम प्रधान बसई रचना रावत,सांसद प्रतिनिधि इंदर रावत आदि मौजूद रहें।

### देहरादून में सम्मानित हुए सर्प विशेषज्ञ चंद्रसेन कश्यप

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** वन्यजीवों के संरक्षण में उत्कृष्ठ कार्य करने के लिए सर्प विशेषज्ञ चंद्रसेन कश्यप को देहरादून वन मुख्यालय में स्वतन्त्रता दिवस आयोजित कार्यक्रम में पीसीसीएफ डा. समीर सिन्हा ने सम्मानित किया।

सर्प विशेषज्ञ चंद्रसेन कश्यप ने सांपों को लगभग 50 हजार से अधिक सुरक्षित रेस्क्यू कर उन्हें जंगलों में आजाद किया है। समय-समय पर वह वन विभाग का सहयोग भी करते रहे हैं। इसको देखते हुए वन विभाग की ओर से उत्कृष्ट सम्मान से नवाजा गया। चंद्रसेन कश्यप ने सम्मान मिलने पर वन विभाग का आभार व्यक्त किया है।

### चतुर्थ ऑल इण्डिया आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट वर्ष 2025 के आयोजन हेतु हुई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** चतुर्थ ऑल इण्डिया आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट में प्रतिभाग हेतु 18 टीमों को आमंत्रण पत्र भेजा गया है, जिसमें से 04 टीमों द्वारा प्रतिभाग करने हेतु अपनी सहमति व्यक्त की गयी है तथा वित्तीय सहयोग हेतु 17 विभागों/संस्थाओं/बैकों को अर्द्धशासकीय पत्र भेजे गए है। बैठक में विचार-विमर्श के उपरान्त सर्वसम्मति में निम्नलिखित निर्णय लिए गए। टूर्नामेन्ट के आयोजन में समस्त बैकों, स्मॉल फाइनेंस बैंकों, जनपद के समस्त व्यापार संघो, टैक्सी एसोसिएशन, ट्रांसपोटर्स, स्पोर्ट्स की फर्मो, हिलवेज कम्पनी, समस्त कार्यदायी संस्थाओं, टिहरी हाइड्रो इलेक्ट्रिक डेवलेपमेन्ट कॉपरेशन(टीएचडीसी), इण्डियन ऑयल कारपारेशन लिमिटेड(आईओसीएल), जनपद अन्तर्गत पेट्रोल पम्प, ए-क्लास कॉन्ट्रेक्टर, हिमालय हाइड्रो पावर पोजेक्ट बंगापानी, समस्त ज्वैलर्स, राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना इकाई, ग्राफिक एरा, देवभूमि यूनिवर्सिटी, मानस कॉलेज, एशियन एकेडेमी, वाइन शॉप, जिला पंचायत, नगर निगम से वित्तीय सहयोग लिया जायेगा। मैदान की मरम्मत एवं समतलीकरण हेतु मैदान रखरखाव समिति में विनोद वल्दिया (सेवानिवृत जिला क्रीड़ा अधिकारी), सहायक नगर आयुक्त नगर निगम, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, मनोज पुनेठा, सचिव, जिला फुटबॉल संघ, भूपेन्द्र सिंह चौहान, शिक्षा विभाग, नीरज सौन, व्यायाम प्रशिक्षक, कवीन्द्र मेहता, उत्तराखण्ड जल संस्थान को नामित किया गया गया

### अवैध अतिक्रमण पर चलाया अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुल्तानपुर पट्टी।** नगरवासियों द्वारा लगातार शिकायतें की जा रही थीं। कि बाजार और मुख्य मार्गों पर अवैध कब्जे कर दुकानदारों व अन्य लोगों ने रास्ता संकरा कर दिया है। जिससे आम जनता को आवाजाही में दिक्कत्तों का सामना करना पड़ता है। नगर पंचायत प्रशासन ने सोमवार को अवैध अतिक्रमण पर बड़ी कार्यवाही करते हुए अभियान चलाया।इसी के मद्देनजर अधिशासी अधिकारी स्वयं नगर में उतरीं और मौके पर जाकर अवैध निर्माण व कब्जों का जायजा लिया। अधिशासी अधिकारी गीता चौधरी ने नगर के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण कर अतिक्रमणकारियों को चिन्हित किया और उन्हें तुरंत खाली करने के आदेश जारी किए।



बताया जा रहा है अभियान के दौरान कई स्थानों पर अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई। अधिकारियों ने साफ कहा कि नगर की सुंदरता और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है। कि आगे भी इसी प्रकार अभियान चलाकर नगर को अतिक्रमण मुक्त बनाया जाएगा।

### ब्लाक प्रधान संघ जसपुर कार्यकारिणी का गठन हुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** विकास खण्ड के नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों की बैठक सत्कार ढाबा एण्ड रेस्टोरेंट में जसपुर क्षेत्र के नवनिर्वाचित ब्लाक (इकाई )प्रधान संघ अध्यक्ष गुरमेज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें क्षेत्र के दर्जनों प्रधानों/जनप्रतिनिधियों/क्षेत्रीय नागरिकों की गरिमाई उपस्थिति में ब्लॉक प्रधान संघ कार्यकारिणी का गठन किया गया।

व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम सिंह, पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष कुलवीर भुल्लर व दर्जनों प्रधान व जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से ब्लाक प्रधान संघ कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से ब्लाक प्रधान संघ अध्यक्ष गुरमेज सिंह (प्रधान ग्राम सूरजपुर) की सहमति से प्रधान उपाध्यक्ष पर आशीष चौहान, ,तलजीत कौर, दिलशाद हुसैन, नवनीत कुमार, महामंत्री पद पर नाजमा बेगम, करतार सिंह सचिव पद पर साइन खातून प्रधान कुंडा कोषाध्यक्ष पद पर मिस्सरवाला की प्रधान शबाना परवीन चुनी गई। सोशल मीडिया प्रभारी पर विजेंद्र सिंह हरिओम सिंह राठौड़ चुने गए। ज्ञात है कि विकास खंड में हाल ही त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न हुआ है । ग्राम पंचायत सूरजपुर के नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान गुरमेज सिंह के जसपुर-काशीपुर मार्ग स्थित प्रतिष्ठान सत्कार ढाबे पर नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया था ।नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों द्वारा पूर्व की भांति प्रधान संघ के अध्यक्ष चुने जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया और प्रधान संघ का उद्देश्य व उसका महत्व बताया गया । उसके बाद सर्वसम्मति से ग्राम पंचायत सूरजपुर के नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान गुरमेज सिंह को सर्वसम्मति से प्रधान संघ का अध्यक्ष चुना गया था। आज हुई बैठक में कार्यकारिणी गठित होने के पश्चात बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों /क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा चुने गए पदाधिकारीयों/ग्राम प्रधानों का करतल ध्वनि से एक दूसरे को माल्यार्पण कर स्वागत किया गया और बधाई दी गई। बैठक में नानकमत्ता साहिब गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के डायरेक्टर सुखवंत सिंह पन्नू, रविंदर सिंह, आशीष कुमार उर्फ रिंकू चौहान, कुलवीर सिंह, सौरभ अग्रवाल, गुरबख्श सिंह, कौशल कुमार गिरी, विनोद कुमार, प्रदीप कश्यप, सत्येंद्र कुमार, हरिओम सिंह, नवनीत कुमार चौहान, राजवीर कौर, करतार सिंह, नीना, महेश सिंह, फिरदोस जहां, रीना रानी , कविता देवी, विनीता अंकुर, परवीन जहां , शबाना परवीन, शाहिन खातून, हरिओम सिंह, भावना, सुमन, प्रदीप कुमार यादव, जितेंद्र मीणा व रणजीत सिंह, बलजीत कौर , सरिता देवी, वीर प्रीत कौर , महेश आदि मौजूद रहे।

# तीन साल से विधानसभा पटल पर नहीं आई प्रदेश की आडिट रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राज्य की वार्षिक आडिट रिपोर्ट तीन साल से विधान सभा के पटल पर नहीं आई है। यह रिपोर्ट सिर्फ फाइलों में ही कैद होकर रह गई हैं। किस विभाग में कितना बजट आया, कहां खर्च हुआ कहां बर्बादी हुई किसी को कोई खबर नहीं है। यहां ग्राम सूपाकोट के मूल निवासी रिटायर्ड असिस्टेंट आडिट आफिसर रमेश चन्द्र पाण्डे ने आडिट एक्ट के उल्लंघन के इस गम्भीर मामले में सत्तापक्ष के साथ ही विपक्ष की चुप्पी पर भी गहरी हैरानी व्यकत की है। उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर आडिट एक्ट का जवाबदेही के साथ परिपालन सुनिश्चित कराने का आग्रह किया है। दरअसल उत्तराखण्ड लेखा परीक्षा अधिनियम 2012 के नियम 8 (3) में प्रावधान है कि निदेशक लेखा की एक संहत लेखा परीक्षा (आडिट) रिपोर्ट तैयार करेगा या करवायेगा और उसे विधान सभा के पटल पर रखने के लिए हर साल राज्य सरकार को भेजेगा। इस नियम के तहत वर्षवार आडिट रिपोर्ट सदन के पटल पर नहीं रखी जा रही है। इस स्थिति पर सवाल उठने के बाद सरकार ने वर्ष 2014-15 से 2021-22 तक 8 साल की रिपोर्ट सदन के पटल पर रखी थी लेकिन अब 2021-22 से 2024-25 तक 3 साल की आडिट रिपोर्ट सदन के पटल पर नहीं पहुंची हैं। अब फिर से रिटायर्ड असिस्टेंट आडिट आफिसर ने मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में यह भी कहा है कि आडिट आपत्तियों के निस्तारण हेतु एक्ट की धारा 9(5) (ख) में निहित प्राविधान के अनुरूप विभिन्न स्तर की कमेटियां तो गठित हैं लेकिन उनकी नियमित बैठक नहीं हो रही है। कहा गया है कि मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली 7 सदस्यीय समिति की बैठक लम्बी अवधि से नहीं हुई है जिससे 600 करोड की चर्चित चावल घोटाले जैसी कई स्पेशल आडिट रिपोर्ट के प्रस्तरों के निस्तारण की कार्यवाही लम्बित पड़ी है। श्री पाण्डे का कहना है कि सभी विभागों के आडिट में उजागर हुई अनियमितता और गबन से सम्बन्धित आपत्तियों को संकलित कर हर साल की आडिट रिपोर्ट सदन के पटल पर रखी जाती तो इसकी समीक्षा होती और सुधार व नियन्त्रण के लिए सदन में ठोस कदम उठाने पर विचार होता। उन्होंने कहा कि इस स्थिति के चलते जीरो टोलरेंस के दावों पर उठने वाले सवालों से बचने के लिए सरकार को यह समझना होगा कि कायदे कानून की अनदेखी के मामले में जवाबदेही तय करना कितना जरुरी है। इधर राज्य के वरिष्ठतम विधायक बंशीधर भगत ने श्री पाण्डे के पत्र को गम्भीरता से लेते हुए मुख्य सचिव को पत्र भेजा है। एक्ट के उल्लंघन से सरकार की छवि पर पड रहे प्रतिकूल प्रभाव पर नारा. जगी जाहिर करते हुए भगत ने एक्ट का परिपालन सुनिश्चित करने को कहा है। विधायक बंशीधर भगत ने 2012 से अब तक जारी स्पेशल आडिट रिपोर्ट एवं उनके परिपालन की स्थिति का पूरा ब्यौरा मांगा है।



# लेक्स इंटरनेशनल स्कूल में सांस्कृतिक प्रोग्राम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** लेक्स इंटरनेशनल स्कूल भीमताल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई। विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा सम्मिलित रूप से सुंदर झांकी का निर्माण और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कक्षा आठवीं की छात्रा आकांक्षा बालियान द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के बारे में जानकारी देते हुए विस्तार पूर्वक विचार रखे गए। विद्यार्थी हर्षित कुमार और यश कुमार द्वारा गोविंद गोपाल व कक्षा पांचवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा फूलों में सज रहे हैं भजन और जय कृष्ण हरे आरती की प्रस्तुति दी गई जबकि शिक्षक वर्ग की ओर से कंप्यूटर शिक्षिका उर्वशी पाण्डे द्वारा श्रीकृष्ण पर कुमाऊंनी भजनख्वर मोर पंख हाथ में मुरुली सभी शिक्षकों द्वारा अरे द्वार पालो कन्हैया से कह दो विज्ञान शिक्षिका किरन रौतेला द्वारा बरसाने से आई हूं संगीत शिक्षक अजय कुमार द्वारा राधा बृज की कहानी हो गई भजन प्रस्तुत किए गए कक्षा आठवीं की छात्रा कृतिका खत्री द्वारा मोहे पनघट पे नंदलाल गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एसएस नेगी ने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों के सम्मिलित प्रयास की प्रशंसा की और सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपने संबोधन में श्री नेगी ने विद्यालय में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने के पीछे छात्रावास में रह रहे सभी विद्यार्थियों को पारिवारिक माहौल प्रदान करने की बात कही ताकि बच्चे घर से बाहर रहकर भी घर जैसा महसूस करें। कार्यक्रम स्थल पर छात्रावास के विद्यार्थी, शिक्षक वर्ग, अभिभावक एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन छात्रा वैष्णवी ढौंडियाल ने किया।

## एक नजर

### शतरंज प्रतियोगिता 24 अगस्त को

**नैनीताल।** पर्वतीय सांस्कृतिक समिति नैनीताल के तत्वावधान में 12वीं इंटर स्कूल शतरंज प्रतियोगिता स्विस लीग पद्धति में 24 अगस्त रविवार को शहर के गोवर्धन हाल (सेवा समिति) मल्लीताल में खेली जायेगी जिसकी तैयारी चल रही हैं। नैनीताल जिला शतरंज सचिव ईश्वर दत्त तिवारी के मुताबिक प्रतियोगिता अंडर 9, अंडर 11, अंडर 13, अंडर 15 तथा अंडर 18 में बालक और बालिका वर्ग में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क 500 रुपया प्रति खिलाड़ी रखा गया है। संस्था द्वारा वर्ष 1992 से लगातार शतरंज प्रतियोगिता कराई जा रही है। प्रवेश की अंतिम तिथि 20 अगस्त बुधवार रखी गई है। प्रतियोगिता में सभी वर्गों में प्रथम स्थान से लेकर पांचवे स्थान तक ट्राफी प्रदान की जाएगी तथा सभी वर्गों में पहले से लेकर तीसरे स्थान तक बालिकाओं को ट्राफी प्रदान किए जाएंगे। ओवरऑल स्कूल ट्राफी 3 स्थानों तक दिए जाएंगे। टूर्नामेंट में आर्बिटर नीरज शाह, दिव्यांशु तिवारी व शेर सिंह बिष्ट होंगे।

### गाड़ी चलाते समय मोबाइल न चलाएं

**नैनीताल।** संजय ऑर्थोपीडिक स्पाइन एवं मेटरनिटी सेंटर देहरादून के ऑर्थोपीडिक सर्जन पद्मश्री डा. बीकेएस संजय ने कहा कि वाहन चलाना आजकल रोजमर्रा की आवश्यकता है जिसके बिना कोई भी काम नहीं हो सकता। चाहे शिक्षा हो, व्यापार हो, मनोरंजन हो या फिर पर्यटन। कहा कि प्रतिदिन वाहन में बैठने की आवश्यकता होती है जिसे या तो आप स्वयं चलाते हैं या फिर आपके लिए कोई दूसरा चलाता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए डा. संजय ने सरकार से अपील की कि स्कूलों के पाठ्यक्रम में सड़क सुरक्षा शिक्षा की आवश्यकता है। उन्होंने छात्र छात्राओं एवं अध्यापकों से आग्रह किया कि सड़क सुरक्षा जागरूकता के संदेश को जन जन तक फैलाएं। इंडिया एवं इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स होल्डर ऑर्थोपीडिक सर्जन डा. गौरव संजय ने कहा कि वाहन चलाते समय मोबा. इल फोन का प्रयोग करना जानलेवा हो सकता है। उन्होंने कहा दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनें और चौपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें।

### गधेरे में गिरी गाय को बचाया

**नैनीताल।** नैनीताल के समीपवर्ती भवाली-नैनीताल मोटर मार्ग पर पाईंस के गधेरे में गिरी गाय को निकालकर बजरंग दल कार्यकर्ताओं पुण्य कार्य किया है। बता दें बजरंग दल के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को रविवार को सूचना प्राप्त हुई थी कि पाईंस के पास गधेरे में एक गाय सड़क दुर्घटना में सड़क से कई फीट नीचे की ओर गिर गई है तो मौके पर पहुंचकर उन्होंने गौ सेवा को निकालने की कोशिश की लेकिन निकालने में रात अधिक होने की वजह से कार्यकर्ता वहीं रहे दूसरे दिन यानी सोमवार को नगर पालिका की टीम के साथ मिल कर गौ माता को सुरक्षित बाहर निकाला। टीम में बजरंग दल के रक्षा प्रमुख कृष्णा रौनक, बजरंग दल संयोजक मनोज कुमार, विद्यार्थी प्रमुख कुणाल बेदी, संगठन मंत्री सुमित समेत जतिन, गुन्नू, मोहित, आदित्य, आकाश, पिंचू और अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### यूके बॉयज़ व अवनी इलेवन विजयी

**नैनीताल।** नगरपालिका परिषद और डीएसए के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित लैंडो लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में सोमवार को दो मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला शेरवुड रेंजर ए और यूके बॉयज के बीच खेला गया जिसमें यूके बॉयज ने 1-0 से मुकाबला जीता वहीं दूसरा मुकाबला सैनिक स्कूल बी और अवनी इलेवन के बीच खेला गया जिसमें अवनी इलेवन ने 1-0 से विजेता रही। रेफरी की भूमिका में बृजेश बिष्ट, अनिल रावत, जनक बिष्ट, भारत वीर और पवन बिष्ट रहे।

### बाइक रपटने से युवक चोटिल

**नैनीताल।** नगर के नैनीताल-भवाली मोटर मार्ग पर सोमवार को पाईंस के समीप सड़क में पड़ी रेत में एक बाइक सवार की बाईक रपट गयी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक सात नंबर निवासी अनुराग कुमार सोमवार सुबह अपनी बहन को लेकर बाइक से भवाली जा रहा था। वह पाइंस क्षेत्र में पहुंचा ही था कि मोड़ में सड़क पर बिखरे रेते में बाइक रपट गई। जिससे दोनों बाइक समेत छिटक कर दूर जा गिरे। हादसे में अनुराग बुरी तरह चोटिल हो गया। हादसा होता देख पास में पार्किंग संचालन कर रहे कर्मचारी मदद को पहुंचे। कर्मियों ने निजी वाहन से युवक को बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल के पीएमएस डा. टीके टम्टा ने बताया कि युवक को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

### कार-बस में भिड़ंत, हादसा टला

**नैनीताल।** नैनीताल-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग के ताकुला क्षेत्र में बस व कार की आमने सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि हादसे में किसी भी व्यक्ति को चोट नहीं आई। पुलिस ने पहुंच यातायात सुचारू करवाया। जानकारी के मुताबिक सोमवार दोपहर रुद्रपुर डिपो की बस नैनीताल से रुद्रपुर की ओर जा रही थी। ताकुला के समीप सामने से आ रही कार टकरा गई। टक्कर से कार का टायर तेज आवाज कर फटा तो बस में बैठी सवारियों में भी हड़कंप मच गया। हादसे के बाद सड़क पर यातायात भी बाधित हो गया। सूचना पर ज्योलीकोट पुलिस ने पहुंच यातायात सुचारु करवाया। चौकी इंचार्ज श्याम सिंह बोरा ने बताया कि दुर्घटना में किसी भी व्यक्ति को चोट नहीं आई। दोनों पक्षों में आपसी समझौता होने के कारण दोनों की नाम पता समेत अन्य जानकारी भी नहीं ली गई।

## बार एसोसिएशन ने की शोकसभा

**नैनीताल।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सभागार में सोमवार को रिंकेश कुमार रावत (अधिवक्ता) के पिता. जी व उत्तरकाशी जिले में धराली तथा जम्मू काश्मीर के किस्तवाड़ा एवं कठुआ में बादल फटने से हुई त्रासदी में मृतकों की आत्मा की शान्ति के लिए एक शोक सभा की गयी। जिसमें दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए प्रार्थना की गयी। शोक सभा में दुर्गा सिंह मेहता अध्यक्ष हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, वीरेन्द्र सिंह रावत महासचिव हाईकोर्ट बार एसोसिएशन समेत कमल पाण्डे, राम सिंह सममल, आनन्द सिंह, दीप चन्द्र जोशी, विशाल सिंह मेहरा, निपुश मौला, रजत खोलिया, सरिता बिष्ट, चेतना लटवाल, कुन्दन सिंह, एसएस अधिकारी आदि कई अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# एक्शन प्लान पेश करें प्रमुख वन संरक्षकः हाईकोर्ट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने पारंपरिक वन ग्रामों तथा खत्तों में आदिवासी जीवन व्यतीत कर रहे लोगों को मूलभूत सुविधाएं दिए जाने के संबंध में राज्य के प्रमुख वन संरक्षक से एक हफ्ते के भीतर एक्शन प्लान पेश करने को कहा है। मामले की सुनवाई मुखय न्यायधीश जी. नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ में हुई। मामले के अनुसार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा गया है कि पारंपरिक वन गांवों व खत्तों में रह रहे लोगों को अपने मूलभूत अधिकारों की जानक. ारी नहीं है और अब तक सरकारें भी वन अधिनियम 2006 के अनुसार उन्हें मूलभूत सुविधाएं देने के प्रति उदासीन बनी हुई हैं जिस कारण वे बिजली, पानी, शिक्षा तथा स्वास्थ्य जैसी सुविधाएं से वंचित हैं। उन्हें अपने अधिकारों की जानकारी भी नहीं है। जिसके लिये व्यापक स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने की जरूरत है। दूसरी ओर सरकार उन्हें अतिक्रणकारी मानती है जिससे उनके मन में हमेशा भय व डर का माहौल रहता है। इस मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने पारम्परिक वन ग्रामों में रह रहे लोगों की संख्या व उनके बेहतर जीवनयापन के लिये किये जा सकने वाली योजनाओं के संबंध में कार्य योजना पेश करने को कहा है। याचिका की सुनवाई अब एक हफ्ते बाद होगी।

# सरस्वती विहार में जन्माष्टमी की धूम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार सीनियर सेकेंडरी स्कूल वीरभट्टी नैनीताल में भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में नन्दोत्सव हर्षोल्लास एवं भक्ति भाव से मनाया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डा. सूर्य प्रकाश ने भगवान श्रीकृष्ण के सममुख दीप प्रज्ज्वलन एवं जलाभिषेक के साथ किया। इस अवसर पर छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बालक-बालिकाओं ने श्रीकृष्ण और राधा की झांकियों के माध्यम से सभी को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया। विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, सुदामा चरित्र, जैसे विषय पर मनमो. हक नृत्य व संवाद प्रस्तुत किये। प्रधानाचार्य डा. सूर्य प्रकाश ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन हम सबके लिए प्रेरणास्रोत हैं। हमें उनके जीवन से कर्तव्यनिष्ठा, मित्रता तथा धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने की शिक्षा मिलती है। कार्यक्रम के संयोजक अतुल पाठक और पवन जोशी रहे। कार्यक्रमों की प्रस्तुति में तापस कुशवाहा, अजय, सौरभ का मार्गदर्शन रहा। इसके साथ ही छात्र हर्ष, गन्धर्व, गर्व, अंश तथा अद्भुत, भव्य व अनय ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस जन्माष्टमी के पवन उत्सव पर विद्यालय के प्रबंधक श्याम अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष विपिन ने छात्रों और अभिभावकों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा इस प्रकार के आयोजन अपने संस्कारों एवं भारतीयता को प्रदर्शित करते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, अभिभावक गण एवं छात्र उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम में भक्ति और आनंद का अद्भुत समन्वय देखने को मिला।



# हत्या के मामले में याचिकाकर्ता को ज़मानत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने हत्या के मामले में दायर जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के बाद हरिद्वार निवासी याचिकाकर्ता को जमानत दे दी है। न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। हरिद्वार निवासी निसार ने हाईकोर्ट में जमानत प्रार्थना पत्र दायर कर कहा था कि 11 मई 2025 को हत्या के मामले में पुलिस स्टेशन पाथरी जिला हरिद्वार में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया था कि उसपर लगाया गया आरोप गैर हत्या का है। मृतक और याचिकाकर्ता तथा सह अभियुक्तों के बीच कुछ हंगामा हुआ था और बारात की बस में चढ़ते समय इसी हंगामे में मृतक मुजम्मिल की मृत्यु हो गई। जमानत प्रार्थना पत्र में कहा गया कि मृतक का पोस्टमार्टम किया गया था और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार मृतक के शरीर पर कोई मृत्यु पूर्व चोट के निशान नहीं थे और मृत्यु का कारण हृदयाघात के कारण है। घटना के समय मृतक की आयु 40 वर्ष थी। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि उसका मृतक मुजम्मिल के मौत का कोई लेना देना नहीं है। उसे इस मामले में झूठा फंसाया गया है। सरकारी अधिवक्ता की ओर से कहा गया कि याचिकाकर्ता के खिलाफ लगाए गए आरोप बहुत गंभीर हैं। कोर्ट ने सुनवाई के बाद याचिकाकर्ता की जमानत प्रार्थना पत्र को स्वीकार कर लिया है।

# कचरा मुक्त होगा नैनीताल जनपद

## तीन दिवसीय स्वच्छता जागरूकता अभियान की शुरूआत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** टीम एक्सप्लोरर द गुड ट्रैवलर द्वारा विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से लगातार दो वर्षों से केदारनाथ में सफलता पूर्वक स्वच्छता अभियान आयोजित करने के बाद अब नैनीताल जिले को प्लास्टिक कचरे से मुक्त करने के लिए स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर एक तीन दिवसीय स्वच्छता के प्रति जागरुकता अभियान की शुरुआत की।

इसके तहत नैनीताल जिले के कैंची धाम, नौकुचियाताल, सातताल आदि सहित विभिन्न जगहों पर स्वच्छता के प्रति जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का नेतृत्व आदित्य तिवारी तथा पंकज कांडपाल द्वारा किया जा रहा है जिसमे लोगों को प्लास्टिक से होने वाले नुकसान तथा साफ सफाई के प्रति जागरुक करने का प्रयास किया जा रहा है। प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिएए बल्कि हमारे ग्रह के स्वास्थ्य के लिए भी समस्याएं पैदा कर सकता है। प्लास्टिक को जलस्रा. ेतों में फेंकना और सड़कों पर कूड़ा फेंकना जितना हम सोचते हैं उससे कहीं ज्यादा खतरनाक है। पर्यावरण अनुकूल उत्पादों का उपयोग शुरू करना अच्छी शुरुआत होगी। अगर हम सब मिलकर एक कदम आगे बढ़कर लास्टिक को ना कहें के लिए प्रेरित करें तो हमारे ग्रह को सुरक्षित बनाना संभव हो सकता है। अपने देश कि प्राकृतिक सुन्दरता को बनाये रखने तथा आपदाओं से बचने के लिये लिए इसे प्रदूषण मुक्त रखना होगा। भारत देश को स्वच्छ तथा प्लास्टिक मुक्त बनाएं रखने हेतु हमारा यह एक छोटा सा अभियान है कोई स्थाई हल नहीं। संस्था ने सभी जनता से तथा यहां आने वाले श्रद्धालुओं तथा टूरिस्ट से हमारा अनुरोध किया है कि कचरा इधर उधर ना फैलाएं उसे कूड़ेदान में ही डालें तथा प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करें। कहा है कि पृथ्वी हमारा घर है। अतः इसे स्वच्छ रखना हमारी ही जिमेदारी है।



# कलाकारों ने दिखाया हैरतअंगेज डांस

## राष्ट्रीय स्तरीय डांस प्रतियोगिता रुफायर-ऑफ-द-हिल्स का ग्रैंड फिनाले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** यूके बॉयज के द्वारा एक निजी बैंकट हॉल में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय डांस प्रतियोगिता रुफायर-ऑफ-द-हिल्स का ग्रैंड फिनाले आयोजित किया गया। इस दौरान पूरे भारतवर्ष से 151 प्रतिभागियों ने अपने हुनर का जबरदस्त प्रदर्शन किया। यहां डांस के विभिन्न वर्गों में हुई प्रतियोगिता में सब जूनियर वर्ग एकल नृत्य में प्रथम आरव, दूसरा-मेधा-आरुषि, तीसरा-आनाया परिहार व जूनियर वर्ग में प्रथम नवीन, दूसरा एसडीएस क्रू, तीसरा-अवनी बिष्ट जबकि सीनियर वर्ग में प्रथम विशेष विश्वास, दूसरा योगी हेमू, तीसरा स्थान यज़दान ने प्राप्त किया। इस दौरान सिंगर निर्मल जोशी ने अपनी मखमली आवाज से व एकम सिंह संधू ने मॉडलिंग शोकेस व अभिषेक रेपो ने रेप सिंगिंग से कार्यक्रम में शमां बांध दिया। इस दौरान गणमान्य अतिथि नागेश दुबे, गोविंद सिंह दिगारी, पूनम तिवारी, कविता सिंह, जया अग्रवाल, गुंजन आर्या, दीपिका मेहरा, लवजीत कौर संधू, पार्षद अमित बिष्ट, भाजपा नगर महामंत्री सुरेंद्र सिंह बिष्ट, रणवीर मेहरा, सीमा गुप्ता, भावना मेहरा ने विजेताओं को पुरस्कार देते हुए कहा कि क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नही है, बस उन्हें उचित मंच मिलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रतिभागी अपने हुनर से अपना नाम व सम्मान बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशा संस्कृति को छोड़कर सर्जनात्मक कार्यो में मन लगाना होगा, तभी उनका भविष्य उज्ज्वल होगा। प्रतियोगिता में रेडबुल डांस इंडिया के विजेता नेक्शन थे। संचालन-रिम्पी बिष्ट व नेहा बिष्ट ने किया। इस अवसर पर यूके बॉयज की संयोजक आशा शाही व योगेश रौतेला ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं को सही दिशा में लाने और नशे से दूर करने के लिए यह कार्यक्रम किया गया था। यहां आशा शाही, योगेश रौतेला, बाला, शुभम, प्रकाश शाही, चांदनी श्रेष्ठा, धीरज आर्या, अतुल आर्या, तुषार रौतेला, लवी कुमार, गौरव ऐरी, डौली, मनीष, सीजर ह्यांकी सहित तमाम लोग उपस्थित थे।



# श्रीलंका में व्याख्यान देने जाएंगे कालिका प्रसाद सेमवाल

**रुद्रप्रयाग।** लोक सेवा आयोग हरिद्वार के पूर्व समन्वयक और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रुद्रप्रयाग के पूर्व वरिष्ठ प्रवक्ता कालिका प्रसाद सेमवाल इस माह श्रीलंका जाएंगे। इस दौरान वे श्रीलंका के प्रसिद्ध विश्वविद्यालय केलनिय में सनातन धर्म और श्री रामचंद्र जी का मानवता के कल्याण के लिए जो कार्य किए गए हैं उस पर एक व्याख्यान देंगे। अपर बाजार निवासी कालिका प्रसाद सेमवाल ने बताया कि मुंबई के साहित्यिक सांस्कृतिक शोध संस्थान के माध्यम से श्रीलंका का यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

# शंटिंग प्वाइंट चेंज करने की मांग

## सांसद अजय भट्ट को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**लालकुआं।** नगर के भाजपा पदा. धिकारियों का एक शिष्टमंडल सांसद अजय भट्ट से मिला और शटिंग के चलते रेलवे फाटक के लंबे समय तक बंद रहने की गंभीर समस्या के समाधान की मांग की। इस दौरान भाजपाइयों ने सांसद अजय भट्ट को ज्ञापन देते हुए बताया कि शंटिंग पॉइंट का डायरेक्शन यदि चेंज कर दिया जाए तो रेलवे फाटक पर आने वाली दिक्कतें हमेशा के लिए दूर हो जाएंगी। ज्ञापन में कहा गया है कि रेलवे द्वारा शंटिंग के कारण अक्सर रेलवे फाटक बंद रहता है और आधा घंटा से लेकर 1 घंटे से भी ज्यादा समय तक अक्सर फाटक बंद रहता है जिससे आने जाने वालों को भारी दिक्कत होती है जाम का सामना करना पड़ता है। सुझाव दिया गया कि यदि शटिंग पॉइंट को इंडियन ऑयल की तरफ कर दिया जाए तो फिर इस समस्या का स्थाई समाधान हो जाएगा। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष अरूण जोशी, सांसद प्रति. निधि लक्ष्मण खाती, वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव शर्मा, जीवन कबड़वाल, उमेश तिवारी, हरीश नैनवाल, पूर्व सभासद हरीश बिसोती, समाजसेवी मुन्ना अंसारी, विनोद शर्मा समेत कई क्षेत्रवासी मौजूद रहे।



# तारा नेगी के निष्कासन पर आक्रोश



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** तारा नेगी को कांग्रेस पार्टी से निष्कासित करने पर सैकड़ों लोगों ने उनके निष्कासन को वापस लिए जाने को लेकर पार्टी के गलत निर्णय का विरोध किया। सोमवार को तारा नेगी के निवास पर वर्तमान प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा नेगी ने कहा कोटाबाग ब्लॉक प्रमुख चुनाव को लेकर उन पर व जिला सचिव कमल जोशी, विधान सभा यूथ कांग्रेस राहुल पंत पर गलत आरोप लगाकर कुछ गलत लोगों के द्वारा कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ जनों को भ्रमित करने का कार्य किया गया है जिसके चलते कांग्रेस हाई कमान ने गलत फैसला लिया है जबकि उनके द्वारा खुद क्षेत्र पंचायत का चुनाव लड़ा गया था जो कुछ ही मतों से हार गए उसके बाद वह चुनाव से दूर ही रहे उन्होंने कहा अगर उनका वह कमल, राहुल का निकशासन एक हफ्ते में वापस नहीं लिया तो वह सैकड़ों लोगों के साथ कोई निर्णय लेने को मजबूर होंगे। इस दौरान सुमन कौर, राजेंद्र प्रसाद, अजय रौतेला, दीपक आर्या, कुंवर राम आर्या, महेंद्र चौधरी, कमल जंतवाल, कुंदन देऊपा पूर्व प्रधान संगठन जिला अध्यक्ष, जीतू बिष्ट, देवेंद्र बिष्ट, खीम राज बिष्ट, गोविंद गिरी गोस्वामी, प्रताप बर्गर्ली, दिनेश बधानी, दिवान मेहरा, राजेंद्र मेहरा, प्रमोद सिंह नेगी, बालम गिरी, विनोद नैनवाल सहित सैकड़ो लोग रहे।

# स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम में छात्रों को मिली आपदा प्रबंधन की ट्रेनिंग

**नई टिहरी।** केंद्रीय विद्यालय न्यू टिहरी में सोमवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से सीआईएसएफ (छत्तीसगढ़ बटालियन) की टीम द्वारा स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में लगभग 560 छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लिया। टीम ने प्रतिभागियों को आपदा की स्थिति में अपनाए जाने वाले प्राथमिक कदमों, प्राथमिक उपचार के महत्व, स्ट्रेचर तैयार करने की सरल विधियों, खोज-बचाव कार्यों और राहत उपकरणों के प्रयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



कार्यालय प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक,
बी0 डी0 पाण्डे जिला चिकित्सालय, नैनीताल।

पत्रांक: विज्ञापन / 2025-26/2735 दिनांक: 13.08.2025

सभी देशवासियों को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

1. बी0 डी0 पाण्डे जिला चिकित्सालय, नैनीताल में जनमानस के हितों को ध्यान में रखते हुऐ आधुनिक चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध है।
2. बी0 डी0 पाण्डे जिला चिकित्सालय, नैनीताल में ईको, टी0एम0टी0, सी0टी0 स्कैन, एक्स रे, पैथोलौजी जाँचें व अल्ट्रासाउन्ड की सुविधायें उपलब्ध है।
3. बी0 डी0 पाण्डे जिला चिकित्सालय, नैनीताल में अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों के अलावा कार्डियोलौजिस्ट भी तैनात है।
4. बी0 डी0 पाण्डे जिला व महिला चिकित्सालय, नैनीताल में भर्ती हेतु आने वाले मरीजों के लिये प्राइवेट वार्ड की सुविधा उपलब्ध है।
5. बी0 डी0 पाण्डे जिला चिकित्सालय, नैनीताल में यूजर चार्जेज जमा करने के लिये ई पेमेन्ट सुविधा उपलब्ध है।

डा0 हरीश चन्द्र पन्त
मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
नैनीताल।

डा0 तरूण कुमार टम्टा
प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक,
बी0डी0पाण्डे जिला चिकि0, नैनीताल

श्रीमती बन्दना सिंह
(आई0ए0एस0)
जिलाधिकारी, नैनीताल

प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक
बी0डी0 पाण्डे जिला चिकित्सालय
नैनीताल।

# डीएम गढ़वाल ने बेस अस्पताल का औचक निरीक्षण किया

**■ डीएम ने जरूरी जीवन रक्षक दवाइयों का ब्योरा चेक किया**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** जिलाधिकारी गढ़वाल स्वाति एस भदौरिया ने सोमवार को श्रीनगर स्थित बेस अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और आवश्यक सुधार हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान डीएम सबसे पहले ओपीडी पंजीकरण काउंटर पहुँचीं, जहाँ उन्होंने मरीजों के पंजीकरण की प्रक्रिया एवं समय पर मिलने वाली पर्ची की व्यवस्था को देखा। इसके बाद उन्होंने विभिन्न ओपीडी कक्ष, अल्ट्रासाउंड कक्ष, एक्स-रे, एमआरआई सेक्शन तथा इमरजेंसी वार्ड का भी निरीक्षण किया। इमरजेंसी वार्ड में जिलाधिकारी ने वहाँ रखी जाने वाली जरूरी जीवन रक्षक दवाइयों का ब्योरा चेक किया। साथ ही उन्होंने मौके पर मौजूद डॉक्टरों और अस्पताल कर्मियों से मरीजों को दी जाने वाली चिकित्सा सुविधाओं, दवाइयों की उपलब्धता और उपचार की समय-सीमा के बारे में विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डीएम ने मरीजों के साथ आने वाले तीमारदारों के ठहरने की समस्या पर भी चर्चा की। उन्होंने रेन बसेरे की स्थिति की जानकारी ली और एसडीएम को रेन बसेरे का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अस्पताल प्रबंधन को शव वाहन (डेड बॉडी वेन) की व्यवस्था करने का आश्वासन भी दिया, ताकि आकस्मिक स्थिति में मरीजों के परिजनों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस अवसर पर एसडीएम नुपुर वर्मा, डॉ. अजेय विक्रम सिंह, डॉ. सतीश कुमार, डा. मोहित कुमार, अनिल उनियाल सहित अस्पताल के कर्मचारी मौजूद रहें।

## यूजीवीएनएल द्वारा शक्ति नहर पर कराए गए कार्य पहली बरसात में हुए धराशाई: विकास

**विकासनगर।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव विकास शर्मा ने यूजीवीएनएल द्वारा शक्ति नहर पर 1 वर्ष पूर्ण कराए गए कार्य पहली बरसात में ही धराशाई होने पर हैरानी जताई है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि जिन ठेकेदारों द्वारा कार्य किए गए थे उनको सभी विभागों में ब्लैक लिस्ट किया जाए और जिन देख रेख में कार्य संपन्न किए गए थे उन्हें तत्काल सरकार निलंबित किए जाने की मांग की है। कहा उन्होंने 1 वर्ष पूर्वी मुख्यमंत्री से शिकायत करते हुए कहा था की कार्य गुणवत्ता युक्त नहीं हो रहे हैं सिर्फ कार्यों पर लीपापोती की जा रही है। उन्होंने इन कार्यों की उच्च स्तरीय जांच की मांग की।

# नालूपानी में अवरूद्ध गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात के लिए हुआ बहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** जिले में भारी वर्षा के चलते हुए भूस्खलन से गंगोत्री हाईवे तीन दिनों के आवाजाही बहाल हुई है है। इस कारण आवश्यक सेवा से जुड़े दूध, सब्जी, ईंधन व समाचार पत्र के वाहन भी दिनभर फंसे रहे। गौरतलब है कि सामरिक महत्व के इस हाईवे की बहाली को लेकर बीआरओ की लापरवाही भी देखने को मिली।

जनपद में हो रही लगातार बारिश और भूस्खलन से गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर धरासू के निकट नालूपानी में मार्ग अवरूद्ध हो जाने के कारण वाहनों की आवाजाही बाधित थी। उक्त स्थान से मलबा और बोल्डर हटाने के लिए बीआरओ तथा पीडब्ल्यूडी द्वारा निरन्तर कार्य किया जा रहा था।

जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने सोमवार को अवरूद्ध हुए मार्ग का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और इस दौरान पीडब्ल्यूडी एवं बीआरओ के अधिकारियों को सड़क खोलने और जल्द से जल्द यातायात सुचारू करने के निर्देश दिए गए।

अवरूद्ध मार्ग को खोलने के लिए तीन पॉकलेन मशीन और एक जेस.ीबी मशीन लगातार कार्य में लगी थी। मार्ग में पहाड़ से मलबा और दो बड़े बड़े बोल्डर आने से पैदल आवाजाही भी पूरी तरह बाधित थी। कड़ी मशक्कत के बाद मार्ग खुलने से नाल.ूपानी में अवरूद्ध मार्ग के दोनों तरफ फंसी गाड़ियों को जिलाधिकारी की उपस्थिति में निकला गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने हाईवे खुलने का इंतजार कर रहे लोगों से वार्ता कर उनका हालचाल जाना।

जिलाधिकारी ने कहा बरसात के मौसम में भूस्खलन से अवरूद्ध हुए मार्गों को खोलना चुनौतीपूर्ण होता है। प्रशासन प्राथमिकता और पूरी प्रतिबद्धता के साथ मार्गों को बहाल करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

### चड़ेती-भटवाड़ी के बीच भी हाईवे बंद

भटवाड़ी-चड़ेती के बीच भी भूस्खलन से भी गंगोत्री हाईवे बंद है। यहां भूस्खलन के चलते हाईवे पर दलदल की स्थिति बन गई है। दोपहिया वाहन किसी तरह जान जोखिम में डालकर आवाजाही कर रहे हैं। वहीं, पापड़गाड से आगे भी हाईवे पर दरारें पड़ने व भूधंसाव की सूचना है, जिससे भटवाड़ी से गंगनानी के बीच गंगोत्री हाईवे पर फिर संकट उत्पन्न हो गय।

## विधायक पुंडीर ने शहीद संदीप थापा की शहादत को किया सलाम

**विकासनगर।** तेलपुरा-अटकफार्म में शहीद संदीप थापा की शहादत दिवस पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पार्पण कर लोगों ने उनकी शहादत को नमन किया। विधायक सहदेव पुंडीर ने शहीद के पिता को शॉल ओढ़ाकर उनके बेटे की शहादत का सलाम किया। विधायक ने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा में उत्तराखंड के वीर सपूतों का सबसे बड़ा योगदान है। सेना के प्रत्येक ऑप्रेशन में उत्तराखंड के सपूत शामिल रहते हैं। उन्होंने कहा कि देश के वीर सपूतों और उन सपूतों को जन्म देने वाले माता-पिता को नमन करना प्रत्येक देशवासी का धर्म है।

# सामान्य वार्तालाप में करें हिंदी का ही प्रयोग: शैलेंद्र

**■ टीएचडीसीआईएल के मुख्यालय में आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 40वीं अर्द्धवार्षिक बैठक मुख्य महाप्रबंधक डॉ. अमरनाथ त्रिपाठी ने बैठक में एम्स निदेशक समेत संस्थानों के प्रति. निधियों का किया स्वागत**




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ऋषिकेश।** टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के ऋषिकेश स्थित मुख्यालय में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) की 40वीं अर्धवार्षिक बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता नराकास अध्य्यक्ष एवं टीएचडीसी के निदेशक कार्मिक शैलेन्द्र सिंह ने की। समिति के सदस्य्य संस्थ्थानों के प्रमुखों और प्रतिनिधियों के साथ ही राजभाषा अधिकारी शामिल हुए।

रसमंजरी भवन में सीएमडी आरके विश्नोई की निगरानी में आयोजित बैठक में निदेशक कार्मिक शैलेंद्र सिंह और मुख्य महाप्रबंधक डॉ. अमरनाथ त्रिपाठी ने बैठक में एम्स की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह, एनआईएच रूड़के निदेशक डॉ. वाई आरएस रावत और राजभाषा विभाग के उपनिदेशक छबिल मेहेर का स्वागत किया। बैठक के दौरान पुरस्कार वितरण समारोह में समिति के भी अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने नराकास के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया। नराकास की वार्षिक पत्रिका 'ज्ञान प्रकाश' के 13वें अंक, टीएचडीसी की राजभाषा पत्रिका 'पहल' के साथ ही केंद्रीय विद्यालय व एसएसबी श्रीनगर की छमाही पत्रिका 'वागिशा' के प्रथम अंक का भी विमोचन किया। नराकास सचिव पंकज कुमार शर्मा द्वारा नराकास हरिद्वार की ओर आयोजित गति. विधियों एवं राजभाषा से संबंधित नवीनतम जानकारियों से अवगत कराया गया। उन्होंने राजभाषा हिंदी की प्रगति की अर्धवार्षिक रिपोर्ट की समीक्षा भी की। चर्चा सत्र में सदस्य्य संस्थ्थानों के प्रमुख एवं प्रतिनिधियों ने अहम सुझाव भी दिए। वहीं, अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने इसी माह सेवानिवृत्ति होने के कारण उन्हें विशिष्ट सम्मान प्रदान किया गया। सदस्य्य संस्थानों के प्रमुखों एवं प्रतिनिधियों का सहयोग के लिए आभार भी जताया। भारत के अधिकतर लोगों की भाषा हिंदी है। हम हिंदी में ही अपनी बात को प्रभावशाली ढंग से रख सकते हैं और हिंदी में बोली जाने वाली बात सबकी समझ में आ जाती है। हिंदी अपने भावों एवं विचारों को व्यक्त करने का सरल एवं सहज माध्यम है। लिहाजा, सामान्य वार्तालाप और घरों में हिंदी में ही बात करने पर जोर दिया।

# 19 अगस्त को गैरसैंण में विधानसभा मनसून सत्र का अयोजन

**चमोली।**19 अगस्त 2025 से गैरसैंण (भराड़ीसैंण) में विधानसभा मानसून सत्र 2025 का आयोजन किया जा रहा है। विधानसभा सत्र को सुव्यवस्थित, सफल व शांतिपूर्ण बनाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के लागू कर दी गई है। यह आदेश 19 अगस्त 2025 प्रात 6 बजे से 22 अगस्त 2025 सायं 5 बजे तक प्रभावी रहेगा। उप जिलाधिकारी/परगना मजिस्ट्रेट गैरसैंण सोहन सिंह रांगड़ द्वारा जारी आदेशानुसार विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा परिसर तथा आसपास के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की धरना-प्रदर्शन, जुलूस, नारेबाजी, बगैर अनुम. ति सभा, सुरक्षा बैरियर तोड़ने, लाउडस्पीकर या ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग, हथियार लाने, उत्तेजक भाषण, पोस्टर-बैनर या सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह व भड़काऊ संदेश फैलाने जैसी गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।


## कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, ऊधमसिंहनगर।

पत्रांक: 302/अ0क0/विज्ञापन/2025-26 दिनांक: 14 अगस्त 2025

**'79वें स्वतन्त्रता दिवस-2025 पर आपको अल्पसंख्यक कल्याण विभाग जनपद ऊधमसिंहनगर की ओर से हार्दिक शुभकामनाएँ'**

**अल्पसंख्यक कल्याण विभाग जनपद ऊधमसिंहनगर की ओर से संचालित ''अल्पसंख्यक समुदाय हेतु मुख्य कल्याणकारी योजनाएँ''**

1. अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं हेतु पूर्व दशम छात्रवृत्ति 100% प्रतिशत (राज्य पोषित)।
2. मा0 मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक प्रोत्साहन योजना।
3. मा0 मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक मेधावी बालिका प्रोत्साहन योजना।
4. मदरसा शिक्षा आधुनिकीकरण से सम्बन्धित योजना।
5. अल्पसंख्यक विकास निधि योजना।
6. अल्पसंख्यक वाहुल्य क्षेत्रों में विकास सम्बन्धी योजना।
7. अल्पसंख्यक समुदाय हेतु प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम योजनान्तर्गत सुविधाओं का विकारा (PMJVK)
8. राय सिक्ख समुदाय के आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं के शैक्षिक उन्नयन हेतु संत केशर सिंह स्मृति सहायताकोष के अन्तर्गत आर्थिक सहायता प्रदान किया जाना।
9. अल्पसंख्यक स्वरोजगार योजना।
10. मौलाना आजाद ऐजुकेशन फाइनेन्स फाउन्डेशन द्वारा ब्याजमुक्त शिक्षा ऋण योजना।
11. मुख्यमंत्री हुनर योजना।
12. मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक कर्मचारी व्यक्तिगत ऋण योजना।

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा उपरोक्तानुसार योजनाऐं संचालित की जा रही हैं। योजनाओं के लाभ एवं अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकरी, ऊधमसिंहनगर, कक्ष संख्या 119 विकास भवन, रुद्रपुर में सम्पर्क करने का कष्ट करें।

(नन्दिनी तोमर)
जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी,
ऊधमसिंहनगर।


# ट्राली खराब होने से ग्रामीणों की रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित

**■ अगस्त्यमुनि-चाका मार्ग पर बनी ट्राली हुई खराब, पैदल मार्ग पर हो रहा भूस्खलन, आये दिन ग्रामीणों की दूध-सब्जी हो रही खराब, कई वर्षों से ग्रामीण कर रहे अगस्त्यमुनि से चाका के लिए पुल की मांग,**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** अगस्त्यमुनि-चाका मार्ग पर बनी ट्रॉली खराब हो जाने से ग्रामीणों की रोजमर्रा की जिंदगी पूरी तरह ठप हो गई है। मंदाकिनी नदी के किनारे बने पैदल मार्ग पर भूस्खलन आने से स्कूली बच्चे, दूध सब्जी बेचने वाले ग्रामीण जान हथेली पर लेकर अगस्त्यमुनि आ रहे हैं। वहीं सड़क मार्ग भी गंगानगर के पास बार-बार अवरूद्ध होने से ग्रामीणों की दूध-सब्जी आये दिन खराब हो रही है।

अगस्त्यमुनि के ठीक सामने मन्दाकिनी नदी के पार कई गांव बसे हैं, जो दूध एवं सब्जी बेचने प्रतिदिन अगस्त्यमुनि आते हैं। जिससे उनका घर खर्च चलता है। ग्रामीण कई वर्षों से अगस्त्यमुनि से चाका के लिए एक अदद पुल की मांग कर रही है, मगर केवल आश्वासन ही मिल रहा है।

उत्तर प्रदेश में रहते हुए तत्कालीन पर्वतीय विकास मंत्री मातवर सिंह कंडारी ने पहली बार इसकी घोषणा की थी, लेकिन तब से कई सरकारें आई और गई। घोषणा हर सरकार ने की, मगर पुल नहीं बना। वर्ष 2022 में सरकार ने एक बड़ा निर्णय लिया, और अगस्त्यमुनि से चाका के लिए इलैक्ट्रिक ट्राली लगाने की घोषणा की। जिसका उद्घाटन करने जनपद के दोनों विधायक आये। ग्रामीण भी खुश हुए चलो कुछ नहीं से कुछ तो हो। ट्राली लगने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिली तो पैदल रास्ते वीरान हो गये, मगर अब ट्राली बार-बार खराब होने लगी है। जिससे ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गांव की महिलाएं और किसान हर रोज दूध, सब्जी व अन्य सामान बेचने विजयनगर और अगस्त्यमुनि जाते हैं।

वहीं बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं स्कूल आते हैं, लेकिन भूस्खलन से रास्ता टूट गया और वैकल्पिक सहारा बनी ट्रॉली भी खराब हो चुकी है। क्षेत्र के ग्रामीणों का दर्द बयान करते हुए चाका गांव की सुलोचना देवी ने कहा कि साहब, ट्रॉली ही हमारी जान थी, अब वो भी बंद पड़ी है। अब तो रोजी-रोटी पर संकट आ गया है। भूमा देवी ने कहा कि नीचे नदी गरज रही है, ऊपर पहाड़ गिर रहे हैं, अब हम जाएं तो जाएं कैसे? ऐसे में बच्चे कैसे स्कूल आयेंगे। हेमा देवी ने कहा कि अगस्त्यमुनि जाकर दूध और सब्जी बेचना हमारी मजबूरी है, लेकिन ट्रॉली बंद होने से सब काम रुक गया है। चाका गांव के ग्रामीण नारायण सिंह और भगवान सिंह ने भी प्रशासन से गुहार लगाई कि ट्रॉली की मरम्मत तत्काल कराई जाए, वरना गांव की पूरी अर्थव्यवस्था ठप हो जाएगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि ट्रॉली तुरंत दुरुस्त करवाई जाए और स्थायी रूप से सुरक्षित मार्ग भी बनाया जाए, ताकि हर साल भूस्खलन और नदी के डर से उनका जीवन मझधार में न फंसे।

# शिक्षकों का चॉक डाउन से आंदोलन का आगाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** प्रधानाचार्य सीधी भर्ती और पदोन्नति न होने से आक्रोशित शिक्षकों ने आंदोलन शुरू कर दिया है, जिसकी शुरूआत शिक्षकों ने चॉक डाउन से की है। ब्लॉक ऊखीमठ के 22, अगस्त्यमुनि के 59 तथा ब्लॉक जखोली के 35 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं पूर्ण रूप से चॉक टाउन कर संगठन को मजबूती प्रदान कर रही हैं।

राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष आलोक रौथाण ने बताया कि प्रांतीय कार्यकारिणी के आवाहन पर क्रमबद्ध आंदोलन की शुरुआत सोमवार से चॉक डाउन से की गई है। प्रधानाचार्य सीधी भर्ती और विगत कई वर्षों से पदोन्नति न होने के कारण शिक्षकों में भारी रोष बना हुआ है। संगठन लम्बे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहा है, लेकिन आज तक विभाग और सरकार की ओर से कोई भी ठोस नीति पदोन्नति को लेकर नहीं बनाई गई है।

बताया कि शिक्षकों के प्रदेशव्यापी इस आंदोलन में जनपद रुद्रप्रयाग अग्रणी भूमिका निभा रहा है। जिले के ब्लॉक ऊखीमठ, अगस्त्यमुनि तथा जखोली के शिक्षक-शिक्षिकाएं पूर्ण रूप से चॉक डाउन कर संगठन को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। साथ ही सरकार को यह संदेश दे रहे हैं कि यदि शिक्षकों की बहुप्रतीक्षित मांगों को समयबद्ध पूर्ण नहीं किया जाता है तो यह क्रम जारी रहेगा।

उन्होंने बताया कि चॉक डाउन के बाद भी सरकार और शासन नहीं माना तो मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय और निदेशालय स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिला मंत्री शंकर भट्ट ने कहा कि राजकीय माध्यमिक शिक्षक पूर्व में भी प्रधानाचार्य सीधी भर्ती एवं पदोन्नति की मांगों को लेकर प्रदेश व्यापी आंदोलन कर चुका है।

सरकार की ओर से आश्वासन दिए जाने के बाद भी सभी राजकीय शिक्षक ठगे हुए महसूस कर रहे हैं। संरक्षक नरेश भट्ट ने कहा कि सरकार एवं विभाग द्वारा जब तक स्पष्ट शासनादेश जारी नहीं हो जाता, तब तक राजकीय शिक्षक अपनी मांगों को लेकर मुखरता के साथ इस लड़ाई को लड़ते रहेंगे।

ब्लॉक अध्यक्ष अगस्त्यमुनि अंकित रौथाण ने कहा कि हड़ताल की अवधि में छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन का जो नुकसान होगा, उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी विभाग एवं सरकार की होगी। यदि सरकार छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को लेकर के सजग है तो उन्हें शीघ्र ही अध्यापकों की यह मांगे माननी चाहिए।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, शाखा नैनीताल।

दूरभाष नं0 (का0) 05942-235428
फैक्स नं0 (फैक्स) 05942-231082
E-Mail ID- eeujsntl@gmail.com

पत्रांक: 1710 /निविदा / 14 दिनांक: 14/08/25

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद्द्वारा मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से निम्न कार्यो हेतु उत्तराखण्ड जन संस्थान, नैनीताल में डी0 श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदायें निम्न तिथि को अपरान्ह 3:00 बजे तक शारज कार्यालय में स्थापित टैण्डर बॉक्स के माध्यम से निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं, जो कि उसी दिन अपरान्ह 3:00 बमो उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्यम से निम्नानुसार आमंत्रित की जाद्वारा खोली जायेंगी। निम्नानुसार किसी भी तिथि में अवकाश की स्थिति में अगले कार्यदिवस में निविदायें बेची, प्राप्त व खोली जायेंगी।

| क्र0 सं0 | योजना/कार्य का संक्षिप्त विवरण | धरोहर धनराशि रु | निविदा प्रपत्र का मूल्य + GST | निविदा बिकी की तिथि | निविदा प्राप्त करने एवं खुलने की तिथि | कार्य पूर्ण अवधि | ठेकेदार / फर्म की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नैनीताल नगर के विभिन्न क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त सीवर लाईनों एवं सीवर मैनहोल चौम्बरों की मरम्मत का कार्य। | 18900.00 | 1000.00+ GST | 19.08.2025 से 02.09.2025 | 03.09.2025 | एक माह | डी0 श्रेणी |

**नियम व शर्तें:-**

1. निविदा प्रपत्र निर्धारित धनराशि जमा करने पर कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, नैनीताल से उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि तक किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक कय किये जा सकते हैं।
2. डाक द्वारा निविदा मंगाने पर रु 100.00 मात्र अतिरिक्त देय होगा। डाक द्वारा बिलम्ब से निविदा प्रपत्र पहुँचने पर विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
3. ठेकेदार/फर्म का जी0एस0टी0 में पंजीकरण होना अनिवार्य है।
4. शेष शर्तें निविदा प्रपत्र के अनुसार रहेंगी।

(रमेश सिंह गर्ब्याल)
अधिशासी अभियन्ता



## जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, जनपद चम्पावत्त।

पृ0सं0:- जि0प0 का0 / 1092-93 /प्रेस विज्ञापन-स्वतंत्रता दिवस/2025-26 दिनांक: 14 अगस्त, 2025

**'स्वतंत्रता दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएं।**

**''समग्र शिक्षा के अन्तर्गत संचालित प्रमुख गतिविधियां''**

1. शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(C) के अन्तर्गत निजी विद्यालयों में अपवंचित एवं कमजोर वर्ग के 25 प्रतिशत बच्चों को सबसे छोटी मान्यता प्राप्त कक्षा में नामांकन किया जाता है। वर्तमान शैक्षिक सत्र 2025-26 में तृतीय चरण के लिए ऑनलाईन पोर्टल पर आवेदन की तिथि दिनांक 14 अगस्त से 18 अगस्त 2025 तक है। किसी भी जानकारी के लिए राज्य स्तरीय टोल फ्री नम्बर 18001804132 एवं 0135-2781942 पर सम्पर्क किया जा सकता है।
2. 06 से 14 वय वर्ग के बच्चों को नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा उपलब्ध करवाने के साथ-साथ शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना।
3. पूर्व प्राथमिक स्तर पर 03 से 06 वर्ष के बच्चों हेतु आंगनवाड़ी केन्द्रों को सु ढीकरण करने के साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों को प्रशिक्षण प्रदान करना।
4. विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (दिव्यांग बच्चों) हेतु नि:शुल्क सहायता उपकरण परीक्षण कैम्प का आयोजन तथा नि:शुल्क सहायता उपकरण उपलब्ध करवाना।
5. राजकीय एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 01 से कक्षा 12 तक नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक उपलब्ध करवाना।
6. राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 01 से कक्षा 08 तक APL वर्ग के बालकों को छोड़कर नि:शुल्क गणवेश (2 जोड़ी) उपलब्ध करवाना।
7. राजकीय एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत् बच्चों को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अन्तर्गत मध्यान्ह भोजन की उपलब्धता।
8. राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में बच्चों हेतु स्मार्ट क्लास, आई0सी0टी0 लैब, प्रयोगशाला कक्ष का निर्माण तथा व्यावसायिक शिक्षा प्रदान किया जाना।
9. राजकीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को प्रतिवर्ष गुणवत्ता सुधार हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया जाना।
10. कस्तूरबा गांधी आवासीय छात्रावास टनकपुर में कमजोर वर्ग की बालिकाओं एवं ड्रॉपआउट सम्भावित बालिकाओं को कक्षा 06 से 12 तक नि:शुल्क भोजन, आवास एवं शिक्षण सुविधा उपलब्ध कराना।
11. नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय छात्रावास टनकपुर में कमजोर वर्ग के बालकों को कक्षा 01 से 08 तक नि:शुल्क भोजन, आवास एवं शिक्षण सुविधा उपलब्ध कराना।
12. सुपर 100 कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के 04 विकासखण्डों में हाईस्कूल स्तर पर उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले कक्षा 12 में अध्ययनरत् 04 छात्र-छात्राओं को दीर्घ अवकाश अवधि में राज्य स्तर पर मैडिकल एवं इंजीनियरिंग की तैयारी की सुविधा।
13. असेवित बस्तियों में रह रहे बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु एस्कार्ट सुविधा।
14. खनन क्षेत्र में लगे श्रमिको के पाल्यों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए एन0आर0एस0टी0 कैम्पों का संचालन।
15. पी0एम0श्री योजनान्तर्गत जनपद के 11 राजकीय विद्यालयों का संचालन।

(मेहरबान सिंह बिष्ट)
जिला परियोजना अधिकारी,
समग्र शिक्षा, जनपद चम्पावत।

# हाईकोर्ट ने उठाए पुलिस की कार्यशैली पर सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल ।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नैनीताल जिले के जिला पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर स्वत: संज्ञान लिए जाने वाली जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने जिलाधिकारी नैनीताल से कहा है कि अब तक क्या कार्यवाही उनके द्वारा की गई उसकी रिपोर्ट कोर्ट में पेश करें, जो रिपोलिंग कराने का बयान आपने दिया था उस पर राज्य चुनाव आयोग ने क्या कहा? इस पर मंगलवार (आज) तक जवाब पेश करें।

**■ आज फिर होगी सुनवाई, डीएम व एसएसपी को शपथ-पत्र देने के हाईकोर्ट के निर्देश जिला पंचायत चुनाव के दौरान घटनाक्रम पर हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी**

बता दें मंगलवार को हाईकोर्ट में जिले के पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा भी पेश हुए । कोर्ट ने उनसे पूछा कि घटना के बारे में आपको क्या कहना है। उसका उत्तर देते हुए एसएसपी व राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि वायरल वीडियो के आधार पर कार्यवाही की जा रही है । शिकायतों के आधार पर दोनों पक्षों की एफआईआर दर्ज कर ली गयी है।




मुकदमा दर्ज होने के बाद कोर्ट ने एसएसपी से फिर से पूछा कि उसके बाद क्या हुआ? कितने के खिलाफ कार्यवाही की जिसका जवाब वे नहीं दे पाए। ऊपर से कहा कि जो 5 सदस्य गायब थे उनका बयान मजिस्ट्रेट के वहां दर्ज करा दिये गए हैं। इस पर कोर्ट ने कहा कि जब गायब हुए ही नहीं बयान किस आधार पर दर्ज किए। आपके मुता. बिक जब घटना घटित ही नहीं हुई उनको अपनी कस्टडी में क्यों रखा। कुछ नहीं कानून की रखवाले करने वालों की यह लापरवाही है। इस मामले की अगली सुनवाई मंगलवार (आज) भी जारी रहेगी ।

### हाईकोर्ट ने बताया पुलिस की असफलता

**नैनीताल ।** मतदान के दिन जिला पंचायत स्थित मतदान केंद्र से 200 मीटर की दूरी पर हथियारों के साथ एक गिरोह के वहां पहुंचने पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए हाईकोर्ट ने इसे पुलिस की असफलता बताया और एसएसपी से इस मुद्दे पर विस्तृत शपथ पत्र देने को कहा है।

### डीएम को शपथ-पत्र देने के निर्देश

**नैनीताल ।** जिलाधिकारी वंदना सिंह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से कोर्ट में पेश होकर 15 अगस्त की सुबह 3 बजे मतगणना किये जाने को नियमानुसार बताया तथा कहा कि मतगणना के बाद मतपत्र ट्रेजरी के लॉकर में रखे गए थे जिन्हें सोमवार कोर्ट के समक्ष पेश किया गया है । कोर्ट ने जिलाधिकारी से भी इस मामले में शपथ पत्र मांगा है ।

### कांग्रेस प्रत्याशी की आपत्ति

**नैनीताल ।** मामले में कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पा नेगी के अधिवक्ताओं ने घोर आपत्ति जताई है । इधर कांग्रेस की ओर से सोमवार को नई रिट फाइल कर जिला पंचायत अध्यक्ष नैनीताल के लिये पुनर्मतदान की मांग की है।

### हाईकोर्ट ने घटना के देखे वीडिया

**नैनीताल ।** सोमवार को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने वे सभी वीडियो देखें जिनमे रेनकोट पहने लोग 5 सदस्यों को घसीटते हुए ले जा रहे हैं। इसके अलावा घटना के बाद कुछ युवकों द्वारा सोशल मीडिया में नैनीताल को हिला डाला शीर्षक से डाले गए वीडियो को भी देखा है । जिस पर कोर्ट ने गहरी चिंता जताई है । एसएसपी ने इन आरोपियों को गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है ।

### जिला पंचायत सदस्य हुए पेश

**नैनीताल ।** हाईकोर्ट में सोमवार को एसएसपी ने जिला पंचायत अध्यक्ष नैनीताल के चुनाव के दिन बलपूर्वक उठाए गए पांच जिला पंचायत सदस्यों को हाईकोर्ट में पेश किए गया लेकिन सोमवार को उनसे कोर्ट की तरफ से कोई पूछताछ नहीं हुई।

# उत्तराखंड में नेचुरलिस्ट ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद व पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी स्किल काउंसिल के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को देहरादून स्थित मंथन हॉल, वन मुख्यालय में नेचुरलिस्ट ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह पंद्रह दिवसीय उन्नत स्तर का प्रशिक्षण राज्य के उन युवाओं, गाइड्स और प्रकृति प्रेमियों के लिए आयोजित किया जा रहा है, जो पारिस्थितिकी, जैव विविधता संरक्षण और के क्षेत्र में अपना योगदान देना चाहते हैं।

इस अवसर पर पर्यटन सचिव धीराज सिंह गर्ब्याल ने अपने संदेश में कहा कि उत्तराखंड पर्यटन विभाग 17 अगस्त से चार प्रमुख प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू कर रहा है, जिनमें नेचुरलिस्ट ट्रेनिंग, टूर गाइड ट्रेनिंग, स्ट्रीट फूड उद्यमी प्रशिक्षण तथा एस्ट्रो टूर गाइड प्रशिक्षण शामिल हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लगभग 2300 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेयर देहरादून सौरभ थपलियाल ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तराखंड की प्राकृतिक धरोहर को संरक्षित रखने और इसे पर्यटन के माध्यम से वैश्विक पहचान दिलाने के लिए इस प्रकार की पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर पद्मभूषण डॉ. अनिल जोशी, अपर निदेशक पर्यटन पूनम चन्द, डॉ. एम. मधु, अंजलि भरतरी, अपर सचिव काहकशां नसीम, बृजेन्द्र पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य मंत्री ने किया प्वाइंट ऑफ केयर टेस्टिंग डिवाइस का वितरण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।**राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने मुख्य चिकित्स अधिकारी कार्यालय देहरादून में गैर संचारी रोग कार्यक्रम के अंतर्गत प्वाइंट ऑफ केयर टेस्टिंग डिवाइस का वितरण किया । नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच सेवाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत यह डिवाईस आयुष्मान आरोग्य मंदिर में तैनात 40 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को वितरित किये गये। वितरण के साथ-साथ सभी सीएचओ को इस संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया गया।इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य सरकार समुदाय स्तर पर प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाने के लिए



निरंतर तकनीक और नवाचार की मदद ले रही है। इसी कड़ी में समस्त सीएचओ को पीओसीटी डिवाइस दिये जा रहे हैं। इनकी मदद से 28 से अधिक स्वास्थ्य संबंधी जांच घर-घर जाकर की जा सकेंगी। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं को धरातल पर पहुंचाने के लिए समय-समय पर अधिकारी निरंतर मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि इन सभी योजनाओं की सफलता लाभार्थियों की संतुष्टि पर निर्भर करेगी। उन्होंने चिकित्सालयों में रेफरेल की परम्परा पर अंकुश लगाने तथा रेफरल के संबंध में स्पष्ट एसओपी जारी करने के लिए निद. ेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य को निर्देश दिये।

**■ मुख्य चिकित्स अधिकारी कार्यालय देहरादू में गैर संचारी रोग कार्यक्रम के तहत हुआ आयोजन ,डॉ रावत ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर में तैनात 40 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को दी डिवाइस**

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक राज्य में वृहद रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जायेगा। जिसमें रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान के साथ-साथ पंजीकरण भी किया जायेगा। साथ ही पंचायत स्तर पर वृहद स्वास्थ्य शिवि. रों का आयोजन किया जायेगा।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा ने जनपद में आयुष्मान अरोग्य मंदिर में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं तथा जांच सेवाओं का विवरण प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर निदेशक, चि.स्वा.प. क. डॉ शिखा जंगपांगी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वंदना सेमवाल, डॉ निधि रावत, डॉ विमलेश जोशी, डॉ प्रदीप राणा, डॉ दिनेश चौहान, डॉ कैलाश गुंज्याल, डॉ राजीव दीक्षित, डॉ आनंद शुक्ला, डीटीओ डॉ मनोज वर्मा सहित मुख्य प्रशासनिक अधिकारी नवीन जोशी, प्रशासनिक अधिकारी कांति शर्मा, फार्मेसी अधिकारी सुधा कुकरेती, डीपीएम लक्ष्मण सिंह रावत, सीपीएचसी कंसल्टेंट मनोज खण्डूडीष्, लेखा प्रबंधक विवेक गुसाईं, स्पेशियलिटी फार्मा से वैभव गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### क्या है प्वाइंट ऑफ केयर टेस्टिंग डिवाइस

इस डिवाइस की मदद से ऑन द स्पॉट 28 से अधिक विभिन्न स्वास्थ्य जांच की जा सकती है। इस उपकरण से किये जाने वाले टेस्ट का परिणाम 2 से 5 मिनट में प्राप्त हो जाता है। इससे ग्लूकोज, कोलेस्ट्रॉल, हीमोग्लोबिन, वाईटल्स, ईसीजी, यूरिक एसिड तथा अन्य रैपिड टेस्ट सहित 28 से अधिक टेस्ट किये जा सकते हैं। इस उपकरण के माध्यम से जनपद के दुर्गम क्षेत्रों में निवासरत लोगों तक भी नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच सेवाओं का लाभ पहुंच पायेगा।

# प्रदेश के समग्र विकास को आगे बढ़ाएगी ट्रिपल इंजन की सरकार: गौतम

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत कुमार गौतम ने पंचायत चुनाव में प्रचंड जीत के लिए जनता का आभार व्यक्त करते हुए इसे सीएम धामी का जनता के सुख दुख में साथ खड़े होने पर आशीर्वाद बताया।

इस परिणाम के लिए पार्टी नेतृत्व एवं कार्यकर्ताओं की जी तोड़ मेहनत की प्रशंसा भी की। वहीं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर जनता को गुमराह कर देश पर शासन की मंशा रखने का भी आरोप लगाया। साथ विकसित भारत के लिए उपराष्ट्रपति पद पर एनडीए उम्मीदवार की जीत निश्चित बताई।

पार्टी कार्यालय में मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने वोटर सूची को लेकर राहुल गांधी के आरोपों पर पलटवार किया। कहा कि लोकतंत्र की हत्या, वोट चोरी जैसे अतर्किक और असंवैधानिक आरोपों पर कौन उन्हें समझाएगा।

एक इलेक्शन कमीशन ही था जो उन्हें समझा सकता था। लेकिन लगता है उन्होंने कभी नहीं समझने की कसम उठाई हुई है। सत्य तो यह है कि लोकतंत्र की सबसे पहले हत्या तो तब की गई थी जब राजनैतिक महत्वकांक्षा के लिए नेहरू और कांग्रेस ने देश का बंटवारा कराया, लाखों लोगों की हत्या हुई।

फिर इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया कि हजारों लोग मारे गए, लाखों लोग जेल में बंद किया गया, पत्रकारों पर भी प्रतिबंध लगाए गए,



पूरा देश जेल में तब्दील हो गया था। राजीव गांधी ने 1984 में हजारों सिखों का कत्लेआम किया और आज राहुल गांधी की पूर्व की सरकार ने आतंकवाद को बढ़ावा दिया। लोगों को डर लगता होगा कि मार्केट, गुरुद्वारा, मंदिर, मस्जिद जाते हुए जगह जगह लिखा होता था कि बड़े-बड़े शब्दों में किसी प्रकार की लावारिस सामान न छुए, बम हो सकता है। अब यही लोग देश को बर्बाद करने करने की मंशा से जनता को गुमराह कर देश पर शासन करना चाहते हैं।

वहीं उन्होंने भाजपा के पक्ष में पंचायत चुनावों नतीजों के लिए जनता का आभार व्यक्त किया। इस दिशा में मुख्यमंत्री की कार्यशैली, जनता के बीच लगातार खड़े रहना, आपदा के बीच प्राथमिकता से लोगों की मदद मिले उस पर ध्यान देना। इसके अतिरिक्त हमारे देवतुल्य कार्यकर्ताओं और पार्टी नेतृत्व की समाजसेवा करने का नतीजा है, जिला पंचायत अध्यक्ष 12 में से 10 सीट और अधिसंख्य प्रमुख सीट जीतना। उन्होंने विश्वास दिलाया कि अब हमारी ट्रिपल इंजन की सरकार प्रदेश के समग्र विकास को आगे बढ़ाएगी। वहीं हमारी जीत की यह लहर, आने वाले विधानसभा चुनाव में भी पूर्ण बहुमत में तब्दील होगी।

### कहा -उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर जीत सुनिश्चित

उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर उन्होंने कहा, हम बिल्कुल आशान्वित हैं कि देश की जनता के चुने हुए प्रतिनिधि नरेंद्र मोदी के ऊपर पूर्व विश्वास करते हैं। सभी चाहते हैं कि सारे क्षेत्रों में देश आगे बड़े और विकसित भारत निर्माण हो। इसलिए हमारे उपराष्ट्रपति प्रतिनिधि को पूरा सहयोग मिलना और उसका जीतना निश्चित है।

# हाईकोर्ट की टिप्पणी पर प्रदेश सरकार लाजवाब: कांग्रेस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों के अंतिम चरण में नैनीताल जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव में भाजपा के नेताओं ने हथियार बंद अपराधिक तत्वों के साथ मिल कर पांच जिला पंचायत सदस्य उठाने का जो दुस्साहस किया और आज पांच दिन बाद भी इस पूरे प्रकरण में शामिल अपराधियों को पकड़ने में पुलिस जिस तरह से नाकाम हुई उस पर आज नैनीताल उच्च न्यायालय की टिप्पणी के बाद प्रदेश की सरकार को एक मिनिट भी सत्ता में रहने का अधिकार नहीं है।

यह बात सोमवार को उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बात. चीत में कही। उच्च न्यायालय नैनीताल में इस प्रकरण पर हुई बहस और उस पर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश व बैंच की टिप्पणियां सार्वजनिक हुई उस पर प्रतिक्रिया देते हुए धस्माना ने कहा कि यह बात बिल्कुल सत्य ही की जिस जिला मुख्यालय में प्रदेश का उच्च न्यायालय हो जहां मुख्य न्यायाधीश समेत हाई कोर्ट की पूरी बेंच बैठती हो और मंडल मुख्यालय भी हो उस जिले में इस प्रकार अपराधी हथियारबंद हो कर किसी अपहरण की घटना को बेखौफ अंजाम दे दें वो भी पुलिस के सामने इससे बड़ा कानून व्यवस्था के ध्वस्त होने का उदाहरण दूसरा नहीं हो सकता। धस्माना ने कहा कि इस पूरी आपराधिक घटना में जिनकी संलिप्तता है उनको गिरफ्तार करने की बजाय पुलिस उनको बचा रही है और उच्च न्यायालय की पुलिस अधीक्षक नैनीताल के बारे में सभी टिप्पणियां बिल्कुल सही हैं और सरकार को उनको तत्काल वहां से हटा कर होम गार्ड में भेज देना चाहिए। धस्माना ने कहा कि भाजपा इस पूरे प्रकरण के पीछे मास्टरमाइंड है और इसीलिए आज तक पुलिस अपराधियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। धस्माना ने कहा कि कल शुरू होने वाले विधानसभा सत्रों यह मुद्दा जोर शोर से उठेगा व सड़कों पर इस मुद्दे पर कांग्रेस की लड़ाई जारी रहेगी।

**■ प्रदेश में कानून व्यवस्था के ध्वस्त होने का सबसे बड़ा उदाहरण है नैनीताल प्रकरण: धस्माना**

# विधानसभा का मानसून सत्र आज से गैरसेंण में शुरु

**■ सोमवार को स्पीकर ऋतु खंडूरी ने व्यवस्थाओं का लिय जायजा कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में तय किया गया एजेंडा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**भराड़ीसैंण ( गैरसैंण )।** उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूड़ी भूषण ने आज भराड़ीसैंण (गैरसैंण) विधानसभा का पुन: निरीक्षण कर कल से शुरू हो रहे मानसून सत्र की सभी तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभा मंडप में ध्वनि (साउंड) के ईको की समस्या के समाधान को लेकर आईआईटी रुड़की द्वारा किए गए तकनीकी सुधारों का अवलोकन किया और टेस्टिंग के उपरांत संतोष व्यक्त किया।



इस बार भराडीसैंण में विधानसभा सत्र का संचालन ई-नेवा प्रणाली के माध्यम से किया जाना है। इस व्यवस्था की सफल टेस्टिंग आज की गई। विधानसभा अध्यक्ष ने इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि डिजिटल माध्यम से कार्यवाही अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी होगी।

स्पीकर ने महिला जनप्रतिनिधियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए देहरादून विधानसभा की तर्ज पर भराड़ीसैंण विधानसभा में भी एक विशेष कक्ष निर्धारित किए जाने की जानकारी दी।

# एससीईआरटी नियमावली में देरी पर विभागीय मंत्री नाराज

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) तथा जिला शिक्षा एंव प्रशिक्षण संस्थानों (डायट) की नियमावली अभी तक तैयार न होने पर सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कड़ी नराजगी जताई। उन्होंने शिक्षा सचिव को तत्काल कार्मिक विभाग से समन्वय स्थापित कर नियमावली से संबंधित अड़चनों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिये। साथ ही एससीईआरटी व डायट में लम्बे समय से रिक्त पड़े पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू करने को भी कहा।



सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सोमवार को विधानसभा स्थित सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने एससीईआरटी व डायट की नियमावली में हो रही अनावश्यक देरी पर विभागीय अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई।

विगत चार वर्ष से नियमावली तैयार न होने पर हैरानी जताते हुये उन्होंने इसे लापरवाही की पराकाष्ठा बताया। डॉ. रावत ने सचिव शिक्षा रविनाथ रमन को नियमावली बनाने में आ रही अड़चनों को दूर करने के लिये खुद कार्मिक विभाग से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि एससीईआरटी व डायटों की नियमावली किसी भी सूरत में एक माह के भीतर तैयार कर कैबिनेट में प्रस्तुत की जाय। बैठक में सचिव विद्यालयी शिक्षा रविनाथ रमन, अपर सचिव रंजना राजगुरू, निदेशक एससीईआरटी वंदना गर्ब्याल व पदमेन्द्र सकलानी आदि उपस्थित रहे।

### 13 डायटों में प्रवक्ता के रिक्त 221 पदों पर शीघ्र भर्ती को भेजें अधियाचन

शिक्षा मंत्री डॉ रावत ने कहा कि एससीईआरटी व डायटों में लम्बे समय से अकादमिक व पैराअकादमिक के पद रिक्त पड़े हैं, जिससे शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्य प्रभावित हो रहे हैं और इसका खामियाजा प्रदेश के लाखों छात्र-छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को सभी 13 डायटों में प्रवक्ता के रिक्त 221 पदों पर शीघ्र भर्ती के लिए अधियाचन राज्य लोक सेवा आयोग को भेजने को कहा। साथ ही आयोग से चयनित अभ्यर्थी उपलब्ध होने तक वैकल्पिक व्यवस्था के तहत विद्यालयों में तैनात ऐसे प्रवक्ता शिक्षकों को डायटों अचौट करने को कहा, जिनके विषयों में छात्र संख्या शून्य हो, ताकि डायटों में प्रशिक्षण कार्यक्रम भी सुचारू रूप से चल सके। डॉ. रावत ने कहा कि वर्तमान में सभी डायटों में वरिष्ठ प्रवक्ता के 69 व प्रवक्ता के 53 पद रिक्त पड़े हैं।

# लूट के मोबाइल के साथ एक लुटेरा गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**,देहरादून।** करीब दो कदन पूर्व क्लेमंटाउन थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति का मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए लुटेरे को आखिरकार स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से लूटा गया मोबाइल फोन बरामद कर लिया।

पीड़ित द्वारा थाना क्लेमंटाउन पर विगत 16 अगस्त को जितेंद्र पुत्र विश्वास सिंह निवासी नयागांव सेवलाखुर्द कोतवाली पटेलनगर ने मामले की जानकारी देते हुए बताया था कि कि वह पिललेश्वर महादेव मंदिर से अपने किसी परिचत के मकान पर मोहब्बेवाला जा रहा था कि इस दौरान पीछे से एक व्यक्ति ने उसके हाथ से उसका मोबाईल फोन लूट लिया।

खबर मिलने के बाद स्थानीय पुलिस ने धारा 304(2) के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया था। मोबाइल लूट की वारदात के बाद एसएसपी अजय सिंह ने इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए सीओ सदर अंकित कंडारी को तत्काल वारदात का खुलासा करने के निर्देश दिए थे। बाद में थाने पर पुलिस टीम का गठन किया गया और वारदात में शामिल आरोपी की तलाश प्रारंभ कर दी। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों को खंगाला गया और पुलिस टीम ने मोबाइल लूट की वारदात में शामिल एक आरोपी आकाश को घटनास्थल के समीप से गिरफ्तार होना दर्शाया। पूछताछ के दौरान पकड़े गए आरोपी ने बताया कि वह नशा करने का आदि है और नशे की लत को पूरा करने के लिए ही वह लूट की वारदातों को अंजाम देता था। पुलिस ने पकड़े गए लुटेरे को संबंधित न्यायालय में पेश किया जहां से उसे चौदह दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

# एमडीडीए की बड़ी कार्रवाई, अवैध निर्माण और प्लॉटिंग पर चली जेसीबी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) की ओर से शहरी क्षेत्र में अनियंत्रित और अवैध निर्माण गतिविधियों पर सखघ्ती से रोक लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी कड़ी में सोमवार को एक व्यापक ध्वस्तीकरण और सीलिंग अभियान चलाया गया। देहरादून और ऋषिकेश के विभिन्न क्षेत्रों में की गई इस कार्रवाई का उद्देश्य शहर के नियोजित विकास को सुनिश्चित करना और अवैध निर्माणकर्ताओं को स्पष्ट संदेश देना है कि नियमों की अनदेखी अब किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी।

मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण की टीमें पूर्व सूचना और नियमानुसार कार्रवाई करते हुए



विभिन्न स्थानों पर अवैध रूप से निर्मित भवनों को ध्वस्त व सील करने के लिए मौके पर पहुंचीं।

प्रमुख कार्यवाहियाँ इस प्रकार रहीं :

ऋषिकेश (बीरभद्र रोड, न्यू आवास विकास कॉलोनी) में दुष्यंत सेठी द्वारा हरि रेजीडेंसी निकट भरत विहार में अवैध रूप से निर्मित बहुमंजिला भवन पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। इस दौरान सहायक अभियंता शशांक सक्सेना, राजेन्द्र बहुगुणा, शैलेन्द्र सिंह रावत, निशांत कुकरेती, अवर अभियंता मनवीर, प्रियंका, मुनेश राणा, सचिन तोमर, जयदीप सिंह, सुप. रवाइजर व पुलिस बल।

देहरादून (रूपनगर बद्रीपुर) में अशोक कुकसाल द्वारा लगभग 05 बीघा भूमि पर की जा रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया गया। इस दौरान सहायक अभियंता प्रमोद मेहरा, अवर अभियंता विक्रम सिंह, सुपरवाइजर व पुलिस बल।

वहीं छिदरवाला में भूषण कुमार द्वारा किए गए अवैध व्यावसायिक निर्माण पर कार्रवाई करते हुए स्थल को सील किया गया। इस दौरान सहायक अभियंता प्रमोद मेहरा, अवर अभियंता प्रवेश नौटियाल, सुपरवाइजर व पुलिस बल।

ऋषि विहार, देहरादून में नजीर अहमद द्वारा किए गए अवैध व्यावसायिक निर्माण को संयुक्त सचिव गौरव चटवाल के आद. ेशानुसार सील किया गया। इस दौरान सहायक अभियंता अभिषेक भारद्वाज, अवर अभियंता अभिजीत थलवाल, सुपरवाइजर व अन्य।

### नियमों की अवहेलना करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई: तिवारी

एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा की गई यह कार्रवाई यह स्पष्ट करती है कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण या प्लॉटिंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारा लक्ष्य एक सुव्यवस्थित, सुरक्षित और टिकाऊ शहरी वातावरण सुनिश्चित करना है। नियमों की अवहेलना करने वालों पर भविष्य में भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। मैं नागरिकों से अपील करता हूँ कि वे निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पहले प्राधिकरण से विधिवत स्वीकृति प्राप्त करें और कानून का पूर्ण पालन करें।

## सम्पादकीय

मंगलवार, 19 अगस्त 2025

# ईसीआई को फटकार

यह बात अलग है कि बिहार में ड्राफ्ट सूची से बाहर किए 65 लाख मतदाताओं की लिस्ट जारी कर दी गई है। वोटर अपने नाम जिलों की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। ज्ञात रहे कि सुप्रीम कोर्ट ने मुस्तैदी दिखाते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कवायद के बाद बिहार की मसौदा निर्वाचक सूची से खारिज 65 लाख मतदाताओं के नाम, और कारण प्रकाशित करने का आदेश दिया था। इसे भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को फटकार के रूप में देखा जाना चाहिए। मतदाताओं के लिए नैसर्गिक न्याय के बुनियादी सिद्धांतों का पालन हो, इसके लिए आयोग को बाध्य करने के वास्ते सुप्रीम कोर्ट की जरूरत पड़ी।

यह इस संस्था द्वारा एसआईआर कराने में गंभीर खामियों और इसके क्रियान्वयन के अति-आत्मविश्वासपूर्ण व जल्दबाजी भरे तरीके को रेखांकित करता है। मृत्यु, या खोजने पर नहीं मिलने या फर्जी/ डुप्लीकेट प्रविष्टि होने के कारण जिनके नाम हटाए गए हैं, उन खारिज मतदाताओं की कोई एक जगह एकत्रित सूची नहीं है, ऐसा दावा आयोग ने किया है। हटाए गए प्रत्येक नाम के सामने कोई कारण भी नहीं दिया गया है। कुछ अखबारों ने विश्लेषित डेटा और जमीनी रिपोर्टों ने महत्वपूर्ण विसंगतियों को उजागर किया है। पुरुषों का प्रवास ज्यादा होने और पुरुषों की हालिया मृत्यु दर भी थोड़ी अधिक होने के बावजूद, पुरुषों (तकरीबन 25 लाख) से कहीं ज्यादा बड़ी तादाद में महिलाओं (32 लाख) का नाम काटा गया है। रिपोर्ट बताती हैं कि तमाम इलाकों में कई मतदाताओं की गलत ढंग से मृत के रूप में पहचान की गई है या वैध मतदाता पहचान पत्र और निवास का प्रमाण होने के बावजूद उन्हें मतदाता सूची में शुमार नहीं किया गया है।

सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप ऐसे मतदाताओं के लिए उनसे संबंधित गड़बड़ियों के निवारण का एक सार्थक रास्ता उपलब्ध कराता है। दावे और आपत्तियां दाखिल करने के लिए आयोग द्वारा तय 1 सितम्बर की आखिरी तारीख नजदीक है। सुप्रीम कोर्ट एसआईआर पर मामले की सुनवाई जारी रखेगा, जो अपने साथ अन्य समस्यापूर्ण तत्वों को भी समेटे हुए है। जनवरी में आयोग द्वारा अपने ही संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद, इस पूरी कवायद की संवैधानिकता पर निर्णय आना बाकी है। इसके अलावा, आयोग अब भी इस बात पर कायम है कि मसौदा सूची में शुमार मतदाताओं को चुनाव पंजीकरण अधिकारियों द्वारा 11 निर्देशित दस्तावेजों, जिसमें ज्यादा सार्वभौम रूप से उपलब्ध आधार या राशन कार्ड शामिल नहीं हैं, में से किसी एक की उपलब्धता के आधार पर जांचा जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने आयोग को खारिज नागरिकों को अपने आधार कार्ड के साथ आपत्तियां दाखिल करने की अनुमति देने का आदेश दिया है और पूर्व की दो सुनवाइयों में इस दस्तावेज को स्वीकार करने के लिए उस पर दबाव डाला है। इसे देखते हुए आयोग को अब आधार कार्ड को भी पहचान दस्तावेज के रूप में शामिल करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट का आदेश एसआईआर कराने में निर्वाचन आयोग द्वारा अपारदर्शी साधनों का इस्तेमाल किए जाने पर भी रोशनी डालता है।


## जिम्मेदारी से भाग रहा चुनाव आयोग



विपक्ष के नेता राहुल गांधी जब वोट चोरी के खिलाफ बिहार में वोटर अधिकार यात्रा की शुरुआत कर रहे थे, तो उसी समय चुनाव आयोग ने आरोपों का जवाब देने बजाय उनके सवालों को नकार दिया और जिम्मेदारी से भाग खड़ा हुआ है, लेकिन सांसदों की उसकी गति. विधियों पर नजर है और उसके खिलाफ जरूरी कार्रवाई को लेकर कदम भी उठाया जा सकता है, आयोग राजनीतिक दलों के नेताओं के सवालों के जवाब नही दे पा रहा है और उल्टे राजनीतिक दलों पर सवाल उठा रहा है, आयोग को बताना चाहिए कि वह 45 दिन में मतदान के फुटेज डिलीट क्यों कर देता है।

**-गौरव गोगोई**
**सांसद कांग्रेस**

# बिहारी जी कॉरिडोर का विवाद





**विनीत नारायण**

काफी रस्साकशी के बाद वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर का कॉरिडोर बनने का रास्ता साफ हो गया। योगी सरकार ने इस मंदिर के प्रबंधन के लिए न्यास भी गठित कर दिया। जिसमें मंदिर की बागडोर अब पूरी तरह सरकार के हाथ में है। मंदिर के सेवायत गोस्वामियों के परंपरा से चले आ रहे दो समूहोंरू राजभोग सेवा अधिकारी और शयन भोग सेवा अधिकारी में से मात्र एक-एक प्रतिनिधि इस न्यास का सदस्य रहेगा। इस पूरे विवाद में वृंदावन का समाज दो भागो में बटा हुआ था। एक तरफ थे सेवायत गोस्वामी व उनके परिवार, बिहारीपुरा के बाशिंदे और आसपास के दुकानदार, जिनकी संपत्तियां प्रस्तावित कॉरिडोर के दायरे में आ रही हैं। दूसरी तरफ वृन्दावन के आम नागरिक और बाहर से आने वाले दर्शनार्थी। जहां पहला पक्ष कॉरिडोर के विरुद्ध आंदोलन करता आया है। वहीं दूसरा पक्ष कॉरिडोर का स्वागत कर रहा है।

इस विषय में बहुत से गोस्वामीगणों ने मुझसे भी संपर्क किया और इस विवाद में मेरा समर्थन मांगा। कई कारणों से मैं इस मामले में उदासीन रहा। इसकी वजह यह थी कि 2003 -2005 के बीच जब मैं इस मंदिर काअदालत द्वारा नियुक्त रिसीवर यानी, प्रशासक था तो मैंने मंदिर की अव्यवस्थाओं को सुधारने का सफल प्रयास किया था, पर गोस्वामियों का सहयोग नहीं मिला।

30 जून 2003 को मैंने बिहारी जी के मंदिर का कार्यभार संभाला और 1 अगस्त को हरियाली तीज थी। इस दिन उत्तर भारत से लाखों भक्त स्वर्ण हिंडोले में बैठे बांके बिहारी जी के दर्शन करने आने वाले थे। मंदिर के कुछ पुराने गोस्वामियों ने मुझे चुनौती दी कि मैं ए व्यवस्था नहीं संभाल पाऊंगा। ठाकुर जी पर निर्भर होकर चुनौती स्वीकार की और यह पता लगाया कि क्या- क्या समस्याएं आती हैं। सबसे बड़ी समस्या थी, बिहारी जी तक जाने वाले पांचों मार्गों से आने वाली अपार भीड़। दूसरी समस्या थी, मंदिर के प्रवेश द्वार पर जूते चप्पलों का पहाड़ बन जाना। तीसरी समस्या थी, लोगों की जेब कटना और सोने की चेन खींचना। चौथी समस्या थी, महिलाओं के साथ भीड़ का दुर्व्यवहार। मैं फौरन दिल्ली गया और छतरपुर स्थित कात्यानी देवी के मंदिर के प्रबंधक तिवारी जी से मिला। जो हर नवरात्रि पर लाखों दर्श्नार्थियों की भीड़ संभालते थे। उन्होंने बताया कि एसपीजी के कुछ सेवानिवृत्त अधिकारी भीड़ प्रबंधन की एजेंसी चलाते हैं। उनसे संपर्क किया और उन्हें वृन्दावन बुलाया। मथुरा के तत्कालीन जिलाधिकारी सुधीर वास्तव और एसएसपी सतेन्द्र वीर सिंह से लगभग दो सौ सिपाही मांगे और इतने ही स्वयंसेवक अपने संगठन ब्रज रक्षक दल के बुलाए। इन चार सौ लोगों को मोदी भवन में भीड़ नियंत्रण के लिए प्रशिक्षित किया। इस कार्य में मान मंदिर के युवा साधुओं का विशेष सहयोग मिला। बिपिन व्यास ने सुझाव दिया कि मंदिर आने और जाने का एक-एक ही मार्ग रखा जाए और बाकी मार्ग बंद कर दिए जाएं। इसके अलावा विद्यापीठ के चौराहे पर दस हजार टोकन के साथ जूता घर बनाया गया। जिसमें सेवा करने चांदनी चौक दिल्ली के युवा व्यापारी आए। एसपीजी के इन अधिकारियों ने मंदिर के प्रांगण से विद्यापीठ चौराहे तक पूरे मार्ग को दस सेक्टरों में बांट दिया और वॉकी-टॉकी से हर सेक्टर के दर्शनार्थीयों को क्रमानुसार आगे बढ़ाया। महिलाओं और बुजुर्गों की सहायता के लिए हमने हर सेक्टर में 'ब्रज रक्षक दल' के स्वयं सेवक तैनात किए गए।

इन सब व्यवस्थाओं का परिणाम यह हुआ कि न तो किसी की जेब कटी, न धक्का-मुक्की हुई, न चप्पल-जूते खोए, बल्कि बूढ़े और जवान सबको बड़े आराम से दर्शन हुए। इस हरियाली तीज के कई दिन बाद तक मुझे मुंबई, कलकत्ता और अन्य शहरों से परिचित भक्त परिवारों के फोन आते रहे कि जैसी व्यवस्था बिहारी जी में इस बार हुई ऐसी पहले कभी नही हुई। कहने का तात्पर्य यह है कि भीड़ कितनी भी हो दर्शन की व्यवस्था सुधारी जा सकती थी।

मंदिर प्रबंधन की दूसरी चुनौती थी चढ़ावे की राशि का ईमानदारी से आंकलन और उसे बैंक में जमा कराना। इसमें काफी गड़बड़ी की शिकायत आती थी। मंदिर की आमदनी भी बहुत कम थी। एक वरिष्ठ गोस्वामी का मुझे फोन आए की मैं हर महीने दो दान-पात्र अपने लिए अलग करवा लूं। सुनकर धक्का लगा। लेकिन इसे एक चेतावनी मानकर मैंने एक नई व्यवस्था बनाई। मंदिर के प्रांगण में जहां गुल्लकें (दानपत्र) खोली जाती थीं वहां विडियो कैमरे लगवा दिए और प्रशासनिक अधिकारियों को सतर्कता बरतने के लिए वहां बिठा दिया। परिणाम यह हुआ कि पहले की तुलना में कई गुना ज्यादा दानराशि गुल्लकों से निकली जिसे बैंक में जमा करा दिया गया।

बिहारी जी के मंदिर की व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से मैंने वाजपेई सरकार में केन्द्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री जगमोहन जी को वृन्दावन बुलाया। उन्होंने मेरे साथ बिहारी जी के मंदिर का विस्तृत दौरा किया और अगले ही दिन दिल्ली से एएसआई व सीपीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ अधिका. रियों के मुझे फोन आने लगे कि, 'मंत्री जी ने हमें आदेश दिया है कि आपके जो निर्देश हों, उनके अनुसार मंदिर की व्यवस्था को सुधारने में सहयोग करें।' इससे मंदिर में हलचल मच गई। मुझे कुछ गोस्वामियों के गुमनाम फोन आए, जिन्होंने धमकी दी कि मैं मंदिर की व्यवस्था में कोई बदलाव न करूं। मैंने रमेश बाबा से पूछा कि क्या करूं? वे बोले, ब्राह्मणों के पेट पर लात मारने वाला दीर्घ काल तक 'रौरव नर्क' में फेंक दिया जाता है। तुम यह मत करो। उनका यह रुख देखकर तब मैंने इस दिशा में प्रयास करना बंद कर दिया। किन्तु मंदिर की दैनिक व्यवस्था में जितना सुधार कर सकता था किया। फिर यह सोचकर कि मुझे अपनी ऊर्जा सम्पूर्ण ब्रज के विकास पर लगानी चाहिए, एक मंदिर में उलझकर नहीं रहना चाहिए। इसलिए 22 महीने बाद 2005 में मैंने स्वत: ही बिहारी जी के मंदिर के रिसीवर पद से त्यागपत्र दे दिया। मैं ऋणी हूं बिहारी जी का, संतों का, अपने ब्रजवासी बंधुओं का व बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों का, जिन्होंने इस कार्यकाल में मेरी विनम्र सेवा को स्वीकार किया और सराहा। अगर मंदिर के सभी आदरणीय गोस्वामीगण 2003-05 में मंदिर की व्यवस्थाओं को स्थाई रूप से सुधारने के लिए निष्काम भावना से किए जा रहे मेरे ठोस प्रयासों में सहयोग करते तो कदाचित यह स्थिति न आती।

**मंदिर प्रबंधन की दूसरी चुनौती थी चढ़ावे की राशि का ईमानदारी से आंकलन और उसे बैंक में जमा कराना। इसमें काफी गड़बड़ी की शिकायत आती थी। मंदिर की आमदनी भी बहुत कम थी। एक वरिष्ठ गोस्वामी का मुझे फोन आए की मैं हर महीने दो दान-पात्र अपने लिए अलग करवा लूं। सुनकर धक्का लगा, लेकिन इसे एक चेतावनी मानकर मैंने एक नई व्यवस्था बनाई। मंदिर के प्रांगण में जहां गुल्लकें (दानपत्र) खोली जाती थीं वहां वीडियो कैमरे लगवा दिए और प्रशासनिक अधिकारियों को सतर्कता बरतने के लिए वहां बैठा दिया। परिणाम यह हुआ कि पहले की तुलना में कई गुना ज्यादा दानराशि गुल्लकों से निकली जिसे बैंक में जमा करा दिया गया।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेजॉन जंगलों में बढ़ रहा पारा प्रदूषण

**वन हवा से विषैले प्रदूषकों को हटाकर सिंक के रूप में कार्य करते हैं। यदि इसी तरह कटाई होती रही तो पारा उत्सर्जन बढ़ेगा। पारा प्रदूषण एक बड़ी समस्या है क्योंकि यह वाष्पीकृत हो जाता है और हवा के माध्यम से अपने उत्सर्जन स्रोत से बहुत दूर तक जा सकता है, जिससे हवा, पानी और मिट्टी प्रदूषित होते हैं। मिट्टी पारे का प्राथमिक भंडार है, जिसमें महासागरों में पाए जाने वाले पारे की मात्रा से तीन गुना और वायुमंडल से 150 गुना अधिक पारा संग्रहित होता है। हाल के वर्षों में कोयला दहन को पीछे छोड़कर सोना खनन दुनिया के सबसे बड़े वायुजनित पारा प्रदूषण स्रोत के रूप में उभरा है। इससे प्रति वर्ष एक हजार टन पारा वातावरण में उत्सर्जित होता है। पारा पक्षियों समेत सभी प्राणियों के लिए एक गंभीर खतरा है।**




अमेजॉन के जंगल 1।7 अरब एकड़ में फैले सर्वाधिक जैव विविधता वाले उष्णकटिबंधीय वर्षावन हैं। अमेजॉन क्षेत्र में नौ देशों के क्षेत्र शामिल हैं, ब्राजील (60 प्रतिशत), पेरू (13 प्रतिशत), कोलंबिया (10 प्रतिशत) और वेनेजुएला, इक्वाडोर, बोलीविया (6 प्रतिशत), गुयाना, सूरीनाम और फ्रेंच गुयाना के हिस्से हैं। पेरू के अमेजॉन में नदी में खुदाई करके सोने का खनन होता है। खनिक सोनायुक्त तलछट में पारा मिलाते हैं, जो सोने के साथ अमलगम बना लेता है। अमलगम को उच्च तापमान पर गर्म किया जाता हैय पारा वाष्पित हो जाता है और सोना शेष बच जाता है। इस तरह वाष्पीकृत पारा अमेजॉन में पारा प्रदूषण का मुख्य कारण है।

2011 में, मात्र सोने के खनन के लिए लगभग 1400 टन पारे का उपयोग किया गया था, जो पारे की वैश्विक खपत का 24 प्रतिशत है। अधिकांश पारे का पुनर्चक्रण नहीं किया जाता है, जिससे सोना खनन पर्यावरण के लिए पारा प्रदूषण का सबसे बड़ा स्रोत बन जाता है। पारा एक शक्तिशाली तंत्रिका-विष है जो लोगों और वन्यजीवों दोनों में तंत्रिका सम्बंधी क्षति का कारण बन सकता है। वन्यजीवों में मिथाइल मर्करी की मौजूदगी के संकेत मिले हैं। 12 पक्षी प्रजातियों में कई गुना अधिक पारा पाया गया है। और तो और, 10 में से 7 ब्लैक-स्पॉटेड बेयर आई पक्षियों में पारे की मात्रा उनकी प्रजनन क्षमता को प्रभावित करने के स्तर पर पाई गई।

विश्व स्वास्थ्य संगठन WHO ने पारे को सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता के शीर्ष दस रसायनों में से एक माना है। पारा प्रदूषण वन्यजीवों को खतरे में डाल रहा है, जिससे जगुआर और नदी डॉल्फिन समेत कई मछलियां खतरे में हैं। एक नए अध्ययन के अनुसार, वायुमंडल में प्रतिवर्ष मानव निर्मित पारे के उत्सर्जन का लगभग 10 प्रतिशत वैश्विक वनों की कटाई का परिणाम है। वन हवा से विषैले प्रदूषकों को हटाकर सिंक के रूप में कार्य करते हैं। यदि इसी तरह कटाई होती रही तो पारा उत्सर्जन बढ़ेगा। पारा प्रदूषण एक बड़ी समस्या है क्योंकि यह वाष्पीकृत हो जाता है और हवा के माध्यम से अपने उत्सर्जन स्रोत से बहुत दूर तक जा सकता है, जिससे हवा, पानी और मिट्टी प्रदूषित होते हैं। मिट्टी पारे का प्राथमिक भंडार है, जिसमें महासागरों में पाए जाने वाले पारे की मात्रा से तीन गुना और वायुमंडल से 150 गुना अधिक पारा संग्रहित होता है। हाल के वर्षों में कोयला दहन को पीछे छोड़कर सोना खनन दुनिया के सबसे बड़े वायुजनित पारा प्रदूषण स्रोत के रूप में उभरा है। इससे प्रति वर्ष 1000 टन पारा वातावरण में उत्सर्जित होता है। पारा पक्षियों समेत सभी प्राणियों के लिए एक गंभीर खतरा है। प्रदूषण को कम करने के लिए कदम उठाना जरूरी है। इसके लिए अमेजॉन का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है क्योंकि अमेजॉन वर्षावन पारा सिंक के रूप में विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं। यह वैश्विक भूमि सिंक में लगभग 30 प्रतिशत योगदान देते हैं। अमेजॉन वनों की कटाई को रोकने से पारा प्रदूषण काफी कम किया जा सकता है।

**-सुदर्शन सोलंकी**
**(स्रोत फीचर्स)**

# तकनीक और स्मृतियों का अनूठा संगम है फोटोग्राफी



फोटोग्राफी की दुनिया आज बिल्कुल बदल चुकी है। दरअसल एक जमाना था, जब लोगों को फोटो खिंचवाने के लिए फोटो स्टूडियो तक जाना पड़ता था लेकिन अब छोटे से छोटे तबके के व्यक्तियों के पास भी कैमरे वाले फोन हैं, जिनसे बड़ी आसानी से कहीं भी और कभी भी तस्वीरें खींची जा सकती हैं और उन्हें सहेजकर रखा जा सकता है। यह अलग बात है हर जेब में मोबाइल होने और हर व्यक्ति के फोटोग्राफर बन जाने के बाद भी दुनियाभर में अच्छे फोटोग्राफर कम ही हैं।

दरअसल एक अच्छा फोटो प्राप्त करने की पहली शर्त है आंखों से दिखाई देने वाले दृश्य को कैमरे की मदद से एक फ्रेम में बांधना, प्रकाश, छाया, कैमरे की स्थिति, उचित एक्सपोजर तथा उचित विषय का चुनाव करना इत्यादि। अच्छे फोटो के बारे में पेशेवर फोटोग्राफरों का कहना है कि कैमरे के फ्रेम में क्या लेना है, इससे ज्यादा किसी भी अच्छे फोटोग्राफर को इस बात का ज्ञान होना बेहद जरूरी है कि उसे फ्रेम के बाहर क्या-क्या छोड़ना है। कोई भी फोटो अच्छा क्यों होता है, इस तथ्य का सही ज्ञान ही किसी फोटोग्राफर को सामान्य से विशिष्ट बनाने के लिए पर्याप्त होता है। जब तक किसी फोटो में मानवीय संवेदनाएं नजर नहीं आएंगी, तब तक उसे बेहतर तस्वीर नहीं माना जा सकता। किसी भी फोटो में स्पष्ट दिखने वाली ऐसी ही मानवीय संवेदनाओं के कारण ही प्राय: कहा भी जाता है कि एक फोटो हजार शब्दों के बराबर होता है। इसलिए कोई भी फोटो तकनीकी रूप में कितना ही अच्छा क्यों न हो, वह तब तक सर्वमान्य नहीं हो सकता, जब तक कि वह मानवीय संवेदना को झकझोर न दे। किसी भी उत्पाद के प्रचार के लिए बनाए जाने वाले विज्ञापन को आकर्षक बनाने में भी एक अच्छे फोटोग्राफर का योगदान बहुत बड़ा होता है। फोटोग्राफी के क्षेत्र में लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने, फोटोग्राफी को लेकर विचारों को एक-दूसरे के बीच साझा करने, फोटोग्राफी के क्षेत्र में आने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने तथा विश्वभर के फोटोग्राफरों को एकजुट करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 19 अगस्त को विश्व फोटोग्राफी दिवस मनाया जाता है, जो इस वर्ष 'मेरी पसंदीदा तस्वीर' थीम के साथ मनाया जा रहा है। दरअसल दुनियाभर में फोटोग्राफी के शौकीन ऐसे लोगों की कमी नहीं है, जिन्होंने फोटोग्राफी को ही अपना कैरियर बना लिया है। वास्तव में फोटोग्राफी दिवस उन लोगों को समर्पित है, जिन्होंने विशेष पलों को अपने कैमरे से तस्वीरों में कैद कर उन्हें सदा के लिए यादगार बना दिया। यह दिवस इस क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले ऐसे व्यक्तियों के कार्यों को स्मरण करने के अलावा भावी पीढ़ी को भी फोटोग्राफी में अपना कौशल दिखाने के लिए प्रेरित करता है। विश्व फोटोग्राफी दिवस की योजना की शुरुआत आस्ट्रेलियाई फोटोग्राफर कोर्स्के आरा द्वारा वर्ष 2009 में की गई थी और उसके बाद विश्व फोटोग्राफी दिवस पर 19 अगस्त 2010 को पहली वैश्विक ऑनलाइन फोटो गैलरी का आयोजन किया गया था। उस दिन दुनियाभर के 250 से भी ज्यादा फोटोग्राफरों ने अपनी खींची तस्वीरों के माध्यम से अपने विचारों को साझा किया था और 100 से भी ज्यादा देशों के लोगों ने उस ऑनलाइन फोटो गैलरी को देखा था। इसीलिए वह दिन फोटोग्राफी के शौकीनों और पेशेवर फोटोग्राफरों के लिए एक ऐतिहासिक दिन बन गया था। 'विश्व फोटोग्राफी दिवस' आज से करीब 186 वर्ष पहले फोटोग्राफी को लेकर घटी एक घटना की याद में मनाया जाने लगा। दरअसल जनवरी 1839 में फ्रांस में जोसेफ नीसपोर और लुई डागुएरे ने डॉगोरोटाइप प्रक्रिया के आविष्कार की घोषणा की थी, जिसे दुनिया की पहली 'फोटोग्राफी प्रक्रिया' माना जाता है। फोटोग्राफी शब्द की उत्पत्ति ग्रीक शब्द 'फोटोज' (प्रकाश) और 'ग्राफीन' (खींचने) से मिलकर हुई है। वर्ष 1839 में वैज्ञानिक सर जॉन एफ डब्ल्यू हर्श्रेल ने पहली बार 'फोटोग्राफी' शब्द का उपयोग किया था। फ्रांसीसी वैज्ञानिक आर्गो ने 7 जनवरी 1839 को फ्रैंच अकादमी ऑफ साइंस के लिए इस पर एक प्रोसेस रिपोर्ट तैयार की और फ्रांस सरकार ने यह रिपोर्ट खरीदकर 19 अगस्त 1839 को इस आविष्कार की घोषणा करते हुए इसका पेटेंट प्राप्त कर आम लोगों के लिए इस प्रक्रिया को मुफ्त घोषित किया था। इसीलिए 'विश्व फोटोग्राफी दिवस' मनाने के लिए 19 अगस्त का दिन ही निर्धारित किया गया। अपने आविष्कार के 186 वर्षों लंबे इस सफर में फोटोग्राफी ने अनेक आयाम देखे हैं। सही मायनों में दुनियाभर की खूबसूरती को कैमरे में समेटकर उसे जब चाहें मन भरकर देखने का बेहतरीन जरिया है फोटोग्राफी। वास्तव में हमारे जीवन में फोटो ही ऐसी वस्तु हैं, जो पुरानी यादों को अपने भीतर समेटकर उन्हें बरसों तक जिंदा रखती हैं। मोबाइल कैमरे से ली जाने वाली सेल्फी का तो आज की युवा पीढ़ी पर जुनून सा छाया है लेकिन विश्व की पहली सेल्फी 186 वर्ष पूर्व अर्थात् वर्ष 1839 में ही ली गई थी और यह सेल्फी ली थी अमेरि. कन फोटोग्राफर रॉबर्ट कॉर्नेलियस ने। उन्होंने अपने कैमरे को सैट करने के बाद लेंस कैंप को हटाकर फ्रेम में चलकर फोटो ली थी, जिसे अब सेल्फी कहा जाता है। हालांकि उस समय स्वयं कॉर्नेलियस को भी नहीं पता था कि उनके द्वारा उस अंदाज में खींचा गया वह फोटा भविष्य में सेल्फी के रूप में जाना जाएगा। कॉर्नेलियस द्वारा ली गई सेल्फी वाली वह तस्वीर आज भी यूनाइटेड स्टेट लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस प्रिंट में उपलब्ध है। तकनीकी और वैज्ञानिक सफलता के इस दौर में फोटोग्राफी के क्षेत्र में भी क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं, जिनकी बदौलत अब कैमरे का एक बटन दबाने के बाद चंद पलों या मिनटों में बेहतरीन तस्वीर हमारे हाथ में होती है लेकिन तमाम तकनीकी प्रगति के बावजूद बेहतरीन क्वालिटी के प्रिंटर होने पर भी अच्छा फोटो प्राप्त करने के लिए फोटोग्राफी की कुछ बारीकियों का ज्ञान होना भी बहुत जरूरी है। वैसे फोटोग्राफी के आविष्कार ने मानव जीवन में बहुत क्रांतिकारी भूमिका निभाई है और यह इसी से समझा जा सकता है कि दुनिया के किसी भी कोने में खींचे गए चित्रों के माध्यम से अब पलभर में ही वहां के जनजीवन तथा घटनाओं की जानकारी आसानी से प्राप्त हो जाती है। फोटोग्राफी का अनोखा आविष्कार न केवल दुनियाभर में लोगों को एक-दूसरे के बेहद करीब लेकर आया बल्कि इसी आविष्कार की ही बदौलत एक-दूसरे को जानने और उनकी संस्कृति को समझकर इतिहास को समृद्ध बनाने में भी बड़ी मदद मिली है।

**-योगेश कुमार गोयल**

# यूक्रेन नाटो में शामिल नहीं होगा: ट्रम्प

## क्रीमिया भी वापस नहीं मिलेगा, अमेरिकी अधिकारी बोले: पुतिन यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी देने पर राजी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने साफ कर दिया है कि यूक्रेन को सैन्य गठबंधन नाटो में शामिल नहीं किया जाएगा और न ही उसे 2014 से रूस के कब्जे वाला क्रीमिया वापस मिलेगा। ट्रम्प ने सोमवार को सोशल मीडिया पोस्ट किया कि जेलेंस्की चाहें तो रूस के साथ चल रहा युद्ध तुरंत खत्म हो सकता है। सब कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि जेलेंस्की लड़ाई जारी रखना चाहते हैं या शांति का रास्ता अपनाते हैं।

उन्होंने याद दिलाया कि 12 साल पहले पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबा. मा के दौर में बिना गोली चले क्रीमिया रूस को सौंप दिया गया था और यूक्रेन भी नाटो में शामिल नहीं हुआ। उन्होंने आगे कहा कि कुछ चीजें कभी नहीं बदलतीं। ट्रम्प का यह बयान यूक्रेन की जमीन पर रूस के कब्जे को मान्यता देने से जोड़कर देखा जा रहा है। ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकाफ ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन यूक्रेन को नाटो जैसी सुरक्षा गारंटी देने को तैयार हैं। एक इंटरव्यू में विटकाफ ने बताया कि 15 अगस्त को अलास्का में ट्रम्प के साथ हुई बातचीत में यूक्रेन की



- अमेरिकी राष्ट्रपति बोले: यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की चाहें तो रूस के साथ युद्ध तुरंत समाप्त हो सकते है
- 15 अगस्त को अलास्का में ट्रम्प के साथ हुई बातचीत में यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी पर सहमति बनी: स्टीव

सुरक्षा गारंटी पर सहमति बनी। हालांकि पुतिन ने साफ किया है कि यूक्रेन को नाटो की सदस्यता देने पर रूस कभी राजी नहीं होगा। पुतिन ने इसे रेड लाइन कहा है। विटकाफ के मुताबिक प्रस्तावित डील के तहत अमेरिका और यूरोपीय देश यूक्रेन को नाटो के आर्टिकल-5 जैसी सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराएंगे। बता दें कि आर्टिकल-5 के तहत किसी एक सदस्य देश पर हमला सभी पर हमला माना जाता है। वहीं अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने स्पष्ट कहा है कि अगर यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की चाहें तो रूस के साथ युद्ध तुरंत समाप्त हो सकता है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने 2014 में रूसी संघ में शामिल हुए यूक्रेन के क्रीमिया को वापस लेने या यूक्रेन के नाटो में शामिल होने की संभावना से भी इंकार किया। राष्ट्रपति ट्रम्प की ये टिप्पणियां महत्वपूर्ण हैं क्योंकि ज़ेलेंस्की व्हाइट हाउस में उनके साथ बैठक करने वाले हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच अलास्का शिखर सम्मेलन में यूक्रेन मामले पर बातचीत हुई है। यूक्रेन में शांति की जिम्मेदारी ज़ेलेंस्की पर डालते हुए, राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की चाहें तो युद्ध को तुरंत समाप्त कर सकते हैं या फिर लड़ाई जारी रख सकते हैं। याद कीजिए कि इसकी शुरुआत कैसे हुई थी। ट्रंप ने क्रीमिया को वापस लेने की संभावना से भी इंकार किया। क्रीमिया 2014 में एक जनमत संग्रह के बाद रूसी संघ में शामिल हुआ था लेकिन पश्चिमी देश इसे स्वीकार नहीं करते। क्रीमिया के बारे में ट्रंप ने कहा कि 12 साल पहले पूर्व राष्ट्रपति ओबामा द्वारा दिया गया क्रीमिया वापस नहीं लिया जा सकता है। ट्रंप ने यूक्रेन के नाटो में शामिल होने की संभावना से भी इनकार किया जिसकी मांग यूक्रेनी राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की वर्षों से कर रहे हैं। इससे पहले ज़ेलेंस्की वार्ता में भाग लेने के लिए वाशिंगटन डीसी पहुंचे। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि यूक्रेन यूरोपीय सहयोगियों के समर्थन से अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा गारंटी हासिल कर सकता है। उन्होंने एक्स पर लिखा मैं पहले ही वाशिंगटन पहुंच चुका हूं। कल मैं राष्ट्रपति ट्रम्प से मिलूंगा और यूरोपीय नेताओं के साथ भी बातचीत करूंगा। मैं इस निमंत्रण के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प का आभारी हूं। जेलेंस्की ओवल ऑफिस में ट्रम्प के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे जिसके बाद ट्रम्प और प्रमुख यूरोपीय नेताओं के बीच एक व्यापक बैठक होगी।



लेबनान। इजरायल-लेबनान युद्ध विराम: एक व्यक्ति मारे गए हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह की तस्वीर लेकर जश्न मनाते हुए।

## भारतीय मूल की कृशांगी ब्रिटेन की सबसे युवा सॉलिसिटर बनीं

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल की लॉ ग्रेजुएट कृशांगी मेश्राम इंग्लैंड और वेल्स की सबसे कम उम्र की सालिसिटर बन गई हैं। वह 21 साल की हैं। कृशांगी पश्चिम बंगाल में पली-बढ़ी और फिलहाल यूएई में रह रहीं हैं। उन्होंने 15 साल की उम्र में मिल्टन कीन्स ओपन यूनिवर्सिटी से कानून की पढ़ाई शुरू की। 18 साल में फर्स्ट क्लास आनर्स की डिग्री हासिल कर ली। कृशांगी ने कहा-मैं ओपन यूनिवर्सिटी की बहुत आभारी हूं कि उसने मुझे 15 साल की उम्र में एलएलबी की पढ़ाई शुरू करने का मौका दिया। अपनी पढ़ाई के दौरान ही मैंने न सिर्फ अपने कानूनी करियर की नींव रखी, बल्कि कानून के प्रति एक गहरा और स्थाई जुनून भी मिला।

## संक्षिप्त समाचार

### इक्वाडोर में हुई गोलीबारी में सात लोगों की मौत

**क्विटो।** उत्तर-पश्चिंमी इक्वाडोर के सैंटो डोमिगो डे लॉस त्सचिलास प्रांत में रविवार सुबह हुई गोलीबारी में सात लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रविवार तड़के प्रांत की राजधानी सैंटो डोमिगो में एक बिलियर्ड हॉल में काले कपड़े पहने कई बंदूकधारी पहुंचे और वहां मौजूद लोगों पर गोलीबारी शुरू कर दी। गोलीबारी के बाद स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर दी।

### मनोज कुमार महापात्रा मोल्दोवा में भारत के नए राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विद. ेश सेवा के अधिकारी और रोमानिया में भारत के राजदूत डॉ. मनोज कुमार महापात्रा को मोल्दोवा का भी राजदूत बनाया गया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि रोमानिया में भारत के राजदूत मनोज कुमार महापात्रा को मोल्दोवा में भी देश का राजदूत नियुक्त किया गया है। मंत्रालय ने बताया कि डा. महापात्रा बुखारेस्ट में ही रहेंगे और मोल्दोवा के राजदूत की भी भूमिकास निभाएंगे।

### अलेप्पो में आत्मघाती हमलावर की मौत

**दमिश्क।** सीरिया में अलेप्पो के अल-मयसर जिले में रविवार को एक व्यक्ति ने विस्फोटक बेल्ट में विस्फोट कर खुद को उड़ा दिया। आधिकारिक समाचार एजेंसी सना ने यह जानकारी दी है। एजेंसी ने बताया कि विस्फोट शहर के पूर्व में एक बेकरी के पास हुआ। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में किसी भी नागरिक के हताहत होने की सूचना नहीं है। विस्फोट में मारे गये व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है और अभी तक किसी भी समूह ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है। इस साल सीरिया में बम विस्फोटों की घटनाओं में काफी बढ़ोत्तरी हुई है।

### इंडोनेशिया में भूकंप से 41 लोग घायल दो की हालत गंभीर

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप में आये जोरदार भूकंप में 41 लोग घायल हो गये हैं जिनमें से दो की हालत गंभीर है। मध्य सुलावेसी की क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी (बीपीबीडी) ने सोमवार को यह जानकारी दी।रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता छह मापी गई है। एजेंसी ने बताया कि भूकंप रविवार सुबह आया और इसमें सुनामी की कोई चेतावनी नहीं जारी की गई। यह देश प्रशांत महासागरीय पैसिफ़िक रिंग ऑफ़ फायर के अंतर्गत आता है जो उच्च भूकंपीय क्षेत्र है।

## नाइजीरिया में नाव पलटने से 40 से ज्यादा लोग लापता

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी राज्य सोकोटो में एक नाव के पलटने से 40 से अधिक लोग लापता हो गए। यह जानकारी अधिकारियों ने सोमवार को दी। अधिकारियों के अनुसार, कम से कम 10 लोगों को बचा लिया गया है और लापता 40 लोगों की तलाश के लिए बचाव अभियान जारी है।

राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (एनईएमए) ने दुर्घटना के बाद चल रहे बचाव कार्यों में सहायता के लिए अपनी प्रतिक्रिया टीम तैनात की है। एनईएमए के अनुसार, नाव 50 से अधिक यात्रियों को लेकर गोरोन्यो बाजार जा रही थी तभी यह दुर्घटना हुई। सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक बयान में एनईएमए की महानिदेशक जुबैदा उमर ने कहा कि एजेंसी ने यह रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई शुरू कर दी है कि गोरोन्यो बाजार

- नाव 50 से अधिक यात्रियों को लेकर गोरोन्यो बाजार जा रही थी तभी यह दुर्घटना हुई: एनईएमए

में 50 से अधिक यात्रियों को ले जा रही एक नाव पलट गई है। स्थानीय अधिकारियों का मानना है कि नाव में क्षमता से अधिक लोगों के होने के कारण यह दुर्घटना हुई जो सोकोटो के नदी में बार-बार होने वाला सुरक्षा मुद्दा है जहां नावों में अक्सर क्षमता से अधिक लोग सवार होते हैं। सोकोटो राज्य में यह पहली ऐसी घटना नहीं है। अगस्त 2024 में नदी पार करते समय नाव पलट जाने से 16 किसानों की मौत हो गई थी। एनईएमए स्थानीय प्राधिकारियों के सहयोग से अपने खोज एवं बचाव अभियान जारी रखा हुआ है।

## रूस-मंगोलिया सैन्य अभ्यास साइबेरिया में शुरू

**उलान-उडे।** रूस-मंगोलिया संयुक्त सैन्य अभ्यास सेलेंगा 2025 सोमवार को पूर्वी साइबेरियाई क्षेत्र बुरातिया के बुरदुनी प्रशिक्षण मैदान में एक कार्यक्रम के साथ शुरु हुआ। एक आधिकारिक बयान में कहा गया बुरतिया गणराज्य में पूर्वी सैन्य जिले के बुरदुनी प्रशिक्षण मैदान में संयुक्त रूसी-मंगोलियाई सैन्य अभ्यास सेलेंगा 2025 का शुभारंभ हुआ। रूस के सामरिक समूह के कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल रविल तुकाएव और मंगोलियाई सामरिक समूह के कमांडर मेजर सुउर दावागाम्बो ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। बुरातिया के गवर्नर एलेक्सी त्सिडेनोव भी समारोह में शामिल हुए। रूसी लेफ्टिनेंट जनरल मिखाइल नोसुलेव ने कहा आज, रूसी-मंगोलियाई सैन्य अभ्यास, सेलेंगा 2025, बुरदुनी प्रशिक्षण मैदान में शुरू हो रहा है।

## गाजा में इजरायली हमले में 42 लोगों की मौत

### इजरायल ने विस्थापित लोगों के लिए बने तंबू पर बरसाई गोलियां

**गाजा।** गाजा पट्टी में इजरायली सेना द्वारा किए गए हमलों में रविवार को 42 फलस्तीनी मारे गए। यह जानक. ारी गाजा के नागरिक सुरक्षा ने दी। नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता महमूद बसल ने शिन्हुआ से कहा कि गाजा शहर में बैपटिस्ट अस्पताल के पास इजरायली गोलाबारी में सात लोग मारे गए और शहर के दक्षिण-पूर्व में स्थित जितून में एक घर पर इजरायली गोलाबारी में एक व्यक्ति मारा गया। प्रवक्ता ने कहा कि खान यूनिस के पश्चिम में विस्थापित लोगों के लिए बने एक तंबू पर इजरायली हवाई हमले में चार लोग मारे गए। बसल के अनुसार, खान यूनिस के विभिन्न क्षेत्रों में इजरायली हवाई हमलों में 12 फलस्तीनी मारे गए जबकि मध्य गाजा पट्टी के डेर अल-बलाह शहर में दो अलग-अलग हवाई हमलों में



- 2023 में युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक गाजा में 61944 लोग मारे गए हैं और कुल 155886 लोग घायल हुए
- पिछले 24 घंटे में गाजा के अस्पताल में भुखमरी और कुपोषण से सात मौतें हुई हैं, जिसमें दो बच्चे भी शामिल हैं

तीन लोग मारे गए। प्रवक्ता ने कहा कि मध्य और दक्षिणी गाजा पट्टी में सहायता का इंतज़ार कर 15 फलस्तीनी इज़रायली सेना की गोलीबारी में मारे गए। इन घटनाओं पर इज़रायली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। रविवार को गाजा में स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 18 मार्च को इजरायल द्वारा अपने सैन्य अभियान को फिर से शुरू करने के बाद से कम से कम 10,400 फलस्तीनी मारे गए हैं और 43,845 घायल हुए हैं जबकि अक्टूबर 2023 में युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक गाजा में 61,944 लोग मारे गए है और कुल 155,886 लोग घायल हुए हैं। इस बीच, गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि पिछले 24 घंटों में गाजा के अस्पतालों में भुखमरी और कुपोषण से सात मौतें हुई हैं जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। इसके साथ ही अक्टूबर 2023 तक भुखमरी और कुपोषण से मरने वालों की कुल संख्या 258 हो गई है जिनमें 110 बच्चे शामिल हैं।

## पाक में बाढ़ से तबाही, अब तक 1000 से ज्यादा की मौत

### आधिकारिक आंकड़े केवल अस्पतालों में लाए गए शवों पर आधारित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने बाढ़ ने तबाही मचा रखी है। बाढ़ की वजह से 1000 से ज्यादा लोगों की जान जाने की आशंका जताई जा रही है। प्रधानमंत्री के खैबर पख्तूनख्वा (केपी) मामलों के सूचना समन्वयक इख्तियार वली खान ने हालात पर गंभीर चिंता जताई है।

उन्होंने दावा किया कि खैबर पख्तूनख्वा में हाल ही में आई अचानक आई बाढ़ में लगभग 1,000 लोगों की मौत होने की आशंका है। वली ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया है। बड़े पैमाने पर तबाही देखी है। उन्होंने कहा कि पूरे गांव बर्बाद हो गए हैं। बुनेर के चघरजी इलाके में भारी तबाही हुई है। बशोनी गांव पूरी तरह से नक्शे से गायब हो गया है। बाढ़ के पानी में बहकर आए कुछ पत्थर ट्रकों से भी बड़े थे। नदी किनारे बसे घर गायब हैं। पूरे के पूरे परिवार बह गए हैं। किसी की कोई खोज खबर नहीं है। उन्होंने खुलासा किया कि आधिकारिक आंकड़े केवल अस्पतालों में लाए गए शवों पर आधारित हैं। अब तक लगभग 600 से ज्यादा शव बरामद



- मौतें मूसलाधार मानसूनी बारिश अचानक आई बाढ़ और संबंधित आपदाओं के कारण हुई: एनडीएमए

हुए हैं। हालांकि, कई और हताहतों की सूचना अभी तक नहीं मिली है। उन्होंने आंशका जताई कि अकेले दीर में ही मौतों की संख्या 1,000 से ज्यादा हो सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार एक हजार से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं। पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अनुसार, 26 जून से अब तक पूरे पाकिस्तान में बारिश से संबंधित घटनाओं में 392 पुरुषों सहित कम से कम 657 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 929 अन्य घायल हुए हैं। कुल मृतकों में 171 बच्चे और 94 महिलाएं थीं। घायलों में 437 पुरुष, 256 बच्चे और 236 महिलाएं हैं। एनडीएमए ने बताया कि मौतें मूसलाधार मानसूनी बारिश, अचानक आई बाढ़ और संबंधित आपदाओं के कारण हुईं। उसने यह भी कहा कि वह सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों को तेज करने के लिए प्रांतीय अधिका. रियों के साथ समन्वय कर रहा है। खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है, जहां 390 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 288 पुरुष, 59 बच्चे और 43 महिलाएं शामिल हैं। केपी में 245 लोग घायल भी हुए हैं, जिनमें 161 पुरुष, 45 बच्चे और 39 महिलाएं शामिल हैं। इस बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बाढ़ के कारण हुई दुखद मौतों पर गहरा दुख व्यक्त किया है। महासचिव ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और आपदा से प्रभावित सभी लोगों के साथ एकजुटता जताई।

## भारत चमकती मर्सिडीज, पाक डंपर ट्रक

### पाक मंत्री बोले: अगर ये दोनों टकराए, तो नुकसान किसका होगा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने आर्मी चीफ आसिम मुनीर की तरह भारत को चमकती मर्सिडीज बताया है। दरअसल, 11 अगस्त को अमेरिका दौरे पर पहुंचे मुनीर ने भारत को चमकती मर्सिडीज और पाकिस्तान को रेत से भरा डंपर ट्रक कहा था। उन्होंने कहा: अगर ट्रक कार से टकराएगा, तो नुकसान किसका होगा।

भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के दौरान मुनीर के नेतृत्व की सराहना करते हुए नकवी ने कहा कि आर्मी चीफ ने जंग के दौरान मई में पाकिस्तान का दौरा करने वाले सऊदी डेलिगेशन के सामने पाकिस्तान की ताकत का बखान करने के लिए इसी उदाहरण का इस्तेमाल किया था। साथ ही नकवी ने दावा किया कि संघर्ष में पाकिस्तान ने भारत के 6 जेट को मार गिराया था। उन्होंने कहा कि उनके पास इसकी वीडियो फुटेज



- भारत के छह जेट गिराने का दावा किया

भी है, लेकिन उन्होंने कोई सबूत पेश नहीं किया। नकवी ने यह भी कहा कि हमें पहले से पता था कि भारत क्या योजना बना रहा है और कौन से विमान इस्तेमाल करेगा। नकवी ने दावा किया कि भारत-पाक सैन्य संघर्ष के दौरान भारत का कोई भी मिसाइल पाकिस्तान के किसी बड़े सैन्य अड्डे पर नहीं गिरा। नकवी ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत के एक तेल डिपो को तबाह कर दिया। हालांकि, पाकिस्तान ने अभी तक कोई वीडियो या ठोस सबूत सार्वजनिक नहीं किया है। भारतीय वायुसेना के एयर मार्शल एके भारती ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा था कि भारत ने पाकिस्तान के भीतर चुनिंदा सैन्य ठिकानों पर सटीक और संतुलित हमले किए। भारत ने इन दावों को पहले ही खारिज कर चुका है। सिंगापुर में 31 मई को भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने पाकिस्तान के दावों को पूरी तरह गलत बताया था। भारत ने मैक्सार टेक्नोलाजी की हाई-रेजोल्यूशन सैटेलाइट तस्वीरों से बता चुका है कि पाकिस्तान के कई हवाई अड्डों पर हमले किए गए, जिसमें रनवे, हैंगर और इमारतों को भारी नुकसान हुआ।

## मिस्री ने नेपाल के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** नेपाल की दो दिन की यात्रा पर गये विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने वहां के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल, प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा देउबा से मुलाकात कर विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि मिस्री राय के निमंत्रण पर रविवार को काठमांडू पहुंचे थे। मिस्री ने नेपाल के शीर्ष नेतृत्व को दोनों देशों के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति से अवगत कराया। विदेश सचिव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से केपी शर्मा ओली को पारस्परिक रूप से सुविधाजनक तिथियों पर भारत आने का औपचारिक निमंत्रण सौंपा। दोनों विदेश सचिवों ने व्यापक चर्चा के दौरान विभिन्न द्विपक्षीय पहलों में हुई प्रगति की समीक्षा की और सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा की जिसमें संभावित परिणाम भी शामिल थे जो प्रधानमंत्री ओली की आगामी भारत यात्रा के एजेंडे का हिस्सा बन सकते हैं।

## रूस से तेल खरीदने वाले चीन पर टैरिफ क्यों नहीं लगा

### अमेरिकी विदेश मंत्री ने बताई चौंकाने वाली वजह: चीन रूसी तेल को रिफाइन करके उसे यूरोपीय देशों को बेच रहा

**वाशिंगटन।** रूस से तेल खरीदने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बीते दिनों भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान किया था, जिसके बाद भारत पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है। वहीं चीन को छूट दी गई है।

अब अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने इसकी वजह का खुलासा किया है। मार्को रूबियो ने बताया कि चीन, रूसी तेल को रिफाइन करके उसे यूरोपीय देशों को बेच रहा है। एक इंटरव्यू के दौरान मार्को रूबियो से पूछा गया कि ट्रम्प प्रशासन ने रूस से तेल खरीदने के लिए चीन को टैरिफ से छूट क्यों दी है, जबकि भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया गया



**अगर हम चीन पर प्रतिबंध लगाते हैं, तो इससे वैश्विक तेल कीमतों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा**

है? इस पर रूबियो ने चौंकाने वाला जवाब दिया। रूबियो ने कहा कि अगर आप देखें तो चीन जो कच्चा तेल रूस से खरीद रहा है, वो उसे रिफाइन करके वापस यूरा. ेपीय देशों को बेच रहा है। रूबियो ने कहा अगर हम चीन पर प्रतिबंध लगाते हैं तो इससे वैश्विक तेल कीमतों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा और तेल की कीमतें पूरी दुनिया में बढ़ सकती हैं। रूबियो ने कहा कि चीन पर संभावित प्रतिबंध को लेकर यूरोपीय देशों ने भी निराशा जाहिर की है। मार्को रूबियो ने भारत-पाकिस्तान संघर्षविराम पर भी बात की। उन्होंने कहा कि अमे. रिका हर दिन भारत और पाकिस्तान के बीच हालात पर नजर रख रहा है, क्योंकि दोनों देशों के बीच हुआ संघर्षविराम कभी भी टूट सकता है। उन्होंने कहा कि युद्धविराम तभी संभव होता है जब दोनों पक्ष रुकने पर सहमत हों, लेकिन उसे बनाए रखना बेहद मुश्किल होता है।

### रूस: उत्पादन संयंत्र में लगी आग, 20 की मौत, 134 घायल

**मॉस्को।** मध्य रूस में रियाज़ान ओब्लास्ट के शिलोव्स्की जिले में एक उत्पादन संयंत्र में आग लगने से 20 लोगों की मौत हो गई जबकि 134 अन्य घायल हो गए हैं। क्षेत्रीय परिचालन मुख्यालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक बयान के मुताबिक मॉस्को समयानुसार सुबह 7:00 बजे (04:00 जीएमटी) तक आग में झुलसने के कारण 20 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी थी। घायलों में से 31 का रियाज़ान और मॉस्को के अस्पतालों में इलाज चल रहा है जबकि 103 अन्य का बाह्य रोग उपचार चल रहा है।


यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108